CMYK

अधिकतम :32° C
न्यूनतम: 25° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, शनिवार 28 जून 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 213 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



छोटे उद्योग अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभः राष्ट्रपति मुर्मू पेज 2



आईसीसी ने क्रिकेट के छह नियमों में किए बदलाव खेल टाइम्स




वो आपातकाल था तो ये क्या है... संपादकीय



ईरान को 2.5 लाख करोड़ देने की तैयारी में अमेरिका पेज 12

# डोनाल्ड ट्रम्प के दोहरे मुखोटे से कई देश दुखी

## अमेरिकी राष्ट्रपति का दावाः चीन से बड़ा समझौता भारत से होगा

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि व्हाइट हाउस ने एक दिन पहले चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और आने वाले दिनों में भारत के साथ इससे भी बड़ा एक और समझौता हो सकता है।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने ब्लूमबर्ग टीवी को बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। हालांकि उन्होंने और श्री ट्रम्प ने इस समझौते के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। श्री ट्रम्प ने गुरुवार देर रात कहा कि हमने अभी-अभी चीन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कदम मई के शुरू में जिनेवा में अमेरिका-चीन वार्ता के बाद उठाया गया है, जिसके कारण दोनों पक्षों ने बड़े पैमाने पर टैरिफ बढ़ोतरी को स्थगित कर दिया था। इसकी वजह से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बहुत नुकसान पहुंच रहा था और दोनों देशों के बीच व्यापार प्रभावित हो रहा था। श्री लुटनिक ने कहा कि राष्ट्रपति इन समझौतों को खुद ही पूरा करना पसंद करते हैं। वे समझौता करने वाले हैं। हम एक के बाद एक समझौता करने जा रहे हैं। श्री ट्रम्प ने आगे कहा कि अमेरिका जल्द ही भारत के साथ बहुत बड़ा समझौता कर सकता है, हालांकि उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया है।



### कृषि सेक्टर में अमेरिका को ज्यादा मार्केट एक्सेस नहीं देना चाहता भारत

**नई दिल्ली।** भारत नहीं चाहता कि अमेरिकी मांगों जैसे- कृषि और ऑटोमोबाइल सेक्टर को भारतीय मार्केट में ज्यादा जगह मिले, क्योंकि इससे घरेलू कारोबारियों को नुकसान हो सकता है। भारत चाहता है कि डील दोनों देशों के लिए ज्यादा से ज्यादा बैलेंस्ड हो। सूत्रों का कहना है कि कृषि उत्पादों, खासकर मक्का और सोयाबीन पर टैरिफ में छूट की अमेरिकी मांग डील को अटकने वाला मुद्दा बन गया है। खबर है कि भारत अमेरिकी कृषि में प्रचलित जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलों के लिए अपने बाजार को खोलने के मामले में सावधानी बरत रहा है।



# जज होना नौ से पांच की नौकरी नहीं: सीजेआई

**नागपुर, वार्ता**

- एक जज अकेले काम नहीं कर सकता है
- यह देश की सेवा, लेकिन कठिन काम
- कॉलेजियम पर कहा- जाति और धर्म चयन के मानदंड नहीं

**सुप्रीम कोर्ट** के चीफ जस्टिस बीआर गवई का कहना है कि एक जज अकेले काम नहीं कर सकता है। जज होना नौ से पांच की नौकरी नहीं है। यह राष्ट्र की सेवा है, लेकिन यह एक कठिन काम भी है।

सीजेआई गवई छत्रपति संभाजी नगर में बॉम्बे हाईकोर्ट, औरंगाबाद बेंच की एडवोकेट यूनियन की तरफ से रखे गए अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को सभी जजों के सर्वोच्च न्यायालय के रूप में काम करना चाहिए, न कि केवल भारत के मुख्य न्यायाधीश के, इसलिए सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाने चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि वे महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बॉम्बे हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने की मांग का समर्थन करते हैं। न्याय हर नागरिक को हर कोने में उपलब्ध होना चाहिए। बॉम्बे हाईकोर्ट में वर्तमान में मुंबई की मेन बेंच के अलावा गोवा, औरंगाबाद और नागपुर में सर्किट बेंच हैं। जस्टिस गवई ने कहा कि एक जज को समाज में घुलना-मिलना चाहिए। इससे समाज की समस्याओं व प्रश्नों को समझा जा सकता है और न्याय के माध्यम से उनका समाधान किया जा सकता है। सीजेआई ने कहा कि जब भी हाईकोर्ट की कोल्हापुर बेंच की मांग की गई है, मैंने समर्थन किया। औरंगाबाद बेंच का उदाहरण दिया है। औरंगाबाद बेंच में बॉम्बे बेंच की तुलना में ज्यादा मामले दायर किए जाते हैं। हर सुनवाई के लिए हर किसी के लिए बॉम्बे आना आर्थिक रूप से संभव नहीं है। हर नागरिक को हर कोने में बिना ज्यादा समय और पैसा खर्च किए न्याय मिलना चाहिए।



### ब्रिटेन का फाइटर जेट एफ-35बी भारत में ही ठीक होगा

**तिरुअनंतपुरम।** ब्रिटिश रॉयल नेवी का फाइटर जेट एफ-35 अब भारत में ठीक होगा। इसके लिए ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम और 2 टो व्हीकल आएंगी। टीम फाइटर जेट में आ रही टेक्निकल प्रॉब्लम को ठीक करेगी, जिसके बाद यह ब्रिटेन के लिए उड़ान भरेगा। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 13 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है। 918 करोड़ रुपये का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनिया भर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है।

### विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ यात्रा का शुभारंभ

**पुरी।** ओडिशा में पुरी स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर के पीठासीन देवताओं, भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा का नौ दिवसीय प्रवास शुक्रवार सुबह 'हरिबोल' और 'जय जगन्नाथ' के जयघोष और मंदिर नगरी में मंजीरों की लयबद्ध झंकार के बीच शुरू हुआ। दुनियाभर में विख्यात इस वार्षिक रथ यात्रा देखने के लिए लाखों श्रद्धालु इस तीर्थ नगरी में आए हुए हैं। वे 12वीं शताब्दी के मंदिर के 'लायंस गेट' से गुंडिचा मंदिर तक फैले तीन किलोमीटर लंबे 'बड़ा डांडा' (विशाल मार्ग) ग्रैंड रोड पर एकत्रित हुए।

### जगन्नाथ रथयात्रा में डीजे की आवाज से हाथी हुआ बेकाबू

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक हाथी बेकाबू हो गया और 100 मीटर तक भागा। इसके बाद रथ यात्रा में भगदड़ सी मच गई। लोग इधर-उधर भागते दिखे। बेकाबू हुआ हाथी 17 हाथियों के ग्रुप में सबसे आगे चल रहा था। जानकारी के मुताबिक, हाथी डीजे और सीटी की आवाज से बेकाबू हुआ था। हाथी को वन विभाग के अमले ने दो मादा हाथियों की मदद से काबू में किया। इसके बाद उसे और दोनों मादा हाथियों को जुलूस से हटा दिया गया। बाकी यात्रा में 14 हाथी शामिल हुए।

### महादेश्वर हिल्स में बाघिन और चार शावकों की मौत

**चामराजनगर।** कर्नाटक के माले महादेश्वर हिल्स वन्यजीव अभयारण्य में एक मादा बाघ और उसके चार शावकों की मौत से वन्यजीव प्रेमी काफी आहत हुए हैं। वन मंत्री ईश्वर खांदरे ने इन मौतों की पुष्टि करते हुए इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने गुरुवार को एक बयान में कहा कि हम इस घटना से स्तब्ध और दुखी हैं। माले महादेश्वर हिल्स में एक बाघिन और चार शावकों की मौत हो गई है। मैंने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इनकी मौत के कारणों का पता लगाने के लिए वन्यजीव प्रोटोकॉल के अनुसार पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# पंजाब में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

**मोहाली, वार्ता**

- एसएसओसी ने आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा के तीन सदस्य किए गिरफ्तार

**पंजाब में** मोहाली स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी मॉड्यूल का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह हैं। दोनों अमृतसर ग्रामीण के रामदास के निवासी हैं। इसके अलावा एक किशोर को भी पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से दो हैंड ग्रेनेड, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस गिरफ्तारी के साथ एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है जिससे कई निर्दोष लोगों की जान बच गई है। डीजीपी ने कहा कि इस मॉड्यूल को ब्रिटेन में रह रहे निशान सिंह और पाकिस्तान में रह रहे आतंकवादी हरविंदर रिंदा संचालित कर रहे थे। यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। इस संबंध में थाना एसएसओसी मोहाली में भारतीय न्याय संहिता और विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच जारी है तथा कुछ और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

### गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और उनके बॉडीगार्ड की गोली मारकर हत्या

**बटाला।** पंजाब के बटाला में गुरुवार देर रात को कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां हरजीत कौर और उसके बॉडीगार्ड करणवीर की दो अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात देर रात बटाला के कादियां टोल बैरियर के पास हुई। जानकारी के अनुसार, करणवीर सिंह और हरजीत कौर स्कॉर्पियो में जा रहे थे। तभी बाइक पर आए हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। हत्या की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गोली लगने से करणवीर सिंह की घटना स्थल मौत हो गई, जबकि हरजीत कौर गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें बटाला से अमृतसर रेफर किया गया, जहां उन्होंने भी दम तोड़ दिया। मरने वाला बॉडीगार्ड करणवीर सिंह जग्गू के मामा का बेटा बताया जा रहा है।

# चीन सीमा पर स्थायी शांति के लिए जटिल मुद्दों का समाधान जरूरी: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, वार्ता**

**रक्षा मंत्री राजनाथ** सिंह ने चीन सीमा पर स्थायी शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने तथा तनाव कम करने के लिए सुव्यवस्थित तंत्र के माध्यम से लंबित जटिल मुद्दों को सुलझाने की जरूरत पर बल दिया है।

श्री सिंह ने चीन के किंगदाओं में गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ द्विपक्षीय बैठक में स्थापित व्यवस्था को पुन: सक्रिय कर सीमा विवादों के स्थायी समाधान पर बल दिया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने भारत-चीन सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर गहन विचार-विमर्श किया।



### राजनाथ ने की रूसी समकक्ष के साथ एस-400 प्रणाली और सुखोई-30 के उन्नयन पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद रूस के अपने समकक्ष के साथ पहली महत्वपूर्ण बैठक में वायु सेना के बेड़े के प्रमुख लड़ाकू विमान सुखोई -30 के उन्नयन, वायु रक्षा प्रणाली एस-400 और मिसाइलों तथा अन्य महत्वपूर्ण साजो-सामान की खरीद तथा आपूर्ति के बारे में गहन विचार विमर्श किया।

### केदारनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड, यात्री फंसे

**नई दिल्ली।** देश में दिल्ली को छोड़कर सभी राज्यों में बारिश हो रही है। अब तक सामान्य से 12.3 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। 26 जून तक देश में सामान्य रूप से 134.3 मिमी होनी चाहिए थी, लेकिन 146.6 एमएम हो चुकी है। उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते केदारनाथ हाईवे एक बार फिर मुनकटिया इलाके में लैंडस्लाइड के कारण बंद हो गया है। रास्ते पर लगातार पत्थर और मलबा गिर रहा है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं और यात्रियों को जंगल के वैकल्पिक रास्तों से सुरक्षित निकाल रही हैं। इस बीच देश में बारिश के चलते मौतों का आकड़ा भी बढ़ने लगा है। हिमाचल के कुल्लू जिले में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 7 से ज्यादा लापता हैं।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश: जांच टीम में यूएन अफसर शामिल नहीं होगा

**अहमदाबाद, वार्ता**

- सरकार ने संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव ठुकराया, ब्लैक बॉक्स का डेटा रिकवर हुआ
- जांच एजेंसी ब्लैक बॉक्स से रिकवर हुए डेटा का विश्लेषण करेगी

**अहमदाबाद में** 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान क्रैश की जांच टीम में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अधिकारी को शामिल नहीं किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र की विमानन एजेंसी आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन) ने भारत सरकार को अपने एक अधिकारी की मदद देने की पेशकश की थी। यह अधिकारी पहले से ही भारत में मौजूद था, लेकिन भारतीय अधिकारियों ने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। इंडिया टुडे ने रिपोर्ट्स के हवाले से ये खबर दी है। वहीं, हादसे के बाद प्लेन का ब्लैक बॉक्स के डेटा को रिकवर कर लिया गया है। गुरुवार को सरकार ने बताया कि इसका डेटा डाउनलोड हो गया है। अहमदाबाद में हादसे में 241 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक यात्री की जान बच गई थी। वहीं, इस घटना में कुल 270 लोग मारे गए थे। अहमदाबाद प्लेन हादसा में जान गंवाने वाले 251 मृतकों की डीएनए से पहचान हो चुकी है। 245 मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। आईसीएओ आमतौर पर तब जांच में शामिल होता है जब किसी देश की तरफ से मदद मांगी जाती है। जैसे 2014 में मलेशियन विमान के गिरने और 2020 में यूक्रेनी विमान हादसे में। लेकिन इस बार आईसीएओ ने खुद पहल की थी। भारत की एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इनवेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) इस हादसे की जांच कर रही है, लेकिन एएआईबी ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की। आईसीएओ की तरफ से भी अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हादसे के बाद प्लेन का ब्लैक बॉक्स के डेटा को रिकवर कर लिया गया है। गुरुवार को सरकार ने बताया कि इसका डेटा डाउनलोड हो गया है। मेमोरी मॉड्यूल का एक्सेस भी मिल गया है। अब जांच एजेंसी ब्लैक बॉक्स से रिकवर हुए डेटा का विश्लेषण (एनालिसिस) करेगी। इससे हादसे के कारणों का पता चलेगा। इससे पहले 24 जून को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया था कि ब्लैक बॉक्स को जांच के लिए विदेश नहीं भेजा जा रहा। इसकी जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) कर रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार, क्रैश प्लेन से दो ब्लैक बॉक्स (सीवीआर और डीएफडीआर) सेट मिले हैं। इनमें हादसे के समय पायलटों की बातचीत और विमान की तकनीकी जानकारी का रिकॉर्ड मिलेगा। पहला सेट 13 जून को और दूसरा 16 जून को बरामद किया गया।



# रिहाई में देरी पर उप्र को देना पड़ा 5 लाख मुआवजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- कोर्ट ने मुआवजा राशि प्राप्त होने की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के जमानती आदेश का पालन करने में करीब एक माह की देरी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को पांच लाख रुपये का मुआवजा देना पड़ा।

न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ के समक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अदालती आदेश का पालन करते हुए संबंधित पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा दे दिया गया है। अदालत के समक्ष पीड़ित व्यक्ति के अधिवक्ता ने उक्त मुआवजा राशि प्राप्त होने की पुष्टि की। शीर्ष अदालत ने आरोपी व्यक्ति को जेल से रिहा करने में करीब एक माह की देरी के लिए 25 जून को उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई थी और इसके लिए उसे पांच लाख रुपये का मुआवजा संबंधित पीड़ित व्यक्ति को देने का आदेश दिया था। साथ ही, राज्य सरकार से इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने आरोपी को 29 अप्रैल को जमानत दे दी थी, लेकिन उसे गाजियाबाद जिला जेल से 24 जून को रिहा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश आम महोत्सव चार जुलाई से लखनऊ में

**लखनऊ( ब्यूरो )।** आम के उत्पादन, निर्यात, प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किए जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन चार से छह जुलाई के बीच लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में किया जाएगा। प्रदेश के कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने यहां पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आम के उत्पादन में देश में अगृणी राज्य है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की बागवानी की गई, जो देश कुल क्षेत्रफल का 13.5 प्रतिशत है। इसी प्रकार प्रदेश में 61.46 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ, जो देश कुल उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है। सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, अमरोहा, बारा. बंकी, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी आदि आम उत्पादन वाले प्रमुख जिले है।

### जम्मू-कश्मीर के दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में करेंगे वापसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) से जुड़े दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में वापसी करने जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, पूर्व मंत्री ताज मोहि. उद्दीन और गुलाम मोहम्मद सरूरी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सैयद नसीर हुसैन, जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आज औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल होंगे। उन्होंने अगस्त 2022 में कांग्रेस छोड़ी थी और आजाद की नव गठित पार्टी डीपीएपी में शामिल हो गए। उन्होंने पिछले साल पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

# भाजपा-आरएसएस की सोच संविधान विरोधीः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी-भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ-आरएसएस की विचारधारा संविधान विरोधी है, इसलिए बार बार नए संविधान की मांग की जाती रही है, लेकिन अब इसी विचारधारा के लोगों ने सीधा हमला करते हुए संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाने की मांग शुरु कर दी है।

कांग्रेस ने कहा कि भाजपा आरएसएस की संविधान विरोधी सोच अब खुलकर सामने आ गई है इसलिए आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने संविधान की प्रस्तावना में बदलाव करने की मांग की है। होसबोले का कहना है कि संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' व 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाया जाए। पार्टी ने कहा कि यह

**■ कांग्रेस इनके मंसूबों को नहीं होने देगी कामयाब**

बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने की साजिश है और आरएसएस भाजपा हमेशा यही साजिश करती रही है।

जब संविधान लागू हुआ था, तो आरएसएस ने इसका विरोध करते हुए संविधान को जलाया था। अब एक बार फिर वे साजिश करने में जुट गए हैं, लेकिन कांग्रेस किसी कीमत इनके मनसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आरएसएस ने कभी भी भारत के संविधान को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। उसने 30 नवंबर 1949 से ही डा. अंबेडकर, नेहरू और संविधान निर्माण से जुड़े अन्य लोगों पर हमले किए।

# कुछ लोग बिगाड़ रहे यूपी का अमन-चैनः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी के इटावा में कथावाचकों के साथ हुई अभद्रता पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कुछ लोग यूपी का अमन चैन बिगाड़ रहे हैं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि भाजपा अपने सेट किए हुए प्लांटेड लोगों के उपनाम का दुरुपयोग करके उप्र के पड़ोसी राज्यों से लोगों को लाकर, समाज को बांटनेवाली जो घुसपैठिया राजनीति प्रदेश में कर रही है, उसका सच बच्चा-बच्चा जानता है। उप्र का समाज कुछ नकारात्मक लोगों की गलतियों से बंटेगा नहीं, बल्कि और भी मजबूत होगा। उन्होंने लिखा कि आज क्या उप्र में एक भी ऐसा भाजपाई नहीं है,



**■ इटावा कथावाचक कांड पर सपा मुखिया फिर गरजे**

जिस पर दिल्ली वाले भरोसा कर सकें? शायद ऐसा ही है तभी तो वो बाहर से लोगों को लाकर षड्यंत्र की नई बिसात बिछा रहे हैं। सच तो ये है कि ये लखनऊ वालों के लिए एक ताल ठोंकती चुनौती है कि उप्र को अस्थिर करने के लिए उप्र की सीमा पार से लोग बार बार अंदर आ रहे हैं और प्रदेश का अमन-चैन बिगाड़ कर आराम से वापस चले जा रहे हैं।

उप्र की भाजपा सरकार क्या अब अपने प्रदेश की सीमाएं किसी भी अराजक तत्व के लिए खोल देगी। सपा चीफ ने लिखा कि अगर ऐसा है तो उप्र की भाजपा सरकार खुलकर घोषणा कर दे या फिर उन अराजकतावादी तत्वों के खिलाफ एफआईआर करके तुरंत अपनी पुलिस भेजकर गिरफ्तार करवाए। अगर ये नहीं हुआ, तो कल को उप्र की भाजपा सरकार को ठेंगा दिखाते हुए ऐसे और लोग भी आएंगे और उप्र की जनता मान लेगी कि भाजपा सरकार उप्र में कागजी सरकार बनकर रह गई है, न उसके पास कोई नेतृत्व है और न ही उप्र की कानून-व्यवस्था और यहां कि शांति के लिए कोई प्रतिबद्धता।

### इटावाः हिंसक उपद्रव कांड में गगन यादव समेत 21 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में कथावाचकों के अपमान के मुद्दे पर दादरपुर गांव में हुए उपद्रव के जिम्मेदार अहीर रेजीमेंट के अध्यक्ष गगन यादव समेत 21 के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इटावा जिले के बकेवर थाने में यह मुकदमा दर्ज किया गया है, मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद पुलिस पूरे प्रकरण को लेकर के गहन जांच करने में जुटी हुई है। गगन यादव के 19 उपद्रवी समर्थक गिरफ्तार भी कर लिए गए है,13 वाहनों को जब्त किया गया है,सभी वाहनों को मोटर एक्ट अधि. नियम में कार्यवाही की गई है। गगन यादव के उपद्रवी सभी समर्थकों को जेल भेज दिया गया है।

## 2017 से पहले यूपी था असुरक्षितः योगी

# युवाओं की प्रतिभा को बनाएंगे प्लेटफॉर्म

**लखनऊ, वार्ता**

इटावा कथावाचक कांड पर सपा की ओर से लगाए जा रहे गंभीर आरोप के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। सीएम ने बिना नाम लिए सपा पर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले का यूपी दंगों के रूप में,माफिया , गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारियों के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था। जातीय संघर्ष कराकर , परिवारवाद के नाम पर एक जनपद-एक माफिया देना ही पिछली सरकारों की उपलब्धि रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केवल अपने परिवार के लिए काम करती थीं, पिछली सरकारें, एक जिला एक माफिया देने का काम किया था।

एमएसएमई कार्यक्रम में सीएम योगी उत्तर प्रदेश के हर



**■ इटावा कथावाचक कांड पर सियासत के बीच सीएम का बड़ा बयान**
**■ हमारे सामने जाति नहीं, प्रतिभा रखती है मायने**
**■ यूपी का निर्यात आज दो लाख करोड़ तक पहुंच गया**

युवा की प्रतिभा और उसकी ऊर्जा का लाभ हम उत्तर प्रदेश के विकास में लगाना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना चाहते हैं, इसलिए हमारे लिए जाति मायने नहीं रखती, हमारे लिए तो उसकी प्रतिभा को एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने की है और सीएम युवा स्कीम उसी का हिस्सा है। सीएम ने विश्व एमएसएमई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई नई पहल का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए युवाओं की जाति नहीं, उनकी प्रतिभा मायने रखती है।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से फुरसत नहीं थी, युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा किया गया। उन्होंने कहा कि यूपी का निर्यात आज दो लाख करोड़ तक पहुंच गया है। प्रति व्यक्ति आय भी 46 हजार से बढ़कर 1 लाख 20 हजार पहुंची है। डबल इंजन सरकार में यूपी की जीडीपी 12 लाख 75 हजार करोड़ से बढ़कर 31 लाख करोड़ रुपये हुई। जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव को समाप्त कर डबल इंजन सरकार ने सभी को समान अवसर प्रदान किए।

### अब बायोमीट्रिक हाजिरी लगाने पर ही होगी शादी

**लखनऊ।** कमजोर वर्ग की बेटियों को विवाह में सहयोग देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को योगी सरकार ने और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनहितकारी रूप दे दिया है। इस योजना के अंतर्गत इस वर्ष एक लाख से अधिक जोड़ों के विवाह कराने का लक्ष्य तय किया है। इस योजना को सख्त निगरानी और तकनीकी माध्यम से जोड़ते हुए लाभार्थियों तक पहुंचाने की व्यापक रणनीति बनाई गई है। इसके साथ ही बायोमीट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना में वित्तीय सहायता राशि को दोगुना किए जाने के बाद अब इस योजना की निगरानी व्यवस्था को भी और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 से हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च कर रही है। मुख्यमंत्री ने कई बार कहा है कि यह योजना सिर्फ विवाह कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान, पारदर्शिता और जरूरतमंदों को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि सरकार ने जनपदों में आब्जर्वर तैनात करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक जिले के समाज कल्याण अधिकारी को दूसरे जिले में आब्जर्वर के रूप में भेजा जाएगा।

# अमृत काल में विदेश भेजने के नाम पर रूसी सेना में भर्तीः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अमृत काल' में विदेश भेजने के नाम पर जमकर धंधा चल रहा है और देश के युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल कर उन्हें धोखे से यूक्रेन से लड़ने के लिए रूसी सेना में भर्ती कराया जा रहा है।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष तथा पार्टी के लोकसभा सांसद अमर. रंदर सिंह राजा बरार ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी के 'अमृत काल' में जिस तरह के काम हो रहे है, वह बेहद चिंताजनक है। उनका कहना था कि देश के युवाओं को विदेश जाने के नाम पर बहला फुसला कर उनसे मोटी रकम ऐंठी जा रही है और उन्हें धोखे से रूस भेजकर सेना में भर्ती कर सीधे युद्ध के मैदान में भेजा जा रहा है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस दौरान जगदीप और खुशबू यादव का

**■ युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल की**

परिचय कराते हुए कहा कि इन दोनों के भाई लोग डेढ़ साल से रूस में लापता हैं। उनका कहना था कि दिसम्बर 2023 को 126 लोग एजेंट के माध्यम से विदेश गए थे। वे लोग सिंगापुर, मलेशिया और इटली जाना चाहते थे, लेकिन उनको मॉस्को भेज दिया गया। जगदीप के अनुसार एजेंट के माध्यम से पांच लोग मॉस्को गए थे और इसके बदले उनसे 35 लाख 40 हजार रुपए दिए लेकिन उन्हें इटली भेजने की बजाय मॉस्को भेज दिया गया। उसके बाद मॉस्को की सरकार ने इन लोगों को सेना में भर्ती करा दिया और 15 दिन की ट्रेनिंग देकर उन्हें मशीन गन पकड़ा दी गई। उन्होंने कहा कि इन 126 लोगों में 14 लोग लापता हैं, जिनमें से करीब 100 लोग वापस आ गए हैं, क्योंकि कुछ लोगों को गोली लग गई।



**सेंसेक्स** 84058.90
**निफ्टी** 25637.80



**सोना रु.** 98040
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 107900
प्रति किलो



# अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेत से चढ़ा बजार

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेतों से यूरोपीय बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस, पावर और सर्विसेज समेत 16 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज लगातार चौथे दिन मजबूती रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 303.03 अंक की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर और 84 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 84058.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले यह 01 अक्टूबर 2024 को 84,266.29 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.80 अंक



की बढ़ोतरी लेकर 25637.80 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.38 प्रतिशत मजबूत होकर 46,541.25 अंक और स्मॉलकैप 0. 54 प्रतिशत उछलकर 54,249.40 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4165 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2251 में लिवाली जबकि 1760 में बिकवाली हुई, वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए राखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1681 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 76 में टिकाव रहा। बीएसई के 16 समूहों में तेजी का रुख रहा। कमोडिटीज 1.11, ऊर्जा 1.10, एफएमसीजी 0.14, वित्तीय सेवाएं 0. 35, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 0. 54, दूरसंचार 0.90, यूटिलिटीज 0. 99, ऑटो 0.30, बैंकिंग 0.39, कैपिटल गुड्स 0.83, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.40, धातु 0.37, तेल एवं गैस 1.21, पावर 1.14 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.17 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.45, जर्मनी का डैक्स 0.71 और जापान का निक्केई 1.43 प्रतिशत उछल गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 0.17 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.70 प्रतिशत लुढ़क गया।

## दिल्ली से पटना तक सस्ता हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में शुक्रवार को भी भारी गिरावट रही। प्रति 10 ग्राम सोने और प्रति 1 किलोग्राम चांदी के रेट में कमी देखी गई है। शुक्रवार को 24 कैरेट सोने का रेट 98,950 रुपये की जगह 98,940 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। 22 कैरेट सोने का रेट 90,700 रुपये की जगह 90,690 रुपये प्रति 10 ग्राम है। प्रति 1 किलोग्राम चांदी की कीमत में 100 रुपये की गिरावट आई है। ऐसे में चांदी1,08,000 रुपये की जगह 1,07,900 रुपये बिकी। देश के बड़े चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,090 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,840 रुपये रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,690 रुपये है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,690 रुपये है, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,690 रुपये रही। चांदी की बात करें तो राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमत 1,07,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है, जबकि मुंबई में चांदी की कीमत 1,07,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है। वहीं कोलकाता में चांदी की कीमत 1,07,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है, जबकि चेन्नई में चांदी की कीमत 1,17,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 53 रिंगिट बढ़कर 3992 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की तेजी के साथ 52.67 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।



गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए और दाल चना 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5700-5800, दाल चना 6700- 6800, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9200-9300, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17033 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14102 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# रसायनों का छठा सबसे बड़ा उत्पादक है भारत

**तिरुवनंतपुरम।** भारत वैश्विक स्तर पर छठा सबसे बड़ा रसायन उत्पादक है, जिसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत योगदान है।

कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान की वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए सीएसआईआर-एनआईआईएसटी के निदेशक डॉ. सी. आनंदधर्मकृष्णन ने इस क्षेत्र में नवाचार को गति देने के लिए जलवायु-स्मार्ट, कम कार्बन रसायन विज्ञान और एआई और स्वचालन जैसी प्रौद्योगिकियों के एकीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संस्थान के रासायनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रभाग (सीएसटीडी) द्वारा आयोजित कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान में प्रगति पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एओएमसी-2025) का उद्घाटन करते हुए यह बात कही, जो वैज्ञानिक उत्कृष्टता के 50 वर्षों के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती कॉन्क्लेव श्रृंखला का हिस्सा है। दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य अग्रणी वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और युवा शोधकर्ताओं को एक साथ लाना है, ताकि वे कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान के क्षेत्र में हालिया प्रगति और उभरते रुझानों पर चर्चा कर सकें। भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र के विकास पर विचार करते हुए आईआईएससी बैंगलोर के प्रोफेसर और सीएसआईआर-सीडीआरआई के पूर्व निदेशक प्रोफेसर टीके चक्रवर्ती ने युवा पीढ़ी को आज उपलब्ध उपकरणों और बुनियादी ढांचे का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 697.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट होने से 20 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.02 अरब डॉलर कम होकर 697.स9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 698.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 20 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 35.7 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 589.1 अरब डॉलर पर आ गई।

# छोटे उद्योग अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तम्भ

## अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस समारोह के उद्घाटन पर बोलीं राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छोटे उद्योगों को भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ करार देते हुए कहा है कि ए रोजगार सृजन के साथ साथ सामाजिक समावेशन को भी बढ़ाते हैं।

मुर्मू ने शुक्रवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 2025 के समारोह का उद्घाटन करने के बाद कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग न केवल देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर नवाचार को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग महिलाओं, युवाओं, ग्रामीण क्षेत्रों तथा वंचितों को



रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर सामाजिक समावेशन को भी बढ़ाते हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी, राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार के साथ-साथ मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। आंकड़ों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि छोटे उद्योगों का देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत, विनिर्माण में 36 प्रतिशत और निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान रहा है। यह क्षेत्र कृषि के बाद रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है। इस क्षेत्र से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। इस तरह यह क्षेत्र कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण और विकास के विकेन्द्रीकरण से समावेशी विकास में मदद करते हैं। छोटे उद्योग क्षेत्र देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों के समक्ष वित्त की समस्या के साथ साथ बघी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा, अत्याधुनिक तकनीक की कमी, कच्चे माल और कुशल मानवश्रम की कमी, सीमित बाजार और भुगतान में देरी की दिक्कतें हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों को इन चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए सरकार ने कुछ नीतिगत बदलाव किए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कालीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गमगीन माहौल में मोहर्रम का पहला जुलूस

## फिजा में गूंजी या हुसैन की सदाएं, अजाखानो में मजलिसों का सिलसिला जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। अंजुमन यादगारे हुसैनी के संयोजन में बस्ती में पहली मोहर्रम का मातमी जुलूस बेहद गमगीन माहौल में बरामद हुआ। नंगे सिर, नंगे पैर जुलूस में शामिल अजादरों ने मातम बरपा करते हुए बीबी फात्मा जहरा को लख्ते जिगर इमाम हुसैन की शहादत का पुरसा दिया। फिजा में देर रात तक या हुसैन-या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। वहीं, इमामबाड़ों में मजलिसों का सिलसिला भी जारी रहा।

शुक्रवार दोपहर बस्ती के मोहल्ला शाह फरीद स्थित इमाम बारगाह असगर हुसैन से पुरानी रिवायत के मुताबिक पहली मोहर्रम का जुलूस बरामद हुआ। मौलाना हसन इमाम ने अपनी तकरीर में इमाम हुसैन की सीरत को अपनाकर जिंदगी गुजारने की सीख देखते हुए कर्बला का वाक्या बयान किया। इल्म हासिल करने पर जोर देते हुए उन्होंने नेक रास्ते पर चलने की ताकीद की। जुलूस में जुलजनाह के साथ मर्सिया ख्वान शजर अब्बास व हमनवां मिर्जा दबीर का मशहूर मर्सिया घर से जब बहरे सफर सय्यदे आलम निकले पढ़ते चल रहे थे। जुलूस में सबसे आगे अजादार ढोल ताशे बजाते हुए चल रहे थे। इसके पीछे इमाम हुसैन के कर्बला पहुंचने की मंजरकशी पेश की जा रही थी। जिसमें सबसे आगे 12 अलम मुबारक, तीन ऊंट पर सजी अमारियां तथा पांच जुलजनाह थे। इनके पीछे अंजुमन का मातमी दस्ता शोएब रजा, तकी अब्बास के मशह.ूर नौहे सहरा को गुलजार बनाने जाते हैं, मकतल को शब्बीर सजाने जाते हैं, ले कर अपने घर के चांद सितारों को, कर्बल की तकदीर बनाने जाते हैं पढ़ते हुए चल रहे थे। जुलूस मेन बाजार से होते हुए जब इमाम बारगाह हाजी साकिब हुसैन पहुंचा तो ओवेस अब्बास व कुमैल अब्बास ने नौहाख्वानी की। अपने तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए इमाम बारगाह असगर हुसैन पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान वक्कार हैदर, अली हैदर, जामिन अब्बास, फजल इमाम, वसीम परवेज, तस्वीर इमाम, मंजूर हैदर, आबिस आदि समेत सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे। वहीं, जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त रहे। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने पुलिस बल के साथ जुलूस रूट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## कर्बला का वाक्या सुन रोए अज़ादार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शुक्रवार को मोहर्रम की पहली तारीख थी। इमामबाड़ों में सुबह से शुरू हुआ मजलिसों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। नौबत बजाकर अजादारी का ऐलान हुआ। फिजा में या हुसैन-या हुसैन की सदाओं की गूंज सुनाई देती रही।

पैगंबर-ए-इस्लाम के नवासे इमाम हुसैन अलेहिस्सलाम अपने कुनबे के लोगों समेत 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में थे। जहां मुक.ाबले पर यजीद की बड़ी फौज खड़ी थी। दस मोहर्रम को इमाम हुसैन और साथियों को ईराक के शहर कर्बला में रेगिस्तान की तपती जमीन पर भूख और प्यास की शिद्दत के बीच शहीद कर दिया गया था। इन्हीं शहीदों की याद में ही पूरी दुनिया में मोहर्रम के महीने में अजादारी होती है। मोहर्रम का चांद दिखाई देते ही इमामबाड़ों को बेशक.ीमती झाड़- फानूस से सजाकर काले अलम लगा दिए जाते हैं। इसी सिल.सिले में इमामबाड़ा बगला, छज्जी व नूरन में कीमती झाड़-फानूस और खूबसूरत हांडियां लगाई गई हैं। चांद दिखते ही मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया है जो अब दस मोहर्रम तक चलता रहेगा। मजलिसों का आयोजन सुबह छह बजे से शुरू होकर रात 11 बजे तक होगा। अंजुमन रजाकाराने हुसैनी के जरनल सेकेट्री खुर्शीद हैदर जैदी ने बताया कि रविवार को मोहल्ला पचदरा से बरामद होने वाले पहले मातमी जुलूस की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। देश-दुनिया से अजादाराने हुसैन अमरोहा पहुंच चुके हैं। इमामबाड़ों में नौबत बजाकर अजादारी का ऐलान कर दिया गया है।

# पटाखा फैक्ट्री के संचालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## विस्फोट में पांच महिलाओं की हुई थी मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गांव अतरासी में पटाखा फैक्ट्री संचालित करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा भी बढ़ा दी गयी है।

16 जून की दोपहर अतरासी गांव के बाहरी हिस्से में चल रही पटाखा फैक्टरी में विस्फोट हो गया था। इसमें रजबपुर निवासी रुकसाना व शहनाज और पपसरा गांव निवासी रूमा व सर्वेश की मौत हो गई थी। वहीं, मोती नगर निवासी मोना, विशाल, पूजा, पूजा पत्नी अमित कुमार व इंद्रावती, अतरासी कलां निवासी सलोनी, पपसरा निवासी सोनिया, पूजा पत्नी राजेश व मंगूपुरा निवासी नाजरीन घायल हो गईं थीं। अधिकांश महिलाओं के चेहरे झुलस गए थे। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से गंभीर हालत में नाजरीन व सोनिया को मेरठ रेफर कर दिया था। इसके बाद मोना व इंद्रावती की भी तबीयत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने मोना को मेरठ के लिए रेफर कर दिया था, जबकि परि.जनों ने इंद्रावती को जोया रोड स्थित एक निजी अस्पताल भर्ती करा दिया



था। जहां इलाज चल रहा है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि हापुड़ के भंडा पट्टी निवासी पटाखा फैक्टरी संचालक पटाखा फैक्ट्री संचालक सैफ उर रहमान को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ गैर-इरादतन हत्या की धारा की बढ़ोतरी की गई है। सीओ के मुता.बिक सैफ उर रहमान यह जानता था कि फैक्टरी में कभी भी विस्फोट हो सकता है। बावजूद इसके उसके द्वारा लापरवाही बरती जा रही थी। विस्फोटक सामग्री को एक जगह इकट्ठा करके रखा गया था और बिना अनुभवी मजदूरों से कम कराया जा रहा था। पटाखे में सामग्री ठोकते समय विस्फोट हुआ था। अब तक पुलिस की जांच में सैफ उर रहमान ही हादसे के लिए जिम्मेदार है।

# लाइब्रेरी से युवती लापता दो पर मुकदमा दर्ज

## भाई ने की तलाश करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। थाना डिडौली क्षेत्र के गांव जिवाई निवासी युवक ने अपनी बहन के लापता होने पर दो युवकों के विरुद्ध अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।गांव जिवाई निवासी छोटन सिंह की 22 वर्षीय पुत्री मीनाक्षी अपनी छोटी बहन मीना के साथ हसनपुर कलां गांव स्थित एक लाइब्रेरी में पढ़ाई करने गई थी। बुधवार दोपहर पढ़ाई के दौरान मीनाक्षी पानी पीने के बहाने लाइब्रेरी से बाहर निकली। इसी बीच छोटी बहन मीना ने देखा कि मीनाक्षी एक युवक के साथ बाइक पर बैठकर जा रही है। उसने तत्काल अपने भाई गौतम सिंह को इस बात की जानकारी दी।स्वजनों ने मीनाक्षी की तलाश शुरू की। तलाश के दौरान पता चला कि मीनाक्षी थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव चांदनगर निवासी कुलदीप और दिनेश के साथ गई है। इस पर गुरुवार को भाई गौतम सिंह डिडौली थाने पहुंचा और दोनों युवकों के विरुद्ध बहन को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चांदनगर निवासी दोनों सगे भाइयों कुलदीप और दिनेश के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस युवती और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# बाढ़ से पहले डीएम ने लिया तैयारियों का जायजा

## शेरपुर व पपसरा ग्राम के तटबंध का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। जनपद में संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारियों की जमीनी हकीकत का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शुक्रवार को तहसील धनौरा अंतर्गत शेरपुर तटबंध और पपसरा ग्राम स्थित हसनपुर तटबंध (द्वितीय चरण) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से बाढ़ सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों की जानकारी ली और तटबंधों की सुदृढ़ता, जलनिकासी व्यवस्था, राहत शिविरों की संभावित व्यवस्था, नावों की उपलब्धता, मेडिकल टीम की तैनाती, पशुपालन प्रबंधन और खाद्य सामग्री के भंडारण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में किसी भी प्रकार की लाप.रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सिंचाई विभाग को तटबंधों की समयबद्ध मरम्मत कराने, गश्ती दल तैनात करने और जलस्तर की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य



विभाग को मेडिकल किट, आवश्यक दवाएं, एंबुलेंस और मेडिकल टीम की उपलब्धता बाढ़ संभावित क्षेत्रों में सुनिश्चित करने को कहा गया। पशुपालन विभाग को पशुओं के टीकाकरण, चारे की व्यवस्था और पशु राहत केंद्रों की तैयारी पूरी रखने के निर्देश दिए गए

### एक नजर

#### तेंदुए ने बछिया को बनाया निवाला

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। क्षेत्र से तेंदुए का आतंक खत्म होने का नाम नही ले रहा आये दिन तेंदुए का शिकार हो रहे पालतू जानवर क्षेत्र में भय का माहौल है। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गाव शेखीपुर गुर्जर की है यहां पर कलुआ पुत्र मदारी सैफी का परिवार रहता है बीती रात कलुआ के पालतू जानवर मकान के घेर में बंधे हुए थे बीती रात 3 बजे घर मे तेंदुआ घुस आया और रस्सी से बंधी बछिया पर हमला कर दिया बछिया की आवाज सुनकर कलुआ उठकर भागा ओर शोर मचाया पड़ोसी आ गए और शोर शराबा सुनकर तेंदुआ मौके से भाग निकला बछिया की मौके पर ही मौत हो गयी कलुआ ने डायल 112 को सूचना दी व वन विभाग की टीम मौके पर पहुचीं व पिंजरा लगाकर तेंदुए को जल्दी पकड़ने की बात कही।

#### बहनोई ने साले को लाठी-डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। गाली देने के विरोध पर बहनोई ने साले को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी के खिलाफ मुक.दमा दर्ज करा दिया गया है। मामला थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर सराय का है। यहां के रहने वाले गौरव सिद्धू पुत्र लाखन सिंह ने अपने बहनोई नरेन्द्र सिंह पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम चक्कालीलेट पट्टी थाना छजलेट मुरादाबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैं उसका कहना है कि 26 जून को बहनोई उसके घर पहुंचा तथा बिना किसी बात पर गालियां देने लगा। विरोध करने पर लाठी डंडों से पीटकर उसे घायल कर दिया।

#### जेब से पैसे निकालते किशोर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। आला हजरत ट्रेन में युवक की जेब से पैसे निकालते समय, जेबकतरे को पकड़कर जीआरपी को सौंपा, हालांकि पकड़ा गया जेबकतरा किशोर( नाबालिग) है। समाचार लिखे जाने तक प्रकरण में कोई मुकदमा आदि दर्ज होने की सूचना नहीं थी। जानकारी के अनुसार हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव गुलामपुर निवासी कन्हैया बल्लबगढ़ में मजदूरी करता है। वह शुक्रवार को आला हजरत ट्रेन में सवार होकर अपने घर जा रहा था। आरोप है कि जिस कोच में कन्हैया सवार था। उसी कोच में मसूरी के ग्रीन सिटी निवासी दो किशोर भी सवार थे। इसी बीच ट्रेन में इन दोनों किशोरों में से एक ने कन्हैया की जेब में रखी नकदी निकाल ली। नकदी उसने अपने साथी को दे दी, वह तो भागने में कामयाब रहा मगर जेब से पैसे निकालने वाला एक किशोर पकड़ा गया। लोगों ने किशोर द्वारा की गई इस घटना से गुस्साकर एक दो थप्पड़ भी जड़े। गजरौला स्टेशन आने पर कन्हैया ने आरोपी किशोर को गजरौला जीआरपी को सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की। जीआरपी चौकी प्रभारी राजीव नैन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर जांच पड़ताल के बाद आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बता दें कि समाचार लिखे जाने तक प्रकरण में कोई मुकदमा आदि दर्ज होने की सूचना नहीं थी।

# पुलिस से नाराज कर्मियों ने रोकी जलापूर्ति



हसनपुर। पुलिस के उत्पीड़न से परेशान हंगामा करते जल विभाग के कर्मी।

## पुलिस पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। आदमपुर थाना क्षेत्र के गारवपुर गांव में चोरों ने पानी की टंकी चलाने वाले उपकरणों को निशाना बना रखा है। पुलिस चोरों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो पा रही है। आरोप है कि पुलिस चोरों की तलाश करने के बजाय जल निगम के कर्मचारियों को हड़का रही है। पुलिस से सुरक्षा ना मिलने की वजह से जल निगम के कर्मचारी गुरूवार की रात को टंकी चलाने में काम आने वाले जनरेटर, बैटरा व सोलर पैनल आदि खोल कर लें गये। जिससे गांव की जल आपूर्ति ठप हो गई। ग्रामीणों को जल निगम द्वारा सामान ले जाने की सूचना मिली तो वह एकत्र होकर टंकी स्थल पर हंगामा करने लगे। मौके पर मौजूद चौकीदार नरेश कुमार ने घटना से सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराया तो अधिकारियों ने ग्रामीणों को शीघ्र जल आपूर्ति करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीण शांत हो गये। चौकीदार ने बताया कि टंकी स्थल से कुछ माह पूर्व जनरेटर का बैटरा चोरी हो गया था। जिसकी सूचना आदमपुर पुलिस को दी गई थी लेकिन पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम रही। जबकि बुधवार की रात्रि में भी चोरों ने टंकी स्थल का ताला तोड कर चोरी का प्रयास किया था लेकिन जाग होने पर चोर भाग गये थे। पुलिस को चोरों द्वारा की गई इस घटना के बारे जानकारी दी तो उन्होंने उल्टा जल निगम के कर्मचारियों को ही हड़का दिया। जल निगम के जिला परियोजना प्रबंधक कपिल कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा सुरक्षा ना मिलने की वजह से सामान को हटवा दिया था। ग्रामीणों की मांग पर जल आपूर्ति सुचारू की जा रही है।

# कूड़ा डालने को महिलाओं में चले लाठी डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। कोतवाली क्षेत्र के गंगदासपुर में महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई। एक दूसरे को डंडों से पीटा। दोनों परिवार के पुरुष भी मारपीट में उतर आए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस जांच में जुट गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि गंगदासपुर में आरिफ और ओवैस के परिवार रहते हैं। शनिवार की सुबह छह बजे कूड़ा डालने को देखकर दोनों पक्ष की महिलाएं आमने-सामने आ गईं। देखते ही देखते महिलाओं में मारपीट हो गई और एक दूसरे को डंडों से पीटा। मामले में ओवैस की पत्नी शबाना की तहरीर पर नूरेन, मुस्कान, रोहिल व खालिक और आरिफ की बेटी आफरीन की तहरीर पर शहंशाह आलम व ओवैस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# मछली पालक के घर में घुसा तेंदुआ, मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मछली पालक के घर तेंदुआ घुस आया। जिससे हड़कम्म मच गया। ग्रामीणों ने लाठी डंडों से जंगल में तलाश किया परन्तु तब तक वह गन्ने के खेत में ओझल हो चुका था।

थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव में रहने वाले बबलू मछली पालन का काम करते हैं। बृहस्पतिवार की रात करीब 10 बजे उनके घर के पास तेंदुआ पहुंच गया। बबलू घर की छत पर पहुंचे तो तेंदुए को देखकर अचंभित रह गए। उन्होंने टॉर्च की रोशनी में तेंदुए की वीडियो भी बनाई। जंगल में

**ग्रामीणों ने की पिंजरा लगाने की मांग**

तेंदुआ होने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी डंडे लेकर उसी स्थान पर पहुंचे, जहां तेंदुआ देखा गया था। लेकिन, तेंदुआ ग्रामीणों का शोर सुनकर गन्ने के खेत में छिप गया। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में आए दिन तेंदुआ देखा जाता है। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों से भी बात की गई थी लेकिन तेंदुआ नहीं पकड़ा गया। तेंदुआ देखे जाने के बाद से ग्रामीण खेतों की तरफ जाने में घबरा रहे हैं। डीएफओ एसपी सिंह ने बताया कि ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है। जरूरत पड़ने पर पिंजरा लगाया जाएगा

# दिनदहाड़े बदमाशों ने बाइक सवार को लूटा

## जान से मारने की धमकी देते हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने दिन दहाड़े युवक से 10 हजार की लूट कर ली। बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये।

थाना गजरौला क्षेत्र के गांव कॉंकाठेर निवासी लोकेश पुत्र सुरेश रहरा थाना क्षेत्र के गांव सिमथला को बाइक सवार होकर शुक्रवार की सुबह 9 बजे जा रहा था। रास्ते में गांव श्यामगढ़ी से पहले पुलिया के निकट अपाचे बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया। युवक के रुकते ही तीनों बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। बदमाशों ने उसकी जेब में रखी 10 हजार की नगदी को लूट लिया। उसके बाद बदमाश पीड़ित युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। बदमाशों के जाने के बाद लूट का शिकार युवक ने जब शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। पीड़ित रहरा थाने पहुंचा और पुलिस को लूट की वारदात से अवगत कराया। लोकेश ने बताया बदमाश लूट की वारदात को अंजाम देकर रहरा की ओर को फरार हो गये। रहरा थाना इंचार्ज कुमरेश त्यागी ने बताया उन्हें लूट की को तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# विद्यालय मर्ज हुए, तो शिक्षा से वंचित हो जाएंगे गरीब बच्चें

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय विद्यालयों को मर्ज करने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को ज्ञापन भेजा।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षक कलक्ट्रेट पहुंचे तथा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष सुशील नागर ने कहा कि सरकार को विद्यालय मर्ज का आदेश वापस लेना चाहिये। क्योकि इससे गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित हो जायेंगे। जिला मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यदि सरकार को परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ानी है तो मान्यता प्राप्त स्कूलों की मानिटरिंग कराये। जिन ग्राम पंचायतों में परिषदीय विद्यालय है तथा आबादी कम है वहां नई मान्यता न दी जाये। सतपाल सिंह ने कहा कि सरकार को बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं है। जिन विद्यालयों में सुविधा नहीं है वहां बच्चों को आकर्षित करने के लिये सुविधाएं बढ़ाई जाये तथा जिन विद्यालयों में मानक के अनुरूप शिक्षक नहीं है वहां उनकी तैनाती की जाये। संघ ने डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर अजय सिंह, सुरेन्द्र सिंह, धनीराम, ब्रजपाल, अशोक कुमार, विकास चौहान, दीप्ति गुप्ता, हरवीर सिंह, देवेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।



अमरोहा। स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

# बिजौरा अंडरपास के नीचे मृत मिला ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ब्रजघाट चौकी क्षेत्र में बिजौरा गांव के अंडरपास के पास एक अज्ञात व्यकि त का शव मिलने पर पुलिस पहुंच गई, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान का प्रयास किया, तो बाद में उसकी पहचान फत्तेपुर बाटुपुरा गांव निवासी ऋषिपाल के रूप में हुई। शुक्रवार को ब्रजघाट चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक नितेंद्र कुमार वशिष्ठ को अंडरपास के नीचे एक व्यक्ति के पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस उसे एंबुलैंस के माध्यम से लेकर सीएचसी पहुंची, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यहां से पुलिस ने शव को मोर्चरी अमरोहा के लिये भेज दिया। शुरू में तो उक्त व्यक्ति की पहचान नहीं हुई, पहचान कराने के उद्देश्य से पुलिस ने मृतक के फोटो व हुलिए आदि को व्हाट्स ग्रुपों व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया। जिसके बाद दोपहर के वक्त उसकी पहचान



ऋषिपाल पुत्र मंगला खड़गवंशी निवासी फत्तेपुर बाटुपुरा थाना गजरौला के रूप में हुई। पहचान उसके भाई अमरपाल ने की। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा, शरीर पर किसी चोट के कोई निशान नहीं हैं। वहीं मृतक के भाई ने बताया कि ऋषिपाल टाइल्स, पत्थर फिटिंग का काम करता था। वह बृहस्पतिवार की शाम घर से निकला था, शुक्रवार को सूचना मिली कि उसका शव बिजौरा अंडरपास के निकट सड़क किनारे पड़ा है। उन्होंने किसी वाहन से टक्कर होने पर ऋषिपाल की मृत्यु की आशंका जताई, हालांकि पुलिस ने मृत्यु का सही कारण जानने के लिये शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

# बिजली के निजीकरण को नहीं करेंगे बर्दाश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के द्वारा बिजली

**■ भाकियू संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन**

के निजीकरण व बढ़ी दरों को लेकर जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू के नेतृत्व में गजरौला अधिशासी अभियंता नीरज कुमार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन पत्र सौंपा गया। राहुल सिद्धू ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के अनुमोदन पर सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि बताया कि



विधानसभा चुनाव के दौरान किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त देने की घोषणा की गई थी, लेकिन आज तक उत्तर प्रदेश सरकार बिजली मुफ्त देने को लेकर किसानों के साथ जुमलेबाजी की जा रही है, वहीं अब बिजली निजीकरण को लेकर उत्तर प्रदेश के किसानों में भारी रोष है, यदि बिजली निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया गया तो संयुक्त मोर्चे के द्वारा आंदोलन किया जाएगा। कहा कि जिस प्रदेश में लगभग 15 करोड़ लोग सरकारी राशन पर पल रहे हों, ऐसे प्रदेश में बिजली को निजीकरण में देना कितना ज्यादा गलत होगा, इसका सरकार को अंदाजा नहीं है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नितिन चौधरी, अंकुर चौधरी, पंचम सिंह, विजयवीर सिंह, चंद्रपाल सिंह, अरुण सिद्धू, जुनैद चौधरी आदि मौजूद रहे।

# स्वामी नाथन की रिपोर्ट लागू करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के रहरा में भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक पंचायत ब्लॉक परिसर में आयोजित की गई।

शुक्रवार को आयोजित पंचायत में वक्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान आयोग का गठन डॉक्टर स्वामीनाथन की रिपोर्ट के अनुसार किया जाये। जनपद अमरोहा को विकास प्राधिकरण का दर्जा देते हुए गजरौला में ट्रामा सेंटर की व्यवस्था अति शीघ्र की जाये। गंगेश्व. री क्षेत्र के सिलारा एतामाली से लेकर सिलारा तक हरि बाबा बांध धाम पर कच्चा रास्ता है जिस पर सावन महीने में लाखों कांवड़ यात्री कावड़ लेकर हरि बाबा धाम पर जल चढ़ाने जाते हैं। कच्चा रास्ता होने के कारण कांवड़ यात्रियों को जाने में बहुत परेशानी होती है। रास्ते का सर्वे करा



कर अति शीघ्र पक्का कराया जाये। आवारा पशुओं के द्वारा किसानों की सभी फैसले बर्बाद कर दी गई। जबकि करोड़ों रुपयों से बनी गौशाला शोपीस बनी हुई है। आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाए। सावन महीने से कावड़ यात्रा शुरू होने जा रही है कावड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए रास्ते पर घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाये। इस दौरान किसी कांवड़ यात्री को आवारा पशु के द्वारा चोट पहुंचती है तो उसकी जिम्मेदारी क्षेत्र के शासन प्रशासन की होगी।बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष डॉ.योगेंद्र कुमार, शीशपाल सिंह, कमल ठाकुर, राकेश कुमार, लल्लू सिंह, बालकिशन, श्रीपाल, सुधीर, भोला रावत, मुंशीलाल, धनपत, बालकिशन छत्रपाल आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में घायल किसान की मौत

## स्कार्पियो ने बैलगाड़ी में मारी थी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** स्कॉर्पियो व बैलगाड़ी की भिड़ंत में घायल हुए किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई। किसान की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। बुधवार की सुबह अमरोहा मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के रझौंहा गांव के नजदीक यह हादसा हुआ था। रझौंहा निवासी हरिओम सिंह, पत्नी साकोष देवी व बेटी गीता के साथ बैलगाड़ी से हरा चारा लेने खेत पर जा रहा था। जैसे ही वह अमरोहा मार्ग पर पुलिस चौकी के नजदीक पहुंचा कि सामने से आ रही स्कार्पियो ने उनकी बैलगाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हरिओम उसकी पत्नी साकोष देवी व बेटी गीता घायल हो गये थे। जबकि बैल की मौके पर ही मौत हो गई थी। आनन-फानन में घायलों को निजी



अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां नाजुक हालत के मद्देनजर हरिओम को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। शुक्रवार को मेरठ में उपचार के दौरान 50 वर्षीय किसान हरिओम की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

## एक नजर

### झोलाछाप के इलाज से किसान की बिगड़ी हालत

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** झोलाछाप चिकित्सक के उपचार से किसान की हालत बिगड़ गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा आनन-फानन में उसे हसनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार किया गया है। वहीं परिजनों के द्वारा झोलाछाप चिकित्सक की शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं पुलिस से की गई है। फिलहाल किसान की हालत में सुधार बताया जा रहा है। हसनपुर क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सक लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। शिकायतों के बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी खानापूर्ति कर एक तरीके से चिकित्सकों को क्लीन चिट दे रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इन झोलाछाप चिकित्सकों से साथ सांठ गांठ कर उनका पूरा सहयोग भी करते हैं।

### घटिया सामग्री पर बीडीओ ने रुकवाया स्कूल का निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव दढियाल में प्राथमिक विद्यालय पुराने भवन की नीलामी होकर नए विद्यालय के भवन का निर्माण कराया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय के भवन निर्माण का ठेका स्कूल के अध्यापक सतपाल सिंह के पास है सतपाल सिंह स्कूल का निर्माण कार्य करा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है अध्यापक सतपाल सिंह मानक के अनुरूप नये भवन में सामग्री का उपयोग नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों का हंगामा देखकर वहां पर काम कर रहे मिस्त्री एवं मजदूर काम छोड़कर भाग गए। ग्राम प्रधान गंगाशरन ने इसकी सूचना खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी एवं खंड शिक्षा अधिकारी चंदनपुर खादर को दी गई। सूचना पाकर खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी अश्विनी कुमार एवं खंड शिक्षा अधिकारी चंदनपुर खादर अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जायजा लेने के बाद खंड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार ने स्कूल में तैनात अध्यापक सतपाल सिंह को आदेश दिया कि मानक के अनुरूप कार्य किया जाए एवं जो बाउंड्री बनकर तैयार हो चुकी है उसको तुड़वाकर नये सिरे से मानक के अनुसार बनाया जाए। प्रदर्शन करने वालों में सुरेश चौधरी, बिजेंद्र चौधरी, सहाब सिंह,बौशा,नानकचंद, देवी राम, बलराम, राशिद, दुष्यन्त कुमार, हिमांशु,कुमरपाल,नन्दुसिहं, प्रियांशू, आदि लोग मौजूद रहे।

### किशोरी गायब, गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** किशोरी बिना बताए घर से चली गयी। पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते कहा है कि उसकी बेटी 24 जून को अचानक घर से लापता हो गयी। रिश्तेदारों व अन्य स्थानों पर उसे तलाश किया गया परन्तु उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने थाने पहुंच बेटी की गुमशुदगी दर्ज करा उसे तलाश करने की गुहार पुलिस से लगायी है। उधर किशोरी के गायब होने से परिजन बुरी तरह परेशान है।

### पत्नी को पीटने में पति पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** पति ने मामूली कहासुनी में पत्नी को बेरहमी से पीटा। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला कटरा वाईएमएस रोड की रहने वाली प्रियंका ने आरोप लगाया है कि उसका पति आये दिन उसके साथ मारपीट करता है। 23 जून को रवि कुमार पुत्र सतीश कुमार ने बिना किसी कारण के उसके साथ गाली गलौच शुरू कर दी। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो पति ने उसे बुरी तरह पीटा। प्रियंका थाने पहुंची तथा पति पर कार्रवाई की मांग को उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### सफाई कर्मियों का उत्पीड़न बंद हो



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ने डीएम को ज्ञापन सौंप महिला व दिव्यांग सफाई कर्मचारियों को पांच किलोमीटर के दायरे में तैनाती की मांग की। सौंपे गये ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों ने कहा है कि उनका एनपीएस का भुगतान बीमारी, शादी व मकान बनाने के लिए किया जाये। महिला व विकलांग सफाई कर्मचारियों का ट्रांसफर हद से हद पांच किलोमीटर के दायरे में हो। वेतन निर्धारण के आदेश पारित किये जायें। बिना किसी कारण के सफाई कर्मचारियों पर कार्रवाई न की जाये।

### नशेड़ी पति ने पत्नी को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नशा मुक्ति केन्द्र से लौटे पति ने पत्नी पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। पुलिस आरोपी को तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव चुचैला खुर्द निवासी नीतू पत्नी अनुज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसका पति अनुज नशे का आदि था। जिस कारण उसे नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती कराया गया था। नीतू आज सुबह बाग की रखवाली करने जा रही थी कि रास्ते में पति अनुज ने उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिस पर बेटे अभिदेवल ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित का पिता भाकियू नेता है जिस कारण कार्यकर्ता महिला को लेकर थाने पहुंचे तथा आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# एसपी ने कराया दंगा नियंत्रण का रिहर्सल

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों के मद्देनजर एसपी के निर्देशन एवं नेतृत्व में पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया गया।

शुक्रवार को दंगा नियंत्रण अभ्यास कराते हुए एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें। दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में सदैव अपने साथ रखें। जिससे किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटा जा सके। भीड़ के आकस्मिक एकत्र होने या किसी घटना के होने से उत्पन्न हुए रोष से लोगों के अवैधानिक रूप से एक त्र होने, बलवा करने से उत्पन्न हुई स्थिति को नियंत्रित करने और बलवाइयों को तितर-बितर करने के लिए एंटी रायट ड्रिल का फोर्स द्वारा प्रयोग किया जाता है। जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति बनी रहे। बोले, आगामी त्यौहारों के मद्देनजर आने वाले दिन बेहद महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी और कर्मचारी इस दौरान ड्यूटी में दंगा निरोधी उपकरणों से लैस होकर रहेंगे। जिससे क ोई असामाजिक तत्व सौहार्द एवं शांति व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करता है, तो पुलिस की तैयारी के मद्देनजर उसक 1 प्रयास विफल हो और शांति व्यवस्था बनी रहे। पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरण जैसे रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, टीयर स्मोक सेल, टियर ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबंध में जानकारी दी। दंगा नियत्रंण के लिए अमल में लाए जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों और टैक्टिस का क्रमवार अभ्यास कराया गया।

# बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** अलीगढ़ - हसनपुर मार्ग पर दो बाइको की भिंडत हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी रहरा में भर्ती कराया गया है। थाना गढ़मुक्तेश्वर के गाव चक लठीरा निवासीः शनि पुत्र गंगा दास मानसिंह एवं मूल्लो देवी अपनी बाइक से लड़की गीता की सुसराल जनपद संभल के गांव उधनपुर जा रहे थे। जैसे ही वह तीनों बाइक लेकर गुरैठा भट्टा मोड़ पर पहुंचे तो सामने से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों घायलो को लाकर सीएचसी रहरा में भर्ती कराया। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वही दूसरा बाइक सवार घटना के बाद टक्कर मारकर फरार हो गया।

**जुबिलेंट में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 75 कर्मी सम्मानित**

# जीवन में आगे बढ़ने को कठिन परिश्रम जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के यूनिट हेड विनोद झा ने कहा कि लक्ष्य लेकर की गई मेहनत और कार्य कभी विफल नहीं होते हैं। जीवन में आगे बढ़ने के लिए कठिन परिश्रम एवं ईमानदारी को लक्ष्य बनाएं। सफलता आपके कदम चूमेगी।

शुक्रवार की शाम जुबिलेंट परिसर में आफीसर्स क्लब में आयोजित चौथी तिमाही के लिए 5 एस कार्यप्रणाली के सफल कार्यान्वयन के लिए पुरस्कार और मान्यता कार्यक्रम में कंपनी के प्रोडीन, स्टोर, एडमिन, आरएनडी, पर्यावरण, एचआर आदि विभागों में कार्यरत 75 कर्मियों को अधिक स्कोर के आधार पर ढ़ाई हजार के वाउचर से पुरस्कृत किया गया। इनमें




दिलीप कुमार पांडेय. डा.सैय्यद बिलाल, ऊषा वर्मा, अर्चना, बीपी सिंह, डीएम काला आदि शामिल रहे। इतना ही नहीं कौन बनेगा करोड़पति शो की थीम पर प्रश्न पूछकर सही सबसे पहले सही जवाब देने के लिए हाथ खड़े करने वाले कर्मियों को भी उपहार दिए गए। पुरस्कृत होने वाले कर्मियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। इस मौके पर जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, मानव संसाधन विभाग प्रमुख मनोज शर्मा, अमित पांडे, सुनील सिंह, पराग गोयल, रबिंद्र झा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक मनीश अग्रवाल एवं अरुण रहे।

# डीएम ने जिला उद्योग बंधुओं के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता बागपत।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा जिला उद्योग बंधु, निवेश मित्र तथा जिला व्यापार बंधु से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

निवेश मित्र पोर्टल पर 621 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 493 आवेदन स्वीकृत किए गए, 30 आवेदन निरस्त हुआ लंबित आवे. दनों का भी निस्तारित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सरकार की प्राथमिकता है कि युवाओं को कौशल विकास द्वारा ट्रैनिग दिया जाये और प्रशिक्षण प्राप्त कर कम्पन्नी में एक कुशल कारीगर के रूप में जोडा जाये इसलिये सभी



कम्पन्नी कौशल विकास द्वारा युवाओं को ट्रेनिग दिलवाये और कम्पन्नी उनको रोजगार से जोडे जिससे युवाओं को एक अच्छा रोजगार प्राप्त हो सकें। जिलाधिक. ारी ने लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों की समस्या, तेजी से आते जाते वाहनों को नियन्त्रित करने एवं दुर्घटना को रोकने के लिये हल्के स्पीड ब्रेकर बनवाये जाये एवं औघोगिक क्षेत्र के जो नाले है एवं जो ग्राम कम्पन्नी से जुडे गांव है वहां पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा साफ-सफाई एवं पानी की सही निकासी की जाये, जिससे बरसात के मौसम में गंदगी न फैले, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इंडस्ट्रियल एरिया की सड़क पर जो ईटो के भरे ट्रक या खाली बडे वाहन खडे रहते है उस पर सम्बन्धित अधिकारी उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा अतिक्रमण है उसे हटवाया जाए। जिलाधिकारी ने जिला उद्योग बंधु एवं एमओयू क्रियान्वयन ओडीओपी उत्पाद के टूल किट वितरित किये। सरकार की प्राथमिकता 01 लाख सूक्ष्म उत्पादन एवं सेवा क्षेत्र की इकाईयों की स्थापना कराकर 01 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोडना सरकार की प्राथमिकता है। कौशल प्रशिक्षण प्राप्त 21-40 वर्ष के युवाओं को उत्पाद/सेवा सम्बन्धी उद्यम स्थापित कराकर स्वरोजगार से जोडना है। बैठक में अपर जिला. धिकारी पंकज वर्मा, अपर जिला. धिकारी न्यायिक शिव नारायण शर्मा, डूडा अधिकारी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# सहकारी समितियों को मिलेगा निजी क्षेत्र का 40 प्रतिशत यूरिया

**शाह टाइम्स संवाददाता बड़ौत।** क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन प्रधान की बैठक में भारतीय किसान यूनियन के प्रमुख महासि. चव संजीव दांगी लुहारी ने यह मुद्दा उठाया किसानों के यूरिया खाद मुद्दे को लेकर लुहारी गांव में पंचायत हुई थी। इस खबर को प्रमुखता से शाह टाइम्स न्यूज़पेपर ने किसानों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था जिसका असर हुआ है। किसानों के मुद्दे को सरकार ने गंभीरता से लेते हुए किसानों की मांग पुरी की है।

किसानों को यूरिया संकट से निक. ालने के लिए अब निजी कंपनियों की लगनी वाली रैक से सहकारी समितियों को 40 प्रतिशत यूरिया मिलेगा। बाकी 60 प्रतिशत यूरिया निजी क्षेत्र की दुकानों पर जाएगा। जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव ने बताया कि निजी कंपनियों का यूरिया सहकारी समितियों को मिलने से यूरिया संकट नहीं रहेगा। इसमें से 341.5 मीट्रिक टन सहक. ारी समितियों व 50 मीट्रिक टन गन्ना विभाग व 58.50 मीट्रिक टन कृषको को मिलेगा। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि शाहजहांपुर गांव में एक विक्रेता की दुकान पर कीटनाशकों का स्टॉक रजिस्टर नहीं मिलने पर लाइसेंस निलंबित कर स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं, सहायक आयुक्त सहकारिता इंदू सिंह ने बताया कि अधिकांश सहकारी



समितियों पर यूरिया पहुंच गया है। जिन समितियों पर यूरिया नहीं पहुंचा, वहां शुक्रवार की सुबह तक यूरिया पहुंच जाएगा। 14 समितियों पर यूरिया संकट होने से हजारों किसान परेशान थे।

# ओवरब्रिज शुरू न होने से लोगों की बढ़ रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता बड़ौत।** बिनौली रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओव. रब्रिज को अधिकारियों ने जून माह में वाहनों के लिए खोलने का दावा किया, था मगर उसे नहीं खोला जा सका। इस कारण लोगों की परेशानी बढ़ रही है। अब अधिकारियों की ओवरब्रिज को जुलाई के सप्ताह में खोलने की तैयारी की है।

रेलवे ट्रैक के ऊपर ब्रिज जंक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ओवरब्रिज के दोनों ओर सड़क भी तैयार कर दी है। लगभग 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। विभागीय अधिकारियों ने मई माह में दावा किया था कि जून



माह से ओवरब्रिज को वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। मगर ऐसा नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। फिलहाल अंडरपास से छोटे वाहनों का आवागमन हो रहा है। जहां वाहनों की लंबी कतारें और जाम की स्थिति आम बात हो गई है।

पिछले तीन साल से लोग ओव. रब्रिज के खुलने का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार अब जुलाई के शुरू सप्ताह में इसे वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। इसके खुलने से बीस से ज्यादा गांवों के लोगों को फायदा होगा।

# भोजीपुरा में चला बीडीए का बुलडोजर

**■ गांव भूड़ा में चार अवैध कालोनियां कीं ध्वस्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बीडीए की टीम ने शुक्रवार को थाना भोजीपुरा के गांव भूड़ा में बसाई जा रहीं चार अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

बीडीए की टीम दोपहर में गांव भूड़ा पहुंची। यहां पर इरशाद करीब 2500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के भूखंडों का चिह्नांकन, साइट ऑफिस आदि का कार्य करते हुए अवैध कालोनी का निर्माण करा रहा था। इसके अलावा बाबर करीब 5000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में, रियासत और इफाकत करीब 2500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में और कौशल करीब 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध काला.



नी बसा रहे थे। बीडीए की टीम ने उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करते अवैध कालोनियों के निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। टीम में प्राधिकरण के अवर अभियंता अजीत कुमार, सीताराम, संदीप कुमार, संयुक्त सचिव दीपक कुमार और प्रवर्तन दल के कर्मचारी मौजूद रहे।

## सांड को भाला मारकर किया घायल, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** थाना देवरनियां क्षेत्र के गांव उदरा में किसी अज्ञात व्यक्ति ने घास चर रहे सांड के भाला मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में सांड एक गन्ने के खेत में जाकर गिर गया।

सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान विनोद कुमार व गौरक्षा हिन्दू दल संगठन के तहसील अध्यक्ष रजत पंडित, भूपेंद्र गंगवार तथा अंशु ने पशु चिकित्सक को सूचना दी। चिकित्सकों द्वारा उपचार कर ग्राम प्रधान के सहयोग से सांड को गौशाला में भेजा गया। जबकि ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने अज्ञात के खिलाफ सांड को भाला मारकर घायल करने की तहरीर थाने में दी है। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि जांच की जा रही है, जल्द ही ऐसा कृत्य करने वाले को गिरफ्तार कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी के चरित्र पर था शक

## तैश में आकर पति ने काट डाली नाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के संजयनगर में देर रात शराबी पति ने पत्नी के चरित्र पर शक कर उस पर हमला कर उसकी नाक काट दी। बेटियों ने महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संजयनगर निवासी भारती (35) ने बताया कि उसके पति ओमप्रक. ाश शराब पीने के आदी हैं और अक्सर मारपीट करते हैं। वह परेशान होकर करीब सात महीने पहले ओमप्रकाश से अलग संजयनगर में ही किराए के मकान में अपनी पांच बेटियों के साथ रहने लगी।

आरोप है कि गुरुवार देर रात ओमप्रकाश अचानक आया और झगड़ा शुरू कर दिया। उसने धारदार हथियार से उसपर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी नाक कट



गई। शोर-शराबा के बाद लोगों की भीड़ आती देख मौके से फरार हो गया।

घायल हालत में बेटियों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी पति पत्नी के चरित्र पर शक करता था। पुलिस ने आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है।

क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़िता की तरफ से तहरीर ली जा रही है। जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक ने सीसी रोड का किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव और बहेड़ी के विधायक अताउर्रहमान ने अपनी विधायक निधि से बनवाए गए दो सीसी रोड का उद्घाटन किया। इनमें से एक रोड ग्राम ग्वारी में दुर्गा मंदिर से वीरेन्द्र सिंह के गेट तक 72 मीटर लंबी है, जबकि दूसरी रोड ग्राम ऐंठपुरा में अंबेडकर पार्क से नेम चन्द्र सागर के घर तक 168 मीटर लंबी है।

उद्घाटन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खां, जिला उपाध्यक्ष चौधरी विजेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ. ब्रह्म स्वरूप सागर, जिला पंचायत सदस्य कमरुद्दीन सैफी, जिला सदस्य भजन लाल मौर्य, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी चौधरी अनित पाल सिंह, कोषाध्यक्ष हर स्वरूप मौर्य और युवजनसभा के जिला उपाध्यक्ष राजू मौर्य समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। इसके अलावा केंद्र पाल गंगवार, ठाकुर ईशेंदर सिंह, ठाकुर श्याम पाल सिंह, ठाकुर ओमप्रकाश सिंह, चौधरी अमित सिंह, चौधरी पुष्पेंद्र सिंह और रामेश्वर दयाल पंडित भी समारोह में शामिल हुए। गौरतलब है कि अताउर्रहमान को हाल ही में समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। वह बहेड़ी से सपा विधायक हैं, और अपनी सक्रिय राजनीतिक गतिविधियों के लिए जाने जाते हैं।

# व्हाट्सएप पर मिली धमकी

**■ एक करोड़ रुपये दो, नहीं तो दोनों बेटों को मार दूंगा**
**■ धमकाने वालों ने कहा-बेटों को मारकर वीडियो बनाकर भेज दूंगा**
**■ धमकाने वालों ने धमकी के बाद घर के बाहर कर दी फायरिंग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** व्हाट्सएप पर आई धमकी भरी कॉल से किसान डरा सहमा हुआ है। व्हाट्सएप पर कॉल करके 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है, नहीं देने पर दोनो बेटों को जान से मारकर उसकी वीडियो भेजने की धमकी दी है। मामले की शिकायत पुलिस में की गई है।

राईनवादा के किसान सुरेंद्र कुमार गंगवार की 175 बीघा जमीन है। उसके दो पुत्र दीपक और सूरज हैं। सुरेंद्र कुमार का कहना है कि उसको अज्ञात व्यक्ति ने 22 जून को दोपहर में 12 बजकर 45 मिनट पर व्हाट्सएप पर कॉल करके एक करोड़ रुपए मांगे है। जिसे न देने पर दोनों बेटों की हत्या करके उनकी वीडियो बनाकर भेजने की धमकी दी है। उसने इस बात को नजर अंदाज कर दिया, और उस नम्बर को ब्लॉक कर दिया। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति ने उसे दूसरे नम्बर से 25 जून को सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर व्हाट्सएप कॉल कर कहा कि उसने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया, और इसका नमूना रात में फायरिंग करके दे दिया है। सुरेंद्र का कहना है कि 24 जून को रात में 1 बजकर 10 मिनट पर उसके घर के सामने फायरिंग की गई थी। फायरिंग की घटना से वह और उसका परिवार डरा हुआ है। पुलिस ने सुरेंद्र की तरफ से रिपोट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम नारायण नगला में देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरजीत पुत्र वीरपाल निवासी रोह. निया के रूप में हुई है।

**शराब पीने का आदी था युवक**

जानकारी के मुताबिक, युवक शराब पीने का आदी था। मौके पर पहुंची बहेड़ी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, और मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुरजीत ने नारायण नगला बाजार स्थित शराब के ठेके पर शराब पी थी, शराब पीने के बाद वह कुछ दूरी पर अचानक गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नारायण नगला पुलिस मौके पर पहुंची, और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने इस मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है, और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, और परिजनों से पूछताछ कर रही है, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा, और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस सांसद तनुज पूनिया आज गांव गंगापुर में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव गंगापुर में सरकारी जमीन पर लगाई गई बावा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को दबंगों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने को लेकर जहां दूसरे दिन समूचा प्रशासनिक अमला ग्राम में डेरा डाले रहा, वहीं आज शनिवार को कांग्रेस सासंद तनुज पूनिया दल बल के साथ स्थल पर पहुंचेंगे।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री और प्रभारी दौरा राजबहादुर द्वारा पार्टी के जिला अध्यक्ष को भेजे गए कार्यक्रम के मुताबिक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सांसद तनुज पूनिया आज शनिवार को दोपहर एक बजे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम गंगापुर पहुंचकर घटना का जायजा लेंगे। सांसद के साथ एसवी पाल भी रहेंगे। पार्टी के सांसद तनुज पूनिया का क्षेत्र के गांव गंगापुर में पहुंचने का कार्यक्रम मिलते ही पार्टी के जिला अध्यक्ष अशफाक सकलैनी, नगर अध्यक्ष अरशद अली, ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर दत्तराम गंगवार के साथ शुक्रवार को ग्राम पहुंचे। दूसरी ओर ग्राम में शुक्रवार को दूसरे दिन एसडीएम उदित पवार, सीओ गौरव सिंह, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, नवनियुक्त कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव भारी पुलिस बल के साथ ग्राम में डेरा डाले रहे।

# जनता के स्वास्थ्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः डीएम

**■ जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन**
**■ सम्बंधित अधिकारियों को जन आरोग्य केन्द्रों का समय-समय पर औचक निरीक्षण करने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन आरोग्य केंद्रों का समय-समय पर औचक निरीक्षण करते रहे। सभी सीएचसी पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखे जाएं, जिससे नियुक्त डॉक्टर व कर्मी समय से आ रहे हैं व निर्धारित समय तक रुक रहे हैं या नहीं, इसकी जानकारी हो सके। इसके अतिरिक्त ई-संजीवनी आदि में मरीजों को डॉक्टर द्वारा कितना समय दिया जा रहा है इस पर भी फोकस किया जाए।

बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि दलेलनगर व मुड़िया नवीबक्श में टीकाकरण का प्रतिशत कुछ कम है, अन्य स्थानों की अपेक्षा, जबकि जनपद का औसत 91 प्रतिशत है, और स्टेट का एवरेज 86 प्रतिशत है। बैठक में पाया कि नगरीय क्षेत्र कालीबाड़ी, शेर अली गौटिया अन्य क्षेत्रों में टीकाकरण कम है, कारणों की जानकारी करने पर एमओआईसीगण ने कार्मिकों की कमी का हवाला दिया। जिसपर डीएम ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर एएनएम की कमी है, उनकी मैपिंग कराते हुए क्षेत्रवार डाटा तैयार करके अवगत कराएं, जिससे शासन से कर्मियों की मांग की जाए, तथा जो लोग टीकाकरण नहीं करा रहे हैं, उनकी भ्रांतियां दूर कराते हुए टीकाकरण हेतु प्रेरित किया जाए।



डीएम ने निर्देश दिए कि एमओआईसी, वीसीपीएम, आशा कार्यकत्री, एएनएम सभी टीम की तरह बेहतर कार्य करें, अच्छे कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाए, तथा खराब को भी कम से कम औसत दर्जे तक लाया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में 10 नए डिलवरी प्वाइंट के सापेक्ष 09 डिलवरी प्वाइंट सक्रिय हो गए हैं। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि जो आशाएं कार्य नहीं कर रही हैं, उनकी रिपोर्ट प्रेषित की जाए, और कहा कि एनएचएम का जो भी पैसा व्यय होता है तो बिना चेयरमैन के हस्ताक्षर के नहीं हो सकता है, इसी प्रकार यदि कोई व्यक्ति कार्य नहीं करता है तो उसे सेवा से बर्खास्त किया जाएगा।

बैठक में आभा आईडी की भी समीक्षा की गयी। बैठक में अवगत कराया गया कि 70 प्लस आयु वर्ग के 28374 लोगों के आयुष्मान कार्ड जारी हो गए हैं। आयुष्मान कार्ड जारी करने में प्रदेश में जनपद की 8वीं रैंक है। चिकित्सा देने के बाद अस्पतालों की पेमेंट की स्थिति के बारे में भी डीएम ने जानकारी ली।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि जनपद के समस्त उच्चाधिकारियों को टीवी मरीजों को गोद दिया जाए। उक्त के सम्बन्ध में राज्यपाल द्वारा कई बार निर्देशित किया गया है। डीएम ने टीवी रोगियों को दिये जाने वाले पोषण के पैसे के वितरण की भी जानकारी ली। बैठक में डीएम ने दलेलपुर और क्यारा के एमओआईसी को विशेष रूप से कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए, तथा रुलर और अर्बन एरिया की अलग-अलग मीटिंग कराने के भी निर्देश दिए। आरबीएसके के अन्तर्गत बच्चों को दी जाने वाली चिकित्सा के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि अलीगढ़ भेजकर एक बच्चे की लगभग 05 लाख रुपये के लागत की सर्जरी करायी गयी है, इसके अतिरिक्त सैफई मेडिकल कॉलेज में भी एक बच्चे का इलाज कराया गया।

बैठक में अवगत कराया कि 90 आशाओं के रिक्त पदों के सापेक्ष 83 आशाओं का चयन कर लिया गया है, जिसपर निर्देश दिए गए कि उन्हें प्रशिक्षित करते हुए कार्य कराया जाए। बैठक में विशेष संच. ारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाए जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी, विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 31 जुलाई 2025 तक तथा दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई 2025 तक चलाया जाएगा। उक्त अभियान में 12 विभाग कार्य करते हैं, इस बार खाद्य एवं औषधि विभाग को भी जोड़ा गया है।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि जिन हैण्डपम्पों पर लाल चिन्ह लगाया जाए तो लोगों को भी जागरूक किया जाए कि इस नल का पानी पीने योग्य नहीं है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत आशा, एएनएम, वार्ड मेम्बर, ग्राम प्रधानों का भी ओरियंटेशन 01 जुलाई से पूर्व कराया जाए, और तहसील और विकासखण्ड स्तर की भी बैठकें करायी जाएं। इस बार आशा बहनों द्वारा डायरिया से ग्रसित बच्चों को ओआरएस पैकेट और जिंक की गोलियां भी दी जाएंगी। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि आकांक्षात्मक विकास खण्डों के अन्तर्गत बहेड़ी में स्वास्थ्य की दृष्टि से अतिरिक्त कार्य किए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि वह प्रदेश एवरेजर्स नीचे है। बैठक में सीडीओ देवयानी, सीएमओ डा. विश्राम सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सेटेलाइट चौकी बनी उगाही का अड्डा चौकी इंचार्ज पर लगे संगीन आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र की सेटेलाइट चौकी इन दिनों कानून के रखवालों की जगह वसूली माफिया के नाम से सुर्खियों में है। चौकी इंचार्ज गौरव अत्री और उनकी पूरी टीम पर भ्रष्टाचार की कालिख पोतने वाला सनसनीखेज शिकायती पत्र खुद भाजपा के पूर्व महामंत्री यतिन भाटिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा है।

शिकायत में चौंकाने वाले आरोप लगे हैंख्रचौकी पुलिस गरीब ठेले-रेहड़ी वालों से जबरन वसूली करती है, खोखे वालों से हर हफ्ते हफ्ता लेती है। पुलिसकर्मी सरेआम दुकानों में मुफ्त खाकर चले जाते हैं, और विरोध करने पर धमकी मिलती है कि जेल में सड़ा देंगे, रोजगार बंद करा देंगे।

**भाजपा नेता ने सीएम से की सीधी शिकायत**

शिकायती पत्र में चौकी क्षेत्र के होटलों को अड्डा बताते हुए लिखा गया है कि वहां पुलिस की नाक के नीचे देह व्यापार, सट्टा, जुआ और स्मैक तस्करी जैसे घिनौने अपराध फल-फूल रहे हैं, और सबसे चौंकाने वाली बात पुलिस खुद इन सबको संरक्षण दे रही है।

यतिन भाटिया का कहना है कि चौकी पुलिस आम जनता ही नहीं, पार्टी पदाधिकारियों से भी बदसलूकी करने से बाज नहीं आती। सत्ता पक्ष के नेता भी अगर सवाल उठाएं तो उन्हें भी धमकाया जाता है। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, और दोषी पुलिसकर्मियों पर ऐसी कार्रवाई हो जो नजीर बने। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो जनता का भरोसा पुलिस और शासन से उठ जाएगा।

# शिक्षिका अनीता का नेशनल गेम में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** प्रदेश के जनपद आगरा में छठे स्टेट योगा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भी क्षेत्र की सहायक अध्यापिका अनीता गंगवार ने क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में उनका नेशनल खेल के लिए चयन कर लिया गया।

आगरा में आयोजित इस योगा स्पोर्ट्स चैंपियंसशिप में क्षेत्र के ग्राम धौरेरा स्थित सरकारी विद्यालय की सहायक अध्यापिका अनीता गंगवार ने भी भाग लिया। जिसमें उनके बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन नेशनल खेल के लिए किया गया।

उत्तर प्रदेश योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट ऋषि पाल सिंह, जनरल सेक्रेटरी रोहित कौशिक ने शिक्षिका के बेहतर



प्रदर्शन और नेशनल खेल के लिए चयन किए जाने पर उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

क्षेत्र की शिक्षिका अनीता गंगवार का नेशनल खेल के लिए चयन किए जाने पर ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि डॉक्टर ए के गंगवार, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रेमबाबू गंगवार, सभासद राम प्रकाश गंगवार, भाजपा नेता मनोज दिवाकर आदि ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# तमंचा लहराकर फैला रहे थे दहशत

**■ चौकी प्रभारी ने गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने तमंचा लहराकर फायर कर दहशत फैलाने बाले दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

कस्बे के मोहल्ला अंसारी चौड़ा खण्डजा पर तीन दिन पहले मोहम्मद हसन निवासी मोहल्ला अंसारी पर हाथ में देशी तमंचा लेकर जान से मारने की नियत से फायर कर देने व एक समुदाय विशेष को चुन चुन कर मारेंगें व जान से मारने की धमकी देने के प्रकरण में स्थानीय थाने में दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था।



चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर रबड़ फेक्ट्री के रहपुरा अण्डर पास से दीपक ठाकुर व अमन सिंह निवासीगण मोहल्ला अंसारी कस्बा फतेहगंज पश्चिमी को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से एक तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक खोखा 315 बोर दो मोबाईल फोन व एक कार स्विफ्ट एक मोटरसाइकल को बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दोनों को जेला भेजा

चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि कस्बे की फिजा खराब करने वाले व कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा।

### रक्तदान शिविर लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शुक्रवार को नागरिक सुरक्षा कोर बरेली (सिविल डिफेंस बरेली) के वार्डेन्स द्वारा आईएमए हाल तथा जिला अस्पताल बरेली में उपनियंत्रक राकेश मिश्र तथा डिप्टी चीफ वॉर्डन रंजीत वशिष्ठ के संयुक्त नेतृत्व में एक विशाल रक्तदान शिविर लगाया, जिसमें 94 वार्डेन्स ने रक्तदान किया। ज्ञातव्य है कि नागरिक सुरक्षा कोर के वार्डेन्स वर्ष में दो बार शिविर में रक्तदान करते हैं। एक जून मास में तथा दूसरा 6 दिसम्बर को नागरिक सुरक्षा कोर के स्थापना दिवस पर इसके अतिरिक्त किसी की आवश्यकता पर भी रक्तदान करते रहते हैं। वर्ष में वार्डेन्स द्वारा 300 से ऊपर रक्तदान किया जाता है। आज के रक्तदान शिविर का उदघाटन वन मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार तथा कैंट विधायक संजीव अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर दोनों सहा. उपनियंत्रकगण पंकज कुदे. शिया तथा प्रमोद डागर पूरे समय वार्डेन्स का उत्साह बढ़ाते रहे। इस शिविर में तीनों प्रभागों के डिविजनल वार्डेन्स दिनेश यादव, अंजय अग्रवाल, संजय पाठक तथा प्रभागीय वार्डन (आरक्षित) शिवलेश चन्द्र पाण्डेय, सुनील यादव (आईसीओ) सहित अमित पंत, कमलेश वर्मा, अनिल शर्मा, गीता शर्मा, हरीश भल्ला, जगदीश प्रसाद, देवेन्द्र शर्मा, श्याम कृष्ण, अमित पंत तथा डिवीजनल वार्डन आरक्षित शिवलेश पांडे आदि मौजूद थे।

# जनसंवाद बना पुलिस का नया हथियार

**■ एसएसपी अनुराग आर्य की अनोखी पहल ने बदली तस्वीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस अब सिर्फ डंडे के सहारे नहीं, बल्कि संवाद के जरिए भरोसा जीत रही है। एसएसपी अनुराग आर्य की अगुवाई में जून माह के भीतर जिलेभर में चला विशाल जनसंवाद अभियान पुलिसिंग के इतिहास में एक नया उदाहरण बन गया। इस दौरान 5841 लोगों से आमने-सामने बातचीत की गई, और सीधे जुड़कर पुलिस ने खुद को जनता के बीच एक भरोसेमंद साथी के रूप में खड़ा किया।



अभियान के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में 13 से अधिक वर्गों ग्राम प्रहरी, व्यापारी, डीजे संचालक, डॉक्टर, प्रधान, कोटेदार, पीस कमेटी सदस्य, ताजियेदार, कांवड़ जत्थेदार, सर्राफा व्यापारी और सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ गोष्ठियां की गईं। मकसद साफ था हर वर्ग को साथ लेकर त्यौहारों और चुनावों से पहले शांति-सुरक्षा की दीवार और मजबूत करना।

त्यौहारों को लेकर पुलिस पहले से अलर्ट है। 516 डीजे संचालकों को दो टूक चेतावनी दे दी गई। अब उल्टे-सीधे गाने और तय सीमा से ज्यादा शोर नहीं चलेगा। नियम तोड़ा तो साउंड सिस्टम जब्त और मुक. दमा तय। पुलिस ने 285 निजी अस्पतालों और 143 सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों व स्टाफ से सीधा संवाद किया।

इमरजेंसी में पुलिस सहायता से लेकर अस्पतालों की सुरक्षा तक, सब पर मिलकर कार्ययोजना बनाई गई। एसएसपी ने मोहर्रम और सावन जैसे संवेदनशील आयोजनों को लेकर भी बड़ा प्लान तैयार किया है। 620 कांवड़ जत्थेदारों और 39 शि. विर संचालकों के साथ बैठकों में यात्रा मार्ग, ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण की रणनीति बनाई गई। वहीं, 582 ताजियेदारों और 391 ताजिया निर्माताओं से बात कर शांतिपूर्ण आयोजन की अपील की गई।

### शहर से गांव तक गूंजा जनसंवाद

शेरगढ़, नवाबगंज, मीरगंज, बहेड़ी और फतेहगंज जैसे कस्बों में आयोजित बैठकों में जबरदस्त जनभागीदारी दिखी। 1024 पीस कमेटी सदस्यों से हुई बैठक में साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल कायम करने की दिशा तय की गई।

### रिटायर्ड पुलिसकर्मियों से मिला अनुभव का खजाना

पुलिस ने 184 सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से भी संवाद कर उनके अनुभव को आगे की कार्य प्रणाली में शामिल करने की ठानी। सामुदायिक पुलिसिंग को असरदार बनाने में इनका मार्गदर्शन एक बड़ी ताकत साबित होगा।

> जनसंवाद के जरिए हमने जनता के दिल में जगह बनाई है। ये भरोसा ही हमारी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा।
> **अनुराग आर्य**
> **एसएसपी बरेली**

**पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और हमसे जुड़े रहिए**

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# जिलाधिकारी ने उद्योग बंधुओं के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्धेश्य औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं के समाधान पर रहा।

बैठक के दौरान, जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र एमजी रोड हापुड़ पर सड़क और नाला निर्माण के संबंध में वरिष्ठ प्रबंधक, यूपीसीडा को प्रस्तुत अनुमानों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित इकाइयों की जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग, तथा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत की एक संयुक्त टीम गठित करने का निर्देश दिया। यह टीम तकनीकी सर्वेक्षण करेगी ताकि जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। जिलाधिकारी ने धीरखेड़ा में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए संबंधित संस्था को 10 दिनों का समय दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को बाबूगढ़ में बिजली की समस्या को तत्काल ठीक कर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जिससे कारखानों में बिजली की कमी के कारण आ रही समस्याओं का निवारण हो सके। बैठक में उपस्थित उद्यमियों को जिलाधिकारी ने सूचित किया कि धीरखेड़ा को जनपद में सम्मिलित करने की कार्रवाई शासन स्तर पर



लंबित है और इसका प्रस्ताव जनपद से भेजा जा चुका है। अंत में, जिला. धिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि जनपद की सभी फैक्टरियों में दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सेफ्टी हेतु साइन बोर्ड लगे होने चाहिए और समय-समय पर फैक्टरियों की जांच भी की जानी चाहिए। इस बैठक में उपायुक्त उद्योग, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, विद्युत विभाग, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, यूपीसीडा के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न एसोसिएशनों के पदाधिक. ारी और उद्यमी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की बैठक में नए सिरे से संगठन खड़ा करने पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संगठन सृजन अभियान के तहत यूथ कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला कोऑर्डिनेटर पौरुष शर्मा ने हिस्सा लिया और युवाओं को संगठन से जुड़कर पार्टी की विच. ारधारा को मजबूत करने का आहवान किया।

पौरुष शर्मा ने कहा कि यूथ कांग्रेस, कांग्रेस पार्टी का एक महत्वपूर्ण प्रकोष्ठ है, जिसमें युवा कार्यकर्ता सत्तासीन सरकार को अपनी बुलंद आवाज और जोश से हिलाने की क्षमता रखते हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने इस अवसर पर कहा कि आज का नौजवान कांग्रेस की तरफ नई उम्मीद से देख रहा है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के युवाओं से जुड़े मुद्दों को उठाने और दिल्ली के नेहरू पैलेस में युवाओं के उमड़ते



जोश का जिक्र करते हुए कहा कि आज देश को राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की सख्त जरूरत है, क्योंकि कांग्रेस ही देश के युवाओं की उम्मीदों को पूरा करने का दम रखती है। इस बैठक में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अब्दुल कादिर, इकबाल प्रधान, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष खालिद चौधरी, युथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ललित कुमार, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष यूसुफ अलमास, यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव आसिम, युथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आदित्य राज शर्मा, आई. सी. शर्मा, भगीरथ शर्मा, गौरव गर्ग, रजत त्यागी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों संग एसपी की गोष्ठी, कानून-व्यवस्था पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र की जनसमस्याओं, अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की स्थिति और शांति व्यवस्था बनाए रखने संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

गोष्ठी में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। एसपी ने उपस्थित जनप्रति. निधियों को भरोसा दिलाया कि आमजन की सुरक्षा और अपराध पर अंकुश लगाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस सतत रूप से सजग और सक्रिय है। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा



कि जनप्रतिनिधियों की भूमिका स्थानीय स्तर पर कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पुलिस और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए आश्वस्त किया कि प्राप्त सुझावों को गंभीरता से अमल में लाया जाएगा। गोष्ठी में संबंधित थानों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे और विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्ययोजना साझा की गई।

# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड देहात पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से अवैध हथियार बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा सुल्तानपुर अण्डरपास के पास से चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध आता दिखाई दिया। संदिग्ध युवक की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार किया गया युवक मौसम पुत्र मनीराम एक शातिर किस्म का बदमाश है। फिलहाल बदमाश को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

## एक नजर

### हत्या के प्रयास के आरोपी पुलिस पकड़ से दूर पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव असोड़ा में मामूली विवाद को लेकर दबंगों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

गांव असोड़ा के अमन कॉलोनी निवासी फरमान ने बताया कि 13 जून की रात समय करीब 8 बजे उसका भाई अरमान कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए एक दुकान पर गया था। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले सिकंदर पुत्र नौशाद, इस्तकार पुत्र इदरीश और जुल्फिकार पुत्र इदरीश ने पीछे से आकर जान से मारने की नीयत से उसके भाई के गले में रस्सी डालकर गांठ लगा दी और उसके साथ मारपीट कर हत्या का प्रयास किया। पीड़ित अरमान के भाई फरमान ने बताया कि जब उसने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो दबंगों ने उसके साथ भी जमकर मारपीट की। स्थानीय लोगों को आता देख दबंग जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित के भाई का आरोप है कि संबंधित मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। करीब दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। आरोप है कि आरोपी लगातार गांव में खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने की लगातार धमकी दे रहे हैं। शुक्रवार को पीड़ित के भाई ने हापुड़ एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पीड़ित के भाई फरमान का आरोप है कि आरोपी सिकंदर का पिता नौशाद अपने आप को एक पत्रकार बताता है और पीड़ित परिवार पर फैसले का दबाव बना रहा है। आरोप है कि फैसला न करने पर कथित पत्रकार पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। जिससे परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने हापुड़ एसपी से दबंगों और कथित पत्रकार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### महिला ने ससुर पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अंकल साहब नमस्ते, मैं क्षेत्र के गांव से आई हूं ,मेरी शादी करीब 4 साल पहले हुई थी । मेरे एक बेटा है मेरा पति बाहर रहता है । इसलिए मेरा ससुर अपने आप को पति बनने के लिए दबाव देता है। बताओ यह कैसा कलयुग है, अब मैं क्या करूं ताकि ससुर के उत्पीड़न से मेरा बचाव हो जाए। आप ही मेरी मदद करें। यह शब्द सिंभावली थाने में पहुंची एक महिला ने मौजूद पुलिस अधिकारी से कहें।

क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला शुक्रवार की सुबह को थाने पहुंची जहां उसने बताया कि उसकी शादी के बाद से ही ससुर उसका उत्पीड़न करता आ रहा है। उसने बताया की शादी के बाद उसकी जानकारी हुई कि उसके पति की पहले भी शादी हो चुकी थी, ससुर ने उत्पीड़न करने के बाद ही घर से निकाल दिया। उसके बाद उसकी दूसरी शादी हुई है। महिला ने बताया कि पति की गैर मौजूदगी में ससुर उस पर बुरी नजर रखता है और स्वयं को पति बनाने के लिए दबाव देता है। इसके लिए कई बार ससुर उसके साथ छेड़छाड़ भी कर चुका है। पीड़िता ने पुलिस अधिकारी से फूट-फूट कर आपबीती सुनाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है । मौजूद पुलिसकर्मी ने पीड़िता की तहरीर पर मामले की जांच कर कार्रवाई करने आश्वासन दिया है।

### महिला पर लगाया किशोरी को पीटने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बाबू जी मैं तो बेटी के रोने की आवाज सुनकर घर के बाहर गया था। तभी देखा कि ये महिला मेरी बेटी को अपने घर में बंद कर पीट रही थी। बस इतना मामला है अब महिला मेरे ऊपर ऐसे गंभीर आरोप लगा रही है यह मैंने नहीं सोचा था। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पत्र पर मामले की जांच शुरू की

नगर के मोहल्ला निवासी व्यक्ति की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वहां खेल रहे अन्य बच्चों से कहासुनी हो गई। इसी दौरान किशोरी को एक महिला अपने घर में ले गई और वह पिटने लगी। इसी दौरान बेटी के रोने की आवाज सुनकर उसका पिता वहां आया और बेटी को बचाने पहुंच गया। उसके बाद महिला ने युवक पर ही घर में घुसने और अभद्रता करने समेत अन्य कई गंभीर आरोप लगा दिए। पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली ले जाकर मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

### सांसद चन्द्र शेखर आज़ाद पर युवती के शोषण के आरोपों को लेकर की जाएगी प्रेसवार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के पदाधिकारियों द्वारा नगीना सांसद चन्द्र शेखर द्वारा युवती के शोषण के आरोपों को लेकर प्रेस वार्ता की जाएगी। संगठन के मंडल अध्यक्ष दीपक चंद्रा ने बताया भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस द्वारा नगर के एक रेलवे रेस्टोरेंट में सुबह 11 बजे सांसद नगीना चन्द्र शेखर भीम आर्मी द्वारा वाल्मीकि युवती रोहणी घावरी के शोषण को लेकर प्रेस वार्ता की जायेगी। जिसके पश्चात एक ज्ञापन जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम दिया जायेगा। जिससे शोषित महिला को न्याय मिल सके।

### क्षेत्रा में बिना पंजीकरण चल रहा है सूदखोरी का काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की तरफ से साहूकारी अधि. नियम समाप्त करने की कवायद से जरूरतमंदों को ब्याज के खेल के उत्पीड़न से छुटकारा मिलेगा। लेकिन वर्तमान में गढ़ क्षेत्र में बिना पंजीकरण ही सैकड़ों लोग मोटा ब्याज वसूलने का काम कर रहे हैं, जिससे जनता त्रस्त है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। गढ़ कोतवाली, बहादुरगढ़, ब्रजघाट और सिंभावली क्षेत्र में सूदखोरों के आंतक से जनता त्रस्त है। क्योंकि बैंक गरीब तबके के लोगों को पैसा देने में परहेज करता है। जिनमें सैकड़ों लोग ऐसे हैं, जो गैरकानूनी तौर पर बिना पंजीकरण कराए ही लोगों को ब्याज पर पैसा देते हैं, जिनसे मोटा व्याज लेकर मुनाफा कमाते हैं। जबकि प्रदेश सरकार साहकारी अधि. नियम समाप्त करने की कवायद में है, जिससे कोई सूदखोर किसी गरीब का उत्पीड़न न कर सके।

# केबल बक्सा फटने से विद्युत आपूर्ति बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को नगर क्षेत्र के आनंद विहार स्थित बिजली घर का केबल बक्सा फटने से शहर के कई मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो गई। इस घटना के कारण दिल्ली रोड पर स्थित कई इलाकों में बिजली गुल हो गई, जिससे भीषण गर्मी के बीच लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति में हुई इस बाधा के चलते बिजली ने लोगों के साथ आंख-मिचोली का खेल खेला। जिससे स्थानीय निवासी लगातार बिजली कटौती और गर्मी से जूझते रहे। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने केबल बक्से की मरम्मत के लिए कड़ी मशक्कत की, जिसके बाद आपूर्ति बहाल हो सकी।

# मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने को लेकर डीआईजी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोहर्रम के पर्व को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन ने कमर कस ली है। डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ सहित रेंज के सभी जनपदों के अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। त्योहार के दौरान अमन-चैन बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन कैमरों से निगरानी और पीस कमेटी की बैठकों सहित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

डीआईजी कलानिधि नेथानी ने बताया कि रेंज के चारों जनपदों में इस वर्ष कुल 386 जुलूस निकाले जाएंगे, जिनमें 574 ताजिये शामिल होंगे। इनमें मेरठ में 112 जुलूसों में 134 ताजिये, बुलंदशहर में 228 जुलूसों में 370 ताजिये, हापुड़ में 41 जुलूसों में 65 ताजिये और बागपत में 5 जुलूसों में 5 ताजिये शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कुल 98 स्थानों पर मजलिसों का आयोजन प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने चारों जिलों में 51 स्थानों को संवेदनशील या हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया है, जिनमें मेरठ के 15, बुलंदशहर के 22, बागपत के 4 और हापुड़ के 10 स्थान शामिल हैं। इन क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए कुल 27 जोन, 88 सेक्टर और 59 क्विक रिस्पॉन्स टीमों का गठन किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए 7 अपर पुलिस अधीक्षक, 25 क्षेत्राधिकारी, 102 निरीक्षक, 432



उपनिरीक्षक, 697 मुख्य आरक्षी, 1345 आरक्षी, 682 होमगार्ड/पीआरडी और एक कंपनी पीएसी को तैनात किया गया है। भीड़भाड़ और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त और पिकेटिंग के विशेष निर्देश दिए गए हैं। डीआईजी नैथानी ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा को अनुमति नहीं दी जाएगी। जुलूस मार्गों से प्रतिबंधित पशुओं को हटाने, छतों से पत्थर, बोतल आदि हटाने और तारों की ऊंचाई की जांच कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। डीआईजी ने बताया कि कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। सभी थानों को सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त करने और आवश्यकतानुसार नए कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि कोई अफवाह या भड़काऊ सामग्री वायरल न हो सके। डीआईजी नैथानी ने कहा कि हर थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी तय की गई है। त्योहार रजिस्टर, रजिस्टर नंबर 8 आदि का अध्ययन कर किसी प्रकार की गड़बड़ी से पहले ही निपटने को तैयार रहने के निर्देश हैं। त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य, विद्युत विभाग और अंजुमनों के साथ कुल 262 गोष्ठियां आयोजित की जा चुकी हैं। साथ ही, असामाजिक तत्वों की सूची अपडेट कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है।

# किराया मांगने पर नाविक पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** दिल्ली से अस्थि विसर्जन करने आए श्रद्धालुओं से कुछ लोगों ने अस्थि विसर्जन के लिए नाव का किराया हजारों में मांग लिया। हालांकि नाव मालिक द्वारा नगर पालिका के निर्धारित किराया मांगने पर उनकी पोल खुल गई । इसी बात से नाराज दबंगों ने नाविक की पिटाई करते हुए गंभीर रूप से हमला कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला मीरा रेती निवासी सूरज ने बताया कि वह ब्रजघाट में नाव चलाने का काम करता है। पीड़ित ने बताया कि दिल्ली लखनऊ हाईवे पर कुछ युवक अपनी बाइक लेकर खड़े हो जाते हैं और वह दिल्ली एनसीआर समेत अन्य स्थानों से अस्थि विसर्जन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं से अवैध वसूली भी करते हैं। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार की सुबह को भी दिल्ली निवासी कुछ श्रद्धालु गंगा नगरी में अस्थि विसर्जन करने आए और उसकी नाव पर पहुंच गए, जहां उसने उनको नगर पालिका द्वारा निर्धारित किए गए प्रति यात्री के 100 रूपये बताएं। जिसको सुनकर श्रद्धालुओं ने बताया कि उनको अस्थि विसर्जन करने के लिए यहां लाए बाइक सवार लोगों ने हजारों की रकम मांगी थी। पोल खुलने के बाद श्रद्धालु अस्थि विसर्जन कर अपने घर को लौट गए। घायल नाविक पुलिस चौकी पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्राधिकरण की अवैध निर्माणों पर कार्रवाई, दो संपत्तियां की सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों और प्लाटिंग के खिलाफ सख्त अभियान छेड़ दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को पिलखुवा विकास क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अवैध संपत्तियों को सील कर दिया गया। यह कार्रवाई प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देशों के अनुपालन में की गई।

प्राधिकरण की टीम ने थाना पिलखुवा पुलिस बल के सहयोग से रोहित यादव पुत्र कालू यादव द्वारा अचपल गढ़ी बारातघर/मंदिर के सामने, अचपल गढ़ी रोड, पिलखुवा में लगभग 200 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्मित हाल/गोदाम को सील किया गया। इस निर्माण के लिए कोई मानचित्र स्वीकृत नहीं था।



सुभाष तोमर द्वारा ग्राम खेड़ा, धौलाना रोड, पिलखुवा में निर्मित 80 दुकानों को सील किया गया। इन दुकानों का निर्माण भी बिना स्वीकृत मानचित्र के किया गया था। इस अभियान में प्रभारी प्रवर्तन वीरेश कुमार राना, अवर अभियंता अंगद सिंह और जितेंद्रनाथ दुबे, और प्राधिकरण का सचल दस्ता शामिल था। हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के सचिव ने सभी अवैध निर्माणकर्ताओं को पुनः चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि वे तत्काल अवैध निर्माण रोक दें और प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर ही निर्माण कार्य करें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो प्राधिकरण द्वारा सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के साथ-साथ ऐसे अवैध निर्माणकर्ताओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। यह कार्रवाई अवैध निर्माणों पर लगाम लगाने और शहरी विकास को व्यवस्थित रखने की दिशा में प्राधिकरण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# पूर्व सभासद ने फीता काटकर शुरू कराया निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ नगर पालिका परिषद के वार्ड नं. 10 स्थित मौहल्ला राजीव नगर पश्चिम में निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर पालिका सभासद व कर्मचारी मौजूद रहे।

शुक्रवार को मौहल्ला राजीव नगर पश्चिम में पूर्व पालिका सभासद कृष्णा देवी ने पं. युगल किशोर के मकान से लेकर समय सिंह चक्की वालों के मकान तक सीसी रोड़ व सहायक गलियों के निर्माण को विधिवत रुप से फीता काटकर शुरू कराया। इस मौके पर वार्ड सभासद विनय सागर ने कहा कि चुनाव में उनके द्वारा वार्ड की जनता से जो भी वायदे किए गए थे उनको वो हरसंभव पूरा करने के किए वो प्रयासरत हैं। वार्ड के लोगों की सभी समस्याओं का निस्तारण कराना ही



उनकी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर सभासद विनय सागर, यतेंद्र यादव, विनय यादव, सतेन्द्र सागर, योगेश शर्मा, वीरेंद्र प्रधानाचार्य, आदर्शलता, संगीता, बॉबी आजाद, राजेश सिलेलान, डा. सचिन, पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# किशोर के साथ कुकर्म के प्रयास का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलोनी में रहने वाले दिव्यांग किशोर से कॉलोनी में ही रहने वाले किशोर ने कुकर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने किशोर को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। संबंधित घटना को लेकर पीड़ित दिव्यांग के भाई ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कॉलोनी निवासी युवक ने बताया कि उसका 13 वर्षीय भाई दिव्यांग है, जो ना सुन सकता है और ना ही बोल सकता है। पीड़ित ने बताया कि उसका भाई बृहस्पतिवार की शाम को घर के बाहर बैठा हुआ था, तभी कॉलोनी का रहने वाला एक किशोर उसके भाई को अपने साथ पहले पास के ही जंगल में स्थित गन्ने खेत में लेकर पहुंच गया। वहां आरोपी ने उसके भाई के साथ कुकर्म की घटना कार्य करने का प्रयास किया। इसको लेकर उसके भाई ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसके भाई को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस में शिकायत करने पर आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच का वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र गांव टोडरपुर मूल निवासी भूरे ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम को वह अपने घर की छत पर बैठा हुआ था। तभी गांव निवासी एक युवक वहां आया और उसको देखकर गाली गलौज करने लगा लेकिन आरोपी ने उसका नाम लेकर गाली गलौज उसकी तो उसने ऐसा करने से मना किया। इसी बात को लेकर आरोपी उसके घर में घुसकर छत पर पहुंच गया। वहां आरोपी ने लाठी से उसे पर हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आप बीती सुनते हुए पुलिस कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दिया।

# होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री ने होमगार्ड्स कार्यालय का किया शिलान्यास

**होमगार्ड्स विभाग को मजबूती देने के लिए सरकार लगातार उठा रही है ठोस कदम**

**■ जनपद रामपुर में होमगार्ड्स विभाग का जल्द होगा अपना भवन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने जनपद रामपुर की तहसील सदर स्थित ग्राम फैजनगर कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स कार्यालय का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी होमगार्ड्स अपने कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करें, प्रदेश सरकार आपके साथ है। कोई भी होमगार्ड कर्मी ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे विभाग की छवि धूमिल हो। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को मात्र 03 लाख रूपये ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर दुर्घटना बीमा मिलता था। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अब होमगार्ड्स की आकस्मिक मृत्यु होने पर आश्रित को 05 लाख रूपये अनुग्रह राशि प्रदान की जा रही है एवं दुर्घटना होने पर होमगार्ड्स स्वंयसेवकों को बैंकों के माध्यम से 35 से 40 लाख रूपये दुर्घटना बीमा दिया जाता है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में होमगार्डस विभाग को मजबूती देने के लिए लगातार ठोस कदम उठाये जा रहे है। इसी का परिणाम है कि जिन जनपदों में होमगार्ड्स विभाग के अपने कार्यालय नहीं थे, वहां कार्यालय भवन का निर्माण किया जा रहा है। अतिशीघ्र प्रदेश के सभी जनपदों में होमगार्डस कार्यालय का निर्माण पूर्ण किया जायेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालय भवन न केवल प्रशासनिक कार्यों के संचालन को सरल बनायेगा, बल्कि जवानों को एक सुसज्जित और सम्मानजनक कार्यस्थल भी प्रदान करेगा। सरकार द्वारा होमगार्डों को समय समय पर वर्दी भत्ते का भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में होमगार्डस विभाग में कई ऐतिहासिक कार्य हुए है। इस अवसर पर डिवीजनल कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद रामनारायण, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्डस कमलेश चौहान, एक्सईएन यूपीपीसीएल दीपक कुमार शर्मा ने भी होमगार्ड्स को सम्बोधित किया तथा एसडीएम न्यायिक राजेश कुमार, अध्यक्ष व्यापार मंडल संदीप अग्रवाल सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारी व होमगार्डस स्वंय सेवक उपस्थित रहे।



# व्यापार मंडल ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर मे व्यापार मंडल द्वारा उजाला हॉस्पिटल काशीपुर के डाक्टरो मरीजो के स्वास्थ्य की जांच की ओर मुफ्त दवाओ का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच जैसे कि रक्तचाप, मधुमेह और अन्य बीमारियों की जांच मुफ्त में की गई। डॉक्टरों ने मरीजों को निशुल्क जांच व,दवाई एवं स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी और उनकी समस्याओं का समाधान किया।

इस शिविर से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला खासकर उन लोगों को जो आर्थिक रूप से कमजोर है या स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाई महसूस करते हैं।

इस तरह के शिविर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद भी करते हैं।



शिविर में उजाला हॉस्पिटल काशीपुर से फिजिशियन डॉक्टर अमित कुमार वत्सल, एवं डॉक्टर अजय शर्मा,आंखों के लिए डॉक्टर प्रदीप कुमार,नाक,कान एवं गले के लिए डॉक्टर राजकुमार भारती एवं नर्स स्टाफ में रोहित शुक्ला,कल्पना चौहान संजीव शर्मा, एवं इस कैंप के इंचार्ज कपिल शर्मा मौजूद रहे।

व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता,महामंत्री विनोद पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजनंदन सागर, अनिल दिवाकर, सुमित यादव, जमीर अहमद, राकेश मौर्य एवं वसीम अहमद पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा राजीव वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# माता रानी की ज्योत लेकर रामनगर गिरिजा मंदिर पहुंचे भक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के वार्ड नंबर तीन मोहल्ला भूबरा में माता रानी के जागरण के बाद कमेटी के युवा माता रानी की ज्योत लेकर नैनीताल जनपद के रामनगर गिरिजा मंदिर पहुंचे और मन्नत मांगी।

बुधवार की देर रात माता रानी के जागरण कार्यक्रम में बाजपुर महेशपुर के कलाकारों की धूम रही माता रानी के भजनों पर भक्त झूमते रहे। माता रानी के गुणगान कार्यक्रम के बाद पूर्व सभासद अनुज गुप्ता के नेतृत्व में तमाम युवा माता रानी की ज्योत लेकर रामनगर के गिरिजा मंदिर पहुंचे और माता रानी की ज्योत को माता के मंदिर में पेश किया और युवाओं ने मन्नत मांगी। इस मौके पर सुमित कुमार पंकज प्रमोद कुमार शिवा सूरज रंजीत प्रशांत कुमार अंकित नितिन विशाल अनुज विकास मोहित विपिन पारस आदि साथ रहे।

# आर्य समाज का त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न राजकुमार आर्य बने प्रधान, राहुल बने मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** टांडा आर्य समाज का त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न राजकुमार बने प्रधान, अरविंद बने उप प्रधान

टांडा, रामपुर। आर्य समाज टांडा बादली के हुए त्रिवार्षिक चुनाव में राजघ्कुघ्मार आर्य को प्रधान, राहुल को आर्य मन्त्री पद पर चुन लिया गया। सभी नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

शुक्रवार को आर्य समाज मंदिर मोहल्ला भबबलपुरी में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जय कुमार गुप्ता, सभापति तथा आर्य प्रतिनिधि जनपद रामपुर के जिला मन्त्री ओम वीर सिंह वैदिक तथा प्रचार मन्त्री भारत सिंह आर्य के निर्देशन में सुवह: ग्यारह वजे आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में सम्पन्न की गयी। बैठक में अन्य समस्याओं, विषयों के अलावा त्रिबार्षिक चुनाव सम्पन्न किया गया। जिसमें राजकुमार आर्य प्रधान, विजय कुमार (सरंक्षक),कान्ता प्रसाद आर्य उपप्रधान,अविन्द कुमार आर्य (उपप्रधान), राहुल आर्य(मन्त्री), नन्दकिशोर आर्य (उपमन्त्री, जयप्रकाश चन्द्रा आर्य (कोषाध्यक्ष), अतुल कुमार आर्य (उपकोषाध्यक्ष), संजीव कुमार आर्य (लेखापरिक्षक), शिव हरि आर्य, जयप्रकाश आर्य (अन्तरंग सदस्य) यह त्रिवार्षिक चुनाव सर्व सम्मति के आधार पर सम्पन्न किया गया। चुनाव के उपरान्त सभी पदाधिकारियों को फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इसके पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों पद एवं गोपनियता की शपथ ग्रहण करायी गयी। सभा में जिला प्रतिनिधि के रूप में ओमवीर सिंह वैदिक, भारतसिंह आर्य, सोमपाल सिंह आर्य, धर्मवीर सिंह आर्य तथा प्रधानाचार्य गजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रविवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त फुरकान पुत्र हसन खा निवासी रतनपुरा को मोहब्बत नगर के पास से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0वीरेश कुमार शुक्ला, का0सोमवीर सिंह, अमित कुमारआदि मौजूद रहे।

# फसाई के द्वारा सेवन सीज रेस्टोरेंट को 4 स्टार रेटिंग्स



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, रामपुर की जिला स्तरीय कमेटी की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई जिसमें शाहाबाद स्थित सेवन सीज रेस्टोरेंट, को फसाई के ऑडिट के बाद 4/5 स्टार हाइजीन रेटिंग्स की संस्तुति की गई इस आशय का प्रमाण पत्र सहायक आयुक्त (खाद्य) प्प, रामपुर की उपस्थिति में अपर जिला अधिकारी(वि/रा) रामपुर अरविंद कुमार बिंद द्वारा सेवन सीज रेस्टोरेंट, शाहाबाद, रामपुर के मालिक सुरेश गुप्ता को प्रदान किया गया ।

बताया ज रहा है कि शाहाबाद क्षेत्र में फसाई के द्वारा 5 में से 4 स्टार रेटिंग हासिल करने वाला सेवन सीज एकमात्र रेस्टोरेंट है। बैठक के दौरान खाद्य विभाग के अधिकारी, व्यापार मंडल के पदाधिकारी और अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे हैं।

# सैफनी नगर में धड़ल्ले से रात के अंधेरे में डंपरों द्वारा अवैध रूप से चल रहा खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में आए दिन रात के घंघोर अंधेरे में अवैध रूप से खनन और डंपरों की आवाजाही एक बड़ा मुद्दा बन गया है। इससे न केवल सड़कों की स्थिति खराब हो रही है, बल्कि यह लोगों की जान के लिए भी खतरा बन गया है। आए दिन होने वाले हादसों में मासूम लोगों की जानें जा रही हैं।रात के अंधेरे में अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे सड़कों पर डंपरों की आवाजाही बढ़ गई है। डंपर चालक सड़कों पर तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। अवैध खनन और डंपरों की आवाजाही पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। सड़कों पर निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए ताकि अवैध खनन और डंपरों की आवाजाही पर रोक लगाई जा सके। लोगों को अवैध खनन और डंपरों की आवाजाही के खतरों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। जबकि इसकी शिकायत कई बार आला अधिकारियों से होने के उपरांत भी आला अधिकारी अपनी आंखें मूंदे बैठे हुए है जबकि आलाधिकारियों को इसकी निगरानी कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।



# धूमधाम से मनाया गया जन सकता दल का स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को मुरादाबाद रोड नरूला होटल में जन सकता दल का स्थापना दिवस मनाया गया। इस समारोह में दल के समस्त कार्यकर्ता और समस्त पदाधिकारियों ने भाग लिया स्थापना दिवस के अवसर पर बोलते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष सै. जफर मियां एडवोकेट ने कहा कि आने वाले विधान सभा चुनाव में दल अधिक से अधिक की संख्या में अपने प्रत्याशी उतारेगा। उन्होने कार्यकर्ताओं से अवहान किया कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनों और उनका निदान कराये। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारी में आम जनता में त्राहि-त्राहि मची हुई है सभी छोटे मजदूरों दुकानदारों को बेरोजगार किया जा रहा है उनके सामने भुखमरी मची हुई है और रोजगार का कोई साधन उपलब्ध नही किये जा रहे है। पूर्व सरकारी में भी जनता का शोषण और उनकी समस्याओ का निदान न करके चापलूसों को फायदा पहुंचाया गया तथा उन्होने कार्यकर्ताओं से अवहान किया कि अधिक से अधिक सख्या में जनता को जन एकता दल से जोड़े अली ने कहा कि निष्क्रिय पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओ के बाहार का का रास्ता दिखाया जाएगा और रूचि रखने वाले कर्मठ तथा सक्रिय कार्यकर्ताओ को जोड़ा जायेगा। स्थापना समारोह में सरदार सुखविन्दर सिंह एडवोकेट व परवेज खां, मो. शुऐब खां एडवोकेट, जमीर अहमद एडवोकेट, मो. जमीर रिजवी एडवोकेट, मो. मुख्तार एडवोकेट, एहसान अहमद खां व राजीव कुमार सक्सैना एडवोकेट, शाकिर हुसैन दिल्लन खां ष्भारतष जाकिर भार अपने रस बाबू आदि ने विचार रखे समारोह की अध्यक्षता सुखविन्दर सिंह एडवोकेट और संचालन शुऐब खां ने किया।

# नगर पंचायत कार्यालय में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर पंचायत कार्यालय में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक हुई।

बैठक में सी एच सी शाहाबाद के बी एम सी सादाब अली ने संचारी रोगों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जारी रहेगा। सी एम फेलो अनुज कुमार ने सफाई नायकों को वार्डों में नियमित सफाई और फॉगिंग के निर्देश दिए। साथ ही जल भराव रो. कने को कहा।

नगर पंचायत के कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी देंगे। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान, अधिशाषी अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर मौजूद रहे।

इसके अलावा लिपिक वीर सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर निर्भय कश्यप, विजय कुमार सागर और सभासद गब्बर हुसैन भी उपस्थित थे। सफाई नायक विनोद कुमार, अरशद, अखिलेश कुमार और ए एन एम आँचल यादव सहित अन्य लोग भी बैठक में शामिल हुए।



# परम्परागत तरीके से निकाली गई भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को विगत वर्षों की भांति भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा परम्परागत तरीके से निकाली गई।

इस अवसर पर मंदिर को फूलों से सजाया गया प्रात:, काल से ही भगवान की पूजा अर्चना प्रारम्भ हुई भारती के वाद भगवान का श्रृंगार हुआ। तत्पश्चात् यात्रा प्रारम्भ की गयी भगवान की यात्रा नगर भ्रमण करती हुई मंदिर पर ही समाप्त हुई तत्पश्चात कढी चावल का प्रसाद प्रारम्भ हुआ लोगों ने बहुत मन से प्रसाद ग्रहण किया। रथयात्रा के मुख्य आयोनक यां सौरभ शर्मा ने बताया यह लोक कथा प्रविर्तित प्रवि है। भगवान स्वस्थ होने के बाद अपनी बहन के आग्रह पर नगर भ्रमण साशीवाद देने निकलते है। लोगों को आशीर्वाद देने निकलते हैं।

जो भक्त निस्वार्थ भाव से इस रथ को खीचता है। भगवान जगन्नाथ जी उसकी सभी मनोकामना पूर्ण करते है इस अवसर पर सुधीर बसंत, प्रेम कुमार उदीम अग्रवाल, सचल अम्माल, मुदित अग्रवाल, रमेश कुमार गुप्ता, एककास पाण्डेय, प्रथम गुप्ता, दूश गुप्ता, आषीश गुप्ता राजेश चन्द्र गुप्ता, नीना अग्रवाल, ममता , अन्तरा भकिशोरी शर्मा, वीना अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया भंडारे की सामग्री से भरा ट्रक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री शिव शक्ति गणेश सेवा मंडल रामपुर द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा हेतु विशाल भंडारे की तैयारी पूरी कर ली गई है। गुरुवार श्री राम चौक ज्वाला नगर रामपुर से भाजपा के पूर्व राज्य मंत्री शिव बहादुर सक्सेना ने फीता काटकर व हरी झंडी देकर ट्रक रवाना किया।

सबसे पहले मंदिर में पूजा अर्चना की उसके बाद सभी सेवादार ने इकट्ठे होकर भोले बाबा के जयकारे लगाते हुए ट्रक को रवाना किया। शिव शक्ति गणेश सेवा मंडल द्वारा राशन सामग्री दवाइयां व अन्य जरूरी सामान से भरे ट्रक को बनिहाल (जम्मू कश्मीर) के लिए रवाना किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु व सेवादार उपस्थित रहे। सभी ने बम बम भोले के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



श्री शिव शक्ति गणेश सेवा मंडल के अध्यक्ष गुड्डू शर्मा ने बताया कि इस बर्ष बनिहाल (जम्मू कश्मीर) में सातवां विशाल भंडारा लगाया जा रहा है। जो की 3 जुलाई से बाबा अमरनाथ बर्फानी की इच्छा अनुसार 9 अगस्त 2025 तक चलेगा।

भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए चाय, नाश्ता, शुद्ध देशी घी का भोजन, दवाइयों, की सुविधा ठहरने की उत्तम व्यवस्था गर्म बिस्तर, बाथरूम, टॉयलेट, और गर्म पानी की व्यवस्था श्री शिव शक्ति गणेश सेवा मंडल रामपुर के द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर पुजारी शिवा पंडित, पंकज गोयल, बाबूराम ग्राम प्रधान, हरि ओम, अंकित कुमार जोशी, गप्पल रस्तोगी, विक्की शर्मा, अवनीश शर्मा, धर्मेंद्र, दीपक, ओमप्रकाश, चंदन रस्तोगी, भारत जोशी, सोनू प्रजापति, मंगल राजपूत, आदि सभी सेवादार मौजूद रहे।

# किताब का प्रकाशन होने पर फूलमाला पहनाकर दी मुबारकबाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बीती शाम सपा नेता आसिम खघन ने अंत. रराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि और शायर नईम नजमी से उनके आवास पर पहुंच कर उन्हे उनकी गजलों और कविताओं के नए संकलन अल्फाज की महक शीर्षक के नाम से छपने वाली किताब की फूलों के हार पहना कर मुबारकबाद दी। आसिम खघन ने कहा उर्दू अदब की दुनियां में रामपुर को देहली और लखनऊ के बाद तीसरे स्कूल का मकाम और मर्तबा हासिल है इसी उर्दू स्कूल के तालिब ए इल्म की हैसियत से आज से लगभग 40 साल पहले नईम नजमी ने अपनी शायरी का आगाज किया और शेर कहना शुरू किए उर्दू अदब की खिदमत का ये जज्बा उन्हें न सिर्फ रामपुर न सिर्फ हिंदोस्तान बल्कि मुल्क की सरहदों के पार ले गया, आज उनकी पहचान गंभीर और परिपक्व शायर के रूप में होती है उनकी गजल दो शेर पेश करता हूं। उसकी आंखों का हर एक वार बहुत सच्चा है। खघली जाता भी भला कैसे निशाना दिल का, जहन ने जो भी कहा बस वह किया है। नजमी, मैने एक बार भी कहना नही माना दिल का,ये है शायरी का अंदाज आज उन्हें उस्ताद शायर के नाम से पुकारा जाता है ये उनकी अनथक महंत और लगन का नतीजा है,उन्होंने अपने कलाम से सारी उर्दू दुनियां में रामपुर का नाम रौशन किया है हम एक बार फिर उन्हे दिल की गहराइयों से बधाई देते हैं। नईम नजमी ने इस मौके पर अपने शेरी मजमूए अल्फाज की महक की एक कॉपी मुझे बतौर तोहफा दी। इस मौके पर उनके शागिर्द साजिद अली खां भाई भी मौजूद थे।



# एसडीएम से मिला समाजिक संगठन का प्रतिनिधि मंडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** ऑल इंडिया एंटी करप्शन एंसोशिएसन सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के जिलाध्यक्ष विनोद प्रकाश सक्सेना के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल नवागत उप जिलाधिकारी आनन्द कुमार कनौजिया से मिला तथा विविध विषयों पर चर्चा की। उन्होंने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन दिया कि हर सही कार्य का विना किसी बिलम्ब के निस्तारण कराया जाएगा तथा जनता के कार्य और उनकी समस्याओं के हल के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। ऑल इंडिया एंटी करप्शन की ओर से जो भी उचित सुझाव एवं कार्य संज्ञान में लाए जाएंगे उन पर ध्यान देते हुए तत्काल नियमानुसार समाधान होगा। ऑल इण्डिया एंटी करप्शन के प्रतिनिधि मण्डल ने देश एवं जनता की बात अपनी प्रतिबद्धता से अवगत कराया।

सकारात्मक संवादों से ऐसा अनुभव हुआ उपजिलाधिकारी महोदय एक कुशल प्रशासक होने के साथ साथ मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण अपनी जिम्मेदारी के प्रति संवेदनशील, देश ब जनता के प्रति निष्ठा भाव से परिपूर्ण हैं जो कि मिलक के लिए बहुत ही सुखद समय के साक्षी होने बाले हैं। ऐसी अपेक्षा की जा सघ्कती हैं जहां पर उपस्थित प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष डा नंदन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष रेहान अल्वी, जिला महामंत्री ओम निवास गुप्ता आर्य विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुमित गुप्ता, अनिल गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

# शिकारपुर संपर्क मार्ग पर मिट्टी से भरे डंपर गुजरने पर गुस्साए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर सहित क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर हो रहा है मिट्टी का खनन शिकारपुर के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन क्षेत्र के शिकारपुर संपर्क मार्ग पर मिट्टी से भरे डंपर गुजरने को लेकर ग्रामीण भड़क गए उन्होंने खनन माफिया के खिलाफ हंगामा कर प्रदर्शन किया और डंपर के आवागमन को प्रतिबंधित कर दिया जिससे खनन माफिया में हड़कंप मच गया है। टांडा बाजपुर मार्ग पर निर्माणाधीन स्कूल परिसर के भराव के लिए शिकारपुर काजी का मजरा संपर्क मार्ग पर जेसीबी मशीन थे डंपर भरकर स्कूल भवन जा रहे थे जिससे संपर्क मार्ग टूटने लगा था। गुस्साए ग्रामीणों ने शुक्रवार को डंपरों को रोककर टायरों की हवा निकाल दी और भारी वाहनों का आवागमन संपर्क मार्ग पर प्रतिबंधित कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने खनन माफिया के खिलाफ हंगामा कर प्रदर्शन किया ग्रामीणों का आरोप था की बाजपुर मार्ग से संपर्क मार्ग पर डंपरों के गुजरने से मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुका है काफी दिनों बाद तो मार्ग का निर्माण हुआ है और भारी वाहनों का आवागमन से मार्ग फिर क्षतिग्रस्त हो जाएगा जिसपर आवागमन दुश्वार हो जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में इमरान अहमद, ग्राम प्रधान फरहान अहमद नयागांव नजीबाबाद के प्रधान साजिद हुसैन पूर्व प्रधान शकील अहमद असलम इस्लाम अफसर अली राशिद हुसैन हाजी अली अहमद गुल मोहम्मद नईम अहमद आसिफ आरिफ मोबीन अहमद मुरसलीन आदि ने प्रदर्शन कर खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मौ. साकिब से उसके गलत चाल-चलन के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**महबूब खां पुत्र श्री रईस खां नि. बगीचा छोटे मियां थाना गंज, रामपुर (उ.प्र.)।**

# विधान परिषद समिति सभापति ने दैवीय आपदा के कार्यों की समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** उ.प्र. विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबन्धन जॉच समिति द्वारा विगत 3 वर्षों में दैवीय आपदा के समय किए गये कार्यों की समीक्षा बैठक समिति के सभापति इंजी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के सदस्य समिति सदस्य मो जासमीर अंसारी, अंगद कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में समिति ने जनपद स्तरीय अधिकारियों से उनका परिचय और कार्य दायित्व जाना। समिति द्वारा विगत 3 वर्षों में दैवीय आपदा के समय संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्यवाही के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी ली गई। आपदा के अन्तर्गत सर्पदंश, मानव वन्यजीव द्वन्द्व, कोविड, बाढ़, आकाशीय बिजली, अग्निकांड आदि से हुई मकानक्षति, पशुहानि, फसलक्षति, जनहानि की जानकारी प्राप्त की तथा उनको दिए गए मुआवजे की स्थिति के बारे में जाना। आपदा से बचाव के लिए विभिन्न विभागों यथा वन, कृषि, शिक्षा, खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा जनजागरूकता हेतु चलाए गए अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त की। पुलिस विभाग द्वारा बाढ़ बचाव से की जा रही तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। समिति द्वारा ऊर्जा, लोक निर्माण विभाग, नगर निकाय, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों को आपदा में हुई क्षति व मुआवजे के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सभापति ने विभिन्न विभागों द्वारा सम्मिलित रूप से राहत चैपाल लगाए जाने के निर्देश दिए। बैठक के समापन पर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने समिति के सभापति, सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि समिति द्वारा दिए गए सभी सुझावों, मार्गदर्शन और दिशा–निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, डीएफओ टाइगर रिजर्व, डीएफओ सामाजिक वनिकी, अपर जिलाधिकारी मुख्य चिकित्साधिकारी अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हज़रत मेंढू शाह बाबा का सालाना 69 वां उर्स चादरपोशी के साथ समापन

**पूरनपुर।** कोतवाली के समीप स्थित हजरत मेंढू शाह बाबा का 69 वां उर्स बड़ी शान ओ शौकत के साथ मनाया गया। जिसमें दूरदराज से आए लोगों ने दरगाह पर चादर चढ़ा कर दुआ मांगी। हजरत मेंढू शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर हाजी लियाकत उर्फ भूरे भाई द्वारा हर वर्ष उर्स कराया जाता है इस बार भी उर्स 24 जून से शुरू होकर 27 जून शुक्रवार को आखिरी दिन कुल शरीफ की फातिहा के बाद उर्स समापन हो गया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र नगर एंव दूरदराज से लोगों ने पहुंचकर दरगाह पर चादरपोशी कर देश के अमन, चौन की दुआएं मांगी।

## महाकुंभ डाक प्रदर्शनी में शामिल सोसायटी पदाधिकारियों को पालिका अध्यक्ष ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित महाकुंभ डाक प्रदर्शनी में हॉबीज हैरीटेज इंडिया सोसायटी के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा और संयुक्त सचिव विक्रम सेन सक्सेना द्वारा की सहभागिता के लिए नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने भारतीय डाक विभाग द्वारा भेजे गए प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। नगर पालिका कार्यालय में प्रशस्ति पत्र वितरण के दौरान समिति अध्यक्ष राम इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा ने बताया कि डाक टिकट संग्रह करने और उनको प्रदर्शित करने पर हॉबीज हैरिटेज इंडिया सोसायटी पीलीभीत के पदाधिकारी ने देश भर में कई अवार्ड जीते हैं। प्रयागराज महाकुंभ में भारतीय डाक द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में उनके और विक्रम सिंह सक्सेना के महाकुंभ थीम के डाक टिकट पूरे आयोजन के दौरान प्रदर्शित किये गए। भारतीय डाक विभाग के पोस्टमास्टर जनरल प्रयागराज की ओर से प्रशस्ति पत्र भेजे गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने समिति के सदस्यों का पटका पहनकर अभिनंदन किया और डाक विभाग द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र प्रदान कर दोनों पदाधिकारियों को सम्मानित किया। पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था ने समाज में फिलेटली जैसे रचनात्मक शौकों को बढ़ावा देने के लिए हॉबीज हेरिटेज इंडिया सोसाइटी के प्रयासों की सराहना की। कहा कि यह सम्मान न केवल उनकी उपलब्धियों की मान्यता है, बल्कि भविष्य की प्रेरणाओं के लिए भी एक मिसाल है। इस अवसर पर सभासद साकेत सक्सेना, अमित शर्मा, राकेश कुमार, राजेश गंगवार, हर्षल सिंह, डॉ अमिताभ अग्निहोत्री आदि सोसायटी सदस्य मौजूद रहे।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से 45 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरिया।** विदेश भेजने के नाम पर 45 लाख रुपये की ठगी की गई। पीड़ित ने एएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। एएसपी के आदेश के बाद अमरिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर हसन निवासी सतेन्द्र सिंह पुत्र सुखदेव सिंह ने एएसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि वह बरेली जिले के थाना बहेडी के मकरोई निवासी अनमोल सिंह पुत्र कलदीप सिंह उत्तराखंड के जिला उधमसिंहनगर के किच्छा में इनफिनटी नाम से आईलैट सेंटर संचालित करता है। उसने आरोपी से इग्लैंड का वर्क परमित लगवाने के लिए संपर्क किया था। जिसके लिए 43 लाख 50 हजार रूपये तय हुय थे। पीड़ित वर्ष 2023 से 16 अलग अलग तारीखों में 45 लाख 10 हजार ले चुका है। आरोपी न ही पैसा वापस दिया और न ही हमारा बीजा लगवाया है। रकम बापिस मांगने पर बहाने बना कर टाल मटोल कर रहा है।

# संस्कृति से अब कर पाएंगे 3 डी टेक्नोलॉजी में बीबीए, एमबीए



**मथुरा।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर भारत में तेजी से आगे बढ़ता संस्कृति विश्विद्यालय विद्यार्थियों के लिए नए नए कोर्सों को अपने पाठ्यक्रमों में शामिल कर रहा है। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए विवि प्रशासन ने बीबीए और एमबीबीए इन इंटरैक्टिव एंड रियल टाइम 3 डी टेक्नोलॉजी में भी कराने का निर्णय लिया है। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमबी चेट्टी ने बताया कि डिजिटल बिजनेस (टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट) प्रोग्राम में बीबीए प्रमुख परियोजनाओं, ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप और कंपनियों के साथ लाइव प्रोजेक्ट के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव पर जोर देता है, जिससे छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव मिलता है। यह प्रोग्राम डिजिटल बिजनेस और टेक्नोलॉजी सेक्टर में नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक रूप से डिजाइन किया गया है, जो छात्रों को उभरते हुए व्यावसायिक परिदृश्य में गतिशील भूमिकाओं के लिए तैयार करता है।एक समग्र दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करते हुए, पाठ्यक्रम अनुसंधान परियोजनाओं, सेमिनारों, सम्मेलनों और इंटर्नशिप को बढ़ावा देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि छात्र डिजिटल बिजनेस डोमेन में एक व्यापक कौशल सेट विकसित करें।छात्रों को वास्तविक दुनिया के केस स्टडीज, उद्योग के दौरे और उद्योग विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक अतिथि व्याख्यानों से लाभ मिलता है, जिससे व्यावहारिक चुनौतियों और समाधानों की उनकी समझ समृद्ध होती है।संस्कृति स्कूल ऑफ बिजनेस में आधुनिक स्मार्ट क्लासरूम, एक अच्छी तरह से सुसज्जित एनालिटिक्स लैब, एक व्यापक पुस्तकालय और उन्नत विश्लेषणात्मक उपकरणों सहित अत्याधुनिक सुविधाएँ हैं, जो अकादमिक उत्कृष्टता के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती हैं। डिजिटल बिजनेस (टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट) में बीबीए कार्यक्रम छात्र विनिमय, विदेश में अध्ययन और सेमेस्टर एक्सचेंज कार्यक्रमों के अवसरों के साथ एक वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है, जो दुनिया भर में यूपीईएस से संबद्ध अग्रणी वैश्विक साझेदार प्रबंधन संस्थानों के साथ सहयोग को बढ़ावा देता है।प्रोफेसर चेट्टी ने बताया कि इसी प्रकार एमबीएकोर्स में छात्रों को एनीमेशन के विभिन्न रूपों से परिचित कराया जाएगा, प्राथमिक परियोजनाओं के माध्यम से छात्रों को एनीमेशन के विभिन्न रूपों और तकनीकों के उत्पादन के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। उद्योग से कई प्रमुख वक्ता इंटरैक्टिव कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन करने और छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए संस्थान का दौरा करते हैं।मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स जो 3व टेक्नोलॉजी पर केंद्रित है, छात्रों को इस क्षेत्र में प्रबंधन और व्यावसायिक कौशल विकसित करने के लिए डिजाइन किया गया है. संक्षेप में, यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो:3 डी टेक्नोलॉजी के व्यावसायिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता हैः इसमें 3 डी एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेम प्रोडक्शन और 3 डी प्रिंटिंग जैसे क्षेत्रों में प्रबंधन, उत्पादन और रणनीति शामिल हो सकती है।उन्होंने बताया कि यह कोर्स विद्यार्थियों में प्रबंधन कौशल विकसित करता है। छात्र नेतृत्व, टीम प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन और व्यावसायिक निर्णय लेने जैसी चीजें सीखते हैं, जो 3 डी टेक्नोलॉजी उद्योग में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण हैं।इस कोर्स में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक परियोजनाओं का संयोजन हो सकता है, जिससे छात्रों को वास्तविक दुनिया के अनुभव प्राप्त होते हैं।उदाहरण के लिए कुछ एमबीए कार्यक्रम 3 डी एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स और गेम प्रोडक्शन पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो छात्रों को इन उद्योगों में वरिष्ठ प्रबंधन पदों के लिए तैयार करते हैं।कुछ एमबीए कोर्स 3 डी प्रिंटिंग के उदय और इसके व्यावसायिक अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो छात्रों को इस क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए तैयार करते हैं. कुल मिलाकर, 3 डी टेक्नोलॉजी में एमबीए उन लोगों के लिए एक अच्छा विकल्प है जो 3 डी टेक्नोलॉजी उद्योग में प्रबंधन की भूमिका निभाना चाहते हैं

## उद्यमियों को फैक्ट्री एक्ट के अंतर्गत पंजीकरण के कराने को प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** यूपीसीडा (उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण) ने उद्यमियों के साथ बैठक कर औद्योगिक इकाईयों के फैक्ट्री एक्ट के अंतर्गत पंजीकरण के कराए जाने के लिए प्रेरित किया। बृहस्पतिवार को यूपीसीडा के प्रशासनिक भवन कोसी कोटवन में यूपीसीडा क्षेत्रीय प्रबंधक सीके मौर्य ने कंपनियों को फैक्ट्री एक्ट के तहत अनिवार्य पंजीकरण कराने पर जोर दिया। सभी प्राधिकरण श्रम एवं कारखाना विभाग के साथ शिविरों का आयोजन करें, ताकि उद्द्यमियों को बिना बाधा के पंजीकरण की सुविधा मिल सके। औद्योगिक इकाइयों को फैक्ट्री एक्ट में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा, ताकि क्षेत्र में विनियमन और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

सहायक निदेशक, फैक्ट्रीज राम बहादुर, जिला उद्योग केन्द्र उपायुक्त उद्योग रामेन्द्र कुमार ने बताया कि इकाईयों के फैक्ट्री एक्ट के अंतर्गत पंजीकरण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के एकल विण्डो सिस्टम ''निवेश मित्र के माध्यम से आवश्यक प्रपत्रों को अपलोड करके आनलाईन आवेदन किया जा सकता है। कोसी कोटवन इंड्रस्टियल एसोसिएशन के अध्यक्ष ध्रुव पांचाल, विनोद शर्मा, सुनील चौधरी, समर सिंह यादव, अजयपाल, सेरेश, एनआर आर्या आदि थे।

## रानीगंज बासखेड़ा गांव में समाधान चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** विकास खण्ड पूरनपुर क्षेत्र के गाँव रानीगंज बासखेड़ा में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने मिशन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। दोनों गाँव में चौपाल लगाकर गाँव की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान कराने का अस्वाशन दिया। चौपाल के दौरान लोगों ने गांव की तमाम समस्याएं बताईं एक समस्या लिखित रूप में राजस्व विभाग से संबंधित आई जिसको संबंधित उच्च अधिकारियों को निस्तारण हेतु दिया जाएगा।कार्यक्रम में जन कल्याण सुरक्षा संघ के कलीनगर तहसील अध्यक्ष बृजेश सिंह, तहसील सचिव भूपराम पासवान, महिला जिला अध्यक्ष चंद्रकांता, महिला नगर कानूनी सलाहकार पीलीभीत एडवोकेट होशियार सिंह, नगर सचिव पीलीभीत छाया देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे

## भगवान जगन्नाथ की झांकी सजाई



dkl hdykA शुक्रवार को तालाब शाही स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में सुबह मंगल आरती और विधि विधान पूजा के बाद भगवान जगन्नाथ को नंदी घोष रथ, देवी सुभद्रा को दर्पदलन और बलभद्र को तालध्वज रथ की झांकी सजाई गई। झांकी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई अपने आराध्य के दर्शन करने को आतुर था। दोपहर में 12 बजे तक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। गुरू पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां शुरूकोसीकलां। ठाकुर श्री मदन मोहन जी महाराज सेवा ट्रस्ट श्री नारायण दास भक्तमाली जी का आश्रम (काली मंदिर) की प्रबंध कमेटी बैठक में गुरू पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई। मंदिर में 27 से 10 जुलाई तक सुबह 10 बजे से संकीर्तन, 2 जुलाई को भव्य कलश यात्रा का नगर भ्रमण के पश्चात् शाम को 4 से 7 बजे तक भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। सत्यम पीठाधीश्वर नरहरी दास महाराज कथा व्यास के रूप में भागवत कथा का रसपान कराएंगे। 10 जुलाई को सुबह 8 बजे से सदगुरूदेव का पूजन होगा। बैठक में केदारनाथ गुप्ता, सुभाष चंद्र बजाज, नवल किशोर, राजेश अग्रवाल, सुभाष शर्मा, धर्मवीर अग्रवाल, संजय सिंगला, हितहरि शास्त्री, डा. जगदीश जिंदल, पवनेंद्र पालीवाल आदि उपस्थित थे ठाकुरजी को कराए पोशाक, चांदी के मुकुट धारणकोसीकलां। ठाकुर श्री मदन मोहन जी महाराज सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री नारायण दास भक्तमाली आश्रम में ठाकुर जी के पंद्रहवा पाटोत्सव के उपलक्ष में शुक्रवार को नई पोशाक, चांदी के मुकुट धारण कर के सुंदर दर्शन कराए गए। सुबह आरती के पश्चात ठाकुर जी का स्तुति वाचन किया गया। केदारनाथ गुप्ता ने गुरुदेव का माल्यार्पण किया। पुजारी दैत्यारी चरण, सुभाष चंद्र बजाज, नवल किशोर, सुभाष शर्मा, मोहनलाल मुनीम आदि थे।

## कमिश्नर, डीआईजी, डीएम व एसएसपी को भेंट की ईंटें




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** मिशन शक्ति समूह के बैनर तले भारतीय किसान यूनियन सर्व की महिला विंग, राष्ट्रीय लोकदल महिला विंग, मिशन स्माइल सिंधी महिला सभा, परिंदे फाउंडेशन मथुरा, जीवन आनंद फाउंडेशन आदि संगठनों द्वारा मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार को आज बांके बिहारी कॉरिडोर के निर्माण का समर्थन करते हुए राधे–राधे नाम की 151 ईटें भेट की गई। बांके बिहारी कॉरिडोर के समर्थन में महिलाएं खुलकर सामने आ रही हैं। वे अपने राजनीतिक विद्वेश को भुलाकर इसका समर्थन कर रही हैं। महिलाओं का कहना है कि श्रद्धालुओं व स्थानीय नागरिकों के हित में बांके बिहारी कॉरिडोर बनना आवश्यक है।

## लूट के मामले में वांछित 25 हजार का इनामी पकड़ा



**कोसीकलां।** एसओजी टीम एवं पुलिस ने मुठभेड में 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी पर गौतम बुद्ध नगर पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा था। आरोपी से तमंचा और बाइक बरामद की है।

गौतम बुद्ध नगर में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मई 2022 में एक व्यक्ति से कार व रुपये आदि लूट के मामले में वांछित था। गौतमबुद्ध पुलिस ने आरोपी पर 25 हजार रूपये का इनाम घोषित किया था। सीओ आशीष शर्मा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल और एसओजी प्रभारी राकेश कुमार आदि टीम को सूचना मिली कि बृहस्पतिवार की शाम को वांछित शातिर अंतरराज्यीय बदमाश रोहित पुत्र नवल सिंह निवासी गांव सिंगार थाना बिछोर जिला नूंह मेवात हरियाणा कोटवन उमराला मार्ग पर होडल की तरफ से आने वाले नाले की पुलिया के पास से पकड़ लिया। जिसके कब्जे से तमंचा, कारतूस, चोरी की बाइक बरामद हुई। घायल आरोपी को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। सीओ ने बताया कि आरोपी रोहित गांव कोटवन के रहने वाले बॉबी नाम के व्यक्ति को पूर्व में बेचे गए तमंचे व कारतूस के उधारी के रुपये लेने के लिए होडल की तरफ से ग्राम कोटवन की तरफ आ रहा था। आरोपी पर विभिन्न थाना क्षेत्र में पांच मामले चल रहे है। अन्य की जांच कराई जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**बड़ौत।** क्षेत्र के बूढ़पुर रेलवे हॉल्ट के पास शुक्रवार की सुबह ट्रेन से कटने से सोनिया 44 वर्षीय की मौत हो गई। उसका शव मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बूढ़पुर गांव निवासी लोकेश ने बताया कि उसकी पत्नी पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी, जो बृहस्पतिवार को शाम 4 बजे घर से घूमने के लिए निकल गई थी। इसके बाद दो–तीन घंटे बाद सोनिया की ट्रेन से कटने से मौत होने की जानकारी मिली। पुलिस का कहना है कि ट्रेन से कटने से महिला की मौत हुई है। इस प्रकरण में कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। महिला काफी समय से घर में परेशान रहती थी वह मानसिक रूप से भी परेशान चल रही थी जब भी परेशान उससे बात करते थे तो वह इधर–उधर की ज्यादा बातें करती थी परिवार वाले सोचते थे कि कुछ माइंड में कमी आ गई है जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है।

## टायर चेक करते युवकों को वाहन ने में टक्कर मारी, एक की मौत

**कोसीकलां।** आगरा–दिल्ली राजमार्ग पर गांव अजीजपुर के समीप ट्रक का टायर चौक कर रहे चालक–हेल्पर में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे हेल्पर की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर में गांव अजीजपुर के समीप चालक महेंद्र पुत्र रामकरन निवासी जीराबरपुरा अजमेर, हेल्पर महावीर पुत्र शिवराज निवासी रतनपुरा अजमेर राजस्थान राजमार्ग पर ट्रक रोककर टायर चौक कर रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां महावीर की गंभीर हालत को देख जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

## युवक को कॉल पर मिली गोली मारने की धमकी

**छपरौली।** क्षेत्र के गांव वदरखा निवासी एक व्यक्ति ने खुद को जान से मारने की धमकी मिलने का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित इंतजार पुत्र सकूर निवासी बदरखा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसे मोबाइल कॉल और ट्रूकॉलर के माध्यम से लगातार धमकियां मिल रही हैं, जिसमें धमकी देने वाला कह रहा है कि तीन दिन के अंदर तुझे गोली मार देंगे, जेल से हम नहीं डरते। पीड़ित ने गंभीर मामला बताते हुए थाना छपरौली पुलिस से गुहार लगाई है कि मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कठोर कार्यवाही होगी।

## विजय शर्मा को मिली भाजपा के मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी



**कोसी कलाँ।** भारतीय जनता पार्टी कोसी मण्डल की कार्यकारिणी का गठन जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय की सस्तुति पर किया गया जिसमें कोसी मण्डल का मीडिया प्रभारी विजय शर्मा को बनाया गया एव शक्ति केंद्र तागडां जा सयोजक चुना गया विजय शर्मा के बनने पर कमल किशोर वार्ष्णेय ने कहा कि पूर्व में भी विजय शर्मा पार्टी के विभिन पदों पर रह कर चुनावो में अहम भूमिका निभाई है और अब भी पार्टी के कार्यों एव रीति नीतियों को जन जन तक पहुचाएँगे धर्मवीर अग्रवाल चेयरमैन दीपक बडगुजर सौरभ जैन ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि विजय शर्मा का परिवार जनसंघ के समय से ही संघठन से जुड़ा है कई बार जिला स्तर पर पदों पर रह चुके है इनके दादा जी स्वर्गीय श्री लक्ष्मण प्रसाद नगर पालिका के चेयरमैन भी रहे सुभाष बासईया वेद प्रकाश गोयल अध्यक्ष अग्रवाल सभा धर्मवीर शर्मा अध्यक्ष गोशाला डॉ अमर सिंह पोनिया अखिल जैन चरणसिंह प्रधान सुभाष चन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष ब्राह्मण सभा अजय मंगला तेज सिह सैनी तरूण सेठ कन्हैया लाल गोयल ने बधाई दी है।

## कब मनाई जाएगी सावन की महाशिवरात्रि, जानिए पूजा तिथि और शुभ मुहूर्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** हिंदू धर्म में सावन माह को अत्यंत शुभ और पवित्र माना गया है। यह महीना विशेष रूप से भगवान शिव को समर्पित होता है। पूरे सावन भर श्रद्धालु शिवजी की उपासना करते हैं और जलाभिषेक से उन्हें प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। इस दौरान पड़ने वाली मासिक शिवरात्रि का महत्व और भी बढ़ जाता है। मासिक शिवरात्रि हर माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को आती है, लेकिन जब यह तिथि सावन महीने में पड़ती है, तो इसका आध्यात्मिक महत्व कई गुना अधिक हो जाता है।

पंचांग के अनुसार सावन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 23 जुलाई को सुबह 4:39 बजे से होगी और यह तिथि अगले दिन 24 जुलाई को रात 2:28 बजे तक रहेगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### खेल मंत्रालय ने 'माई भारत पोर्टल पर शुरु किया व्हाट्सएप चैटबॉट

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेल मंत्रालय ने भारत के युवाओं के लिए डिजिटल जुड़ाव बढ़ाने और सेवाओं तक पहुंच को सुव्यवस्थित करने के एक प्रगतिशील कदम के तहत 'माई भारत' पोर्टल के साथ व्हाट्सएप एकीकरण शुरू किया है। व्हाट्सएप चैटबॉट अब माई भारत पोर्टल पर लाइव है और इसे सीधे व्हाट्सएप (7289001515) के द्वारा भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यह मंच बातचीत करने का अधिक आसान, वास्तविक समय और उपयोगकर्ता के अनुकूल तरीका प्रदान करता है। इसमे सभी पंजीकृत माई भारत उपयोगकर्ताओं को अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम, स्वयंसेवा के अवसर, सीवी निर्माण, मेंटरशिप, संगठन में शामिल होने किसी भी मुद्दे की रिपोर्ट करने और माय भारत सहायता तक पहुंचने की सुविधा मिलती है। व्हाट्सएप चैटबॉट में सत्र शुरू करने के लिए व्यक्ति को 7289001515 नंबर पर 'हॉय' संदेश भेजना होगा।

### हैम्पशायर ने टी-20 ब्लास्ट के लिए लिन को किया अनुबंधित

**लंदन, वार्ता।** हैम्पशायर ने अपने शेष टी-20 ब्लास्ट ग्रुप मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज क्रिस लिन को अनुबंधित किया है। हॉक के पास ग्रुप चरण में छह और गेम हैं और लिन का आगमन दक्षिण अफ्रीकी जोड़ी लुआन-ड्रे प्रीटोरियस और डेवाल्ड ब्रेविस के अंतर्राष्ट्रीय कॉल-अप अर्जित करने के बाद हुआ है। दक्षिण अफ्रीका को 28 जून से जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। लिन ने नॉर्थम्पटनशायर स्टीलबैक के लिए पहले ब्लास्ट में खेला है और इस प्रारूप में आठ हजार से अधिक रन के साथ 292 टी-20 मैच खेले हैं।

# आईसीसी ने 6 नियमों में बदलाव किए

**● खेल को ज्यादा तेज, निष्पक्ष और रोचक बनाने की कवायद: टेस्ट में 60 सेकेंड में ओवर शुरू करना होगा, दो चेतावनी के बाद 5 रन कटेंगे**

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने हाल ही में पुरुष क्रिकेट के 6 नियम बदले हैं, ताकि खेल को ज्यादा तेज, निष्पक्ष और रोचक बनाया जा सके। टेस्ट क्रिकेट में ये नियम नई वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप (2025-27) के लिए लागू हो चुके हैं। वहीं, सीमित ओवर (वनडे और टी-20) फार्मेट में ये नियम 2 जुलाई 2025 से प्रभावी होंगे। आईसीसी ने सभी देशों से नियमों में किए गए बदलावों की जानकारी साझा की है। आईसीसी ने टेस्ट क्रिकेट में अब स्टाप क्लाक नियम लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत फील्डिंग टीम ओवर शुरू करने में 60 सेकेंड से अधिक देर करती है तो उसे दो बार वार्निंग दी जाएगी। इसके बाद भी अगर यह नियम टूटा तो पेनल्टी के तौर पर उसके 5 रन काट लिए जाएंगे। टी-20 और वनडे क्रिकेट में यह नियम एक साल पहले ही लागू हो चुका है। आईसीसी ने तीनों फार्मेट के लिए शार्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शार्ट रन लेने पर पहले 5 रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज एक्स्ट्रा रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर फील्डिंग टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। 5 रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा। गेंद पर सलाइवा (लार) लगाने पर बैन जारी रहेगा। हालांकि, गलती से सलाइवा लगाने पर बाल बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर सिर्फ तभी गेंद बदलेंगे, जब उसकी स्थिति में भारी बदलाव हो, जैसे कि गेंद बहुत गीली हो या उसमें एक्स्ट्रा चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों फार्मेट के लिए है। आईसीसी ने कोरोना काल (2020) के दौरान गेंद पर लार लगाने को बैन कर दिया था। आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। अगर कैच आउट रीव्यू में गलत साबित होता है, लेकिन गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर एलबीडब्ल्यू की भी जांच करेंगे। अगर बैटर एलबीडब्ल्यू आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों फार्मेट के लिए है। साफ्ट सिग्नल (अंपायर का लिया रिव्यू) लिया गया है और नो बाल पर कैच पर सही है तो बल्लेबाजी टीम को नो-बाल का एक रन एक्स्ट्रा मिलेगा। कैच सही नहीं है तो नो बाल का एक रन और दौड़कर बनाए गए रन भी मिलेंगे। पहले कैच के डाउट होने पर फील्ड अंपायर थर्ड अंपायर को रैफर करता था और टीवी अंपायर बताता था कि ये नो बाल थी, तो कैच की जांच नहीं होती थी। लेकिन अब उसकी जांच की जाएगी।

# भारत में होंगे 2029 के विश्व पुलिस और अग्निशमन सेवा खेल




**● भारत ने मेजबानी से संबंधित बोली में जीत हासिल की, इन खेलों का आयोजन अहमदाबाद में होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निशमन सेवा खेलों की वर्ष 2029 की मेजबानी से संबंधित बोली में जीत हासिल की है और इन खेलों का आयोजन अहमदाबाद में किया जायेगा। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को स्वयं इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर दी।

उन्होंने कहा कि भारत को प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निश्मन खेल 2029 की मेजबानी मिलना हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। भारत ने 2029 में होने वाले विश्व पुलिस और अग्निशमन सेवा खेलों 2029 की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। बर्मिंघम में आयोजित समारोह में भारत ने वियतनाम को पछाड़कर इन खेलों के लिए बोली जीती। यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट गुजरात के अहमदाबाद शहर में आयोजित किया जायेगा। इससे भारत में खेल संस्कृति को नई ऊंचाई मिलेगी और विश्वभर के पुलिस और अग्निश्मन सेवा के खिलाड़ियों के लिए यह भव्य मंच साबित होगा। शाह ने भारत को प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निश्मन सेवा खेल 2029 की मेजबानी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन खेलों की मेजबानी मिलना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विस्तृत खेल ढांचे के निर्माण की वैश्विक मान्यता को दर्शाता है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत को प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निश्मन खेल 2029 की मेजबानी मिलना हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है।

# टी-20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया से बदला लिया: रोहित शर्मा



**● ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवम्बर की फाइनल हार का गुस्सा पूरी टीम के मन में था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में ऑस्ट्रेलिया को हराने को लेकर बात की है। उन्होंने कहा सुपर-8 मैच में ऑस्ट्रेलिया को हारकर पूरी टीम ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल का बदला लिया था।

रोहित शर्मा ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवम्बर की फाइनल हार का गुस्सा उनके और पूरी टीम के मन में था। इसके बाद टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराया था। इस मैच में रोहित ने 92 रनों की पारी खेली थी। जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। रोहित रोहित ने कहा 2023 वर्ल्ड कप में हमने शानदार खेल दिखाया लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हमें हरा दिया। 19 नवम्बर की चिढ़न हमेशा से मेरे और टीम के मन में थी। उन्होंने कहा, गुस्सा तो हमेशा था।

ऑस्ट्रेलिया ने हमारा 19 नवम्बर खराब कर दिया था। ड्रेसिंग रूम में 2023 फाइनल की बात होती थी टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच पर रोहित ने बताया, ड्रेसिंग रूम में हम इस बारे में बात करते थे। मन में ये ख्याल तो रहता है, लेकिन जब आप बल्लेबाजी करने उतरते हैं, तो इन सबके बारे में ज्यादा नहीं सोचते। हमने पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 205/4 का स्कोर बनाया।

# सीनियर्स हारे, पर भारतीय अंडर-19 ने इंग्लैंड को धोया



**● 442 रनों के जवाब में इंग्लैंड यंग लायंस 211 रन पर हो गई ढेर**

**होव, वार्ता।** भारत की अंडर-19 टीम इन दिनों इंग्लैंड के दौरे पर है, जहां उन्हें इंग्लैंड की अंडर-19 टीम के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इसकी शुरुआत आज होव में होगी। उससे पहले 24 जून को भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड के यंग लायंस के खिलाफ 50 ओवर का प्रैक्टिस मैच खेला। इस मैच में भारत के युवा खिलाड़ियों ने इंग्लैंड की टीम को धो दिया। आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली टीम ने 50 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 442 रन बनाए।

जवाब में इंग्लैंड यंग लायंस की टीम 41.1 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। भारतीय अंडर-19 टीम ने इसी के साथ इंग्लैंड यंग लायंस पर 231 रन की जीत के साथ इंग्लैंड की अंडर-19 टीम को चेतावना दे दी है कि उन्हें हल्के में लेने की कोशिश न करें। भले ही सीनियर टीम इंग्लैंड की सीनियर टीम के खिलाफ लीड्स टेस्ट हार गई हो, लेकिन आयुष म्हात्रे एंड कंपनी का इरादा कुछ और ही है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और 33 रन तक टीम ने अपने दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। कप्तान म्हात्रे एक रन और 14 साल के वैभव सूर्यवंशी 17 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद विहान मल्होत्रा और मौलयाराजसिंह चावड़ा ने तीसरे विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी निभाई। विहान 31 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, चावड़ा ने 18 गेंद में पांच चौके की मदद से 23 रन की पारी खेली। अभिज्ञान कुंडू छह रन बनाकर आउट हुए। एक तरफ जहां भारतीय सीनियर टीम के लोअर आर्डर ने लीड्स टेस्ट में निराश किया था, वहीं दूसरी तरफ भारतीय अंडर-19 के लोअर आर्डर ने तूफान मचा दिया। छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए राहुल कुमार और इसके बाद आए कनिष्क चौहान ने छठे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी निभाई। राहुल 60 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 73 रन और कनिष्क 67 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के की मदद से 79 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए अंब्रिश ने 47 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 72 रन की पारी खेली। हालांकि, पार्टी इसके बाद शुरू हुई। लाफबोरो में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हरवंश पंगलिया नाम की आंधी आई। जब वह बल्लेबाजी के लिए उतरे तो भारत का स्कोर सात विकेट पर 251 रन था। 52 गेंद पर आठ चौके और नौ छक्के की मदद से 103 रन जड़ दिए। वह नाबाद रहे। मोहम्मद एनान चार रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हेनिल पटेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह भारत ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 442 रन बनाए।

# वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के चार विकेट झटक कर मैच पर पकड़ बनाई

**दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 92 रन पर चार विकेट हुए**

**बारबाडोस, वार्ता।** तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर जेडन सील्स की अगुवाई में वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 92 रन के स्कोर पर चार विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली है।

इससे पहले वेस्टइंडीज ने बल्लेबाज शाई होप (48) और कप्तान रोस्टन चेस (44) के बीच जुझारू साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में बनाये गये स्कोर के आधार 10 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत एक बार फिर खराब रही और उसने 27 के स्कोर पर उस्मान ख्वाजा (15) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद 34 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट सैम कॉन्स्टास (पांच) रन के रूप में गिरा। जॉश इंग्लिस (12) को जेडेन सील्स ने बोल्ड आउट किया। कैमरन ग्रीन (15) को जस्टिन ग्रीव्स ने रॉस्टन चेज के हाथों कैच आउट कराया। ऑस्ट्रेलिया 65 रन पर चार विकेट गवां कर दबाव में थी। ऐसे संकट के समय ट्रैविस हेड और ब्यू वेबस्टर की जोड़ी ने पारी को संभाला और दिन का खेल समाप्त होने के समय तक चार विकेट खोकर 92 रन बना लिए। स्टंप के समय बो वेब्स्टर (नाबाद 19) और ट्रैविस हेड (नाबाद 13) क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज की ओर से जेडेन सील्स, शमार जोसेफ, अल्जारी जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# विंबलडन चैंपियन क्रेजिकोवा चोट के कारण ईस्टबोर्न से बाहर



**लंदन, वार्ता।** विंबलडन चैंपियन बारबारा क्रेजिकोवा ने जांघ की चोट के कारण ईस्टबोर्न से नाम वापस ले लिया है। चेक गणराज्य की खिलाड़ी को अपने दोनों मैचों में तीन सेटों तक जाना पड़ा, जिसमें उन्होंने क्रमश: पहले और दूसरे राउंड में ब्रिटेन की हैरियट डार्ट और जोडी बर्रेज को हराया।

क्वार्टर फाइनल में उनका सामना फ्रांस की वरवारा ग्रेचेवा से होना था, लेकिन मैच शुरू होने से पहले ही उन्होंने नाम वापस ले लिया। दो बार की प्रमुख एकल चैंपियन क्रेजिकोवा ने बुधवार को शुरू में समस्या महसूस की जो रात भर में और खराब हो गई। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि मुझे नाम वापस लेने का बहुत दुख है, क्योंकि मेरी दाहिनी जांघ में कुछ दर्द है। मुझे लगता है कि अगले कुछ दिनों में विंबलडन के साथ आराम करना और यह देखना बेहतर होगा कि क्या हो रहा है और उसका समाधान करना है। क्रेजसिकोवा मंगलवार को विंबलडन में मौजूदा महिला चैंपियन के रूप में खेल की शुरुआत करेंगी, ने पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक आराम करने के बाद इस साल सिर्फ छह मैच खेले हैं। वह पिछले सप्ताह क्वींस में अपना पहला राउंड मैच हार गई थी, फिर उसने डार्ट और बरेज दोनों के खिलाफ मैच प्वाइंट बचाए। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी ने पिछले साल विंबलडन फाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को हराया था।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ किया नया करार

**लिस्बन, वार्ता।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ दो साल का नया करार किया है, जिसके बाद वह अपने 42वें जन्मदिन के बाद तक सऊदी प्रो लीग क्लब के साथ बने रहेंगे। पुर्तगाल के 40 वर्षीय कप्तान मैनचेस्टर यूनाइटेड को खराब परिस्थितियों में छोड़ने के बाद दिसम्बर 2022 में रियाद स्थित टीम में शामिल हुए थे। उनका पिछला अल-नासर करार जून के अंत में समाप्त होने वाला था। एक्स पर एक पोस्ट में, रोनाल्डो ने लिखा कि एक नया अध्याय शुरू होता है। वही जुनून, वही सपना। आइए साथ मिलकर इतिहास बनाएं।

# आईओसी ने 2036 ओलंपिक की बिडिंग प्रोसेस रोकी

**प्रसिडेंट ने कहा कि मेजबान चुनने का सही समय नहीं भारत ने 8 महीने पहले दावेदारी पेश की थी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल (आईओसी) ने 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की बिडिंग प्रोसेस पर रोक लगा दी है। इससे गेम्स के लिए भारत की मेजबानी पर फैसला टल गया है।

आईओसी की प्रेसिडेंट क्रिस्टी कावेंट्री ने कहा कि एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सभी सदस्यों ने इस प्रोसेस को रोकने और इसकी समीक्षा करने का फैसला लिया है।

हम इस पर दोबारा विचार करने के लिए एक कार्य समूह गठित करेंगे।श 41 साल की क्रिस्टी लुसाने में एग्जीक्यूटिव बोर्ड की पहली बैठक ली। पिछले साल एक अक्टूबर को भारत सरकार ने एक अक्टूबर को लेटर आफ इंटेंट के जरिए आईओसी से गेम्स का आयोजन कराने की इच्छा जाहिर की थी। इस पर अगले साल तक फैसला होने की उम्मीद की जा रही थी। 2032 तक के मेजबान तय हैं, 2036 के लिए बिडिंग होगी 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लास एंजिलिस में होने हैं। अब तक 2 एशियाड, एक कामनवेल्थ गेम्स करा चुका है भारत भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है।

देश ने आखिरी बार 2010 में कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। इससे पहले भारत में 1982 और 1951 के एशियन गेम्स भी कराए जा चुके हैं।

# विंडीज के सील्स पर लगा जुर्माना



**● सील्स को खिलाड़ियों और उनके सहायक कर्मियों के लिए अपमान जनक भाषा के प्रयोग का दोषी पाया गया**

**बारबाडोस, वार्ता।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी के आज एक बयान के अनुसार सील्स को खिलाड़ियों और उनके सहायक कर्मियों के लिए अपमानजक भाषा, क्रियाकलाप तथा हाव-भाव से आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

इसके तहत उन पर मैच फीस के 15 प्रतिशत जुर्माने के अलावा अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह पिछले 24 महीने की अवधि में उनका दूसरा अपराध है। यह घटना बुधवार को पहले टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पारी के 55वें ओवर में उस समय हुई जब कप्तान पैट कमिंस को आउट करने के बाद सील्स ने उन्हें पवेलियन की ओर इशारा किया। इससे पहले तीन दिसंबर 2024 को जमैका में बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में सील्स को इसी तरह के अपराध के लिए दोषी पाये जाने पर एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया था। सील्स ने अपराध और मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के जवागल श्रीनाथ द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।

# विश्वकप की तैयारियों का आगाज करेगी भारतीय टीम

**इंग्लैंड से आज होगा टी-20 मैच में सामना**



**नाटिंघम, वार्ता।** अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियों की शुरुआत के लिए भारतीय महिला टीम के पास इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से अच्छा मौका नहीं होगा।

हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम आगामी पांच मैचों की सीरीज के जरिये इंग्लैंड की प्लेइंग कंडीशंस में खुद को ढालना चाहेगी। यहां दोनों का तीन वनडे मैचों की सीरीज में भी आमना-सामना होना है। विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का वक्त है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन इंग्लैंड की पिचों की प्रख्नति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सायली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शेफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी। भारत का यह इस साल का पहला टी-20 मैच है और आफ स्पिन आलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी आलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट सिवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हाज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।

# स्थायी शांति की जरूरत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह कहना बिल्कुल सही है कि जब तक जटिल मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता, तब तक चीन सीमा पर स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकती। असल में इस समय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए चीन गए हैं। गुरुवार को हुई बैठक से इतर उन्होंने चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डॉन्ग जून के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में स्थापित व्यवस्था को पुन: सक्रिय कर सीमा विवादों के स्थायी समाधानों पर बल दिया। शुक्रवार को भारतीय रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी किया जिसमें कहा गया कि भारत-चीन सीमा पर शांति सौहार्द बनाए रखने की बेहद जरूरत है। अच्छी बात यह है कि श्री सिंह ने द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए दोनों पक्षों द्वारा किए जा रहे कार्य पर संतोष प्रकट किया। रक्षा मंत्री ने सीमा प्रबंधन पर जोर दिया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने परस्पर लाभ के साथ-साथ एशिया और दुनिया में स्थिरता के लिए सहयोग बढ़ाने पर भी बल दिया। जैसाकि हम जानते हैं 2020 में सीमा पर उस समय गतिरोध उत्पन्न हो गया था, जब वहां सैनिक झड़प हो गई थी। तभी से ही अविश्वास का माहौल बना हुआ है। हालांकि अभी जमीन पर काम होना बाकी है, लेकिन जिस तरह दोनों मंत्रियों ने मौजूदा व्यवस्थाओं के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करना, सीमा प्रबंधन और सीमांकन मुद्दों पर प्रगति हासिल करने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहयोग की बात की है वह एक अच्छा संकेत है। भारतीय रक्षा मंत्री चीन के रक्षा मंत्री के साथ ही बल्कि रूसी रक्षा मंत्री बेलारूस, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान के रक्षा मंत्रियों से भी मिल रहे हैं और आपसी सहयोग के रास्ते भी तलाश रहे हैं। साथ ही वह ऑपरेशन सिंदूर के विषय में भी भारत के दृष्टिकोण को रख रहे हैं और बता रहे हैं कि आखिर भारत को ऑपरेशन सिंदूर अभियान क्यों चलाना पड़ रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि जिस तरह इस समय तनाव बना हुआ है, इजरायल हमास संघर्ष, रूस-यूक्रेन और अब हाल ही में ईरान-इजरायल संघर्ष से इस बात का और महत्व बढ़ गया है कि भारत चीन के बीच तनाव को कम किया जाए। क्योंकि दुनिया और अधिक तनाव झेलने की स्थिति में नहीं है अगर और कोई संघर्ष छिड़ जाता है तो यह पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि चीन व भारत अपने बीच पनप रही अविश्वास की खाई को समय के साथ-साथ बढ़ाने के बजाए इसको कम करने का काम करें। इसी में भारत चीन ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया का हित छिपा है। यूं भी हम सभी ने देख लिया कि कोई भी युद्ध समस्याओं को जन्म ही देता है। किसी समस्या का समाधान देता दिखाई नहीं देता। चीन इस बात को जितनी जल्दी समझे, उतना ही बेहतर है, क्योंकि जहां तक बात भारत की है, भारत हमेशा से ही विस्तारवादी नीति के खिलाफ रहा है और कभी भी उसने किसी देश पर हमला नहीं किया। यही अपेक्षा भारत दूसरे देशों से भी अपने प्रति करता है। भारत ने साफ कह दिया है कि कोई भी दोस्ती एकतरफा नहीं हो सकती। समानता के आधार पर अपनाया गया फार्मूला ही कारगर साबित होगा।

## विदेश भेजने के नाम पर रूसी सेना में भर्ती



प्रधानमंत्री मोदी के अमृत काल में विदेश भेजने के नाम पर जमकर धंधा चल रहा है और देश के युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल कर उन्हें धोखे से यूक्रेन से लड़ने के लिए रूसी सेना में भर्ती कराया जा रहा है, अमृत काल में जिस तरह के काम हो रहे है, वह बेहद चिंताजनक है, देश के युवाओं को विदेश जाने के नाम पर बहला फुसला कर उनसे मोटी रकम ऐंठी जा रही है और उन्हें धोखे से रूस भेजकर सेना में भर्ती कर सीधे युद्ध के मैदान में भेजा जा रहा है, क्या सरकार रूस से पूछेगी कि बिना अनुमति के हमारे लोगों को वहां की सेना में भर्ती क्यों किया गया और क्या सरकार ने अपने लोगों को वापस लाने का कोई प्रयास किया है। सरकार ने धोखेबाज एजेंटों पर कार्रवाई नहीं की।

**-अमरिंदर सिंह बरार, लोकसभा सांसद, कांग्रेस**

# वो आपातकाल था तो ये क्या है...






**पवन सिंह**

अगर आप सजग न रहे तो सत्ता और मीडिया का खतरनाक गठजोड़ आपको नफरती बना देगा। मीडिया आपमें शोषक के प्रति ही सहानुभूति पैदा कर देगा और जिसका शोषण हो रहा है, उसे अपराधी करार देगा। 2014 के बाद से भारत के मेन स्ट्रीम मीडिया ने सत्ता के साथ गलबहियां करके यही किया है। मीडिया ने अघोषित आपातकाल, अन्याय, गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी और शर्म जैसे विषयों को गौरव का विषय बना दिया और तुर्रा यह कि मीडिया आपको 1975 के उस आपातकाल की ओर ले गया, जिसका समर्थन ऐसे लोगों ने किया था, जो आज फर्जी राष्ट्रवाद का सिंदूर लगा कर टहल रहे हैं।

जनता के प्रति जवाबदेह न होना। 11 सालों में एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस न करना। उत्तर प्रदेश और बिहार में नौकरियां मांगने व रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर धरना दे रहे और प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं पर बर्बर लाठीचार्ज कर देना। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों को उनके किराए के मकानों में घुसकर पीटना, वरिष्ठ नागरिकों से रेल की सुविधा छीन लेना, पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर देना। किसी भी आम आदमी की पीड़ा को पूरी तरह से नजर अंदाज कर देना। इसे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का हनन माना जाना चाहिए या नहीं। अखबारों और चैनलों के मालिकों को खरीद लेना। जनता के सरोकारों के विषयों/खबरों को पूरी तरह से न्यूज चैनलों से गायब कर देना इसे इमरजेंसी की किस श्रेणी में रखा जाए या यह चर्चा केवल 1975 वाली दो साल की इमरजेंसी पर ही होगी या 11 सालों से अघोषित इमरजेंसी पर होगी? अपने ही देश के नागरिकों को सत्ता के लिए आपस में लड़ाकर रखना। हेट स्पीच पर केवल एक पक्षीय कार्रवाई को अघोषित इमरजेंसी माना जाए या न माना जाए? न्यायिक व्यवस्था और उसकी न्यायिक परिभाषा को धूलधूसरित कर देना, रिटायर्ड जजों को लालच या धमकी देना और फिर पद से नवाजा जाना। यह किस तरह की इमरजेंसी के तहत आएगा?

निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता वर्तमान में शून्य हो चुकी है। एक पूरी की पूरी संवैधानिक संस्था को ही लगभग खिलौना बनाकर रख देना। इसे क्या नाम दिया जाए? बार-बार वोटर लिस्ट में व्यापक गड़बड़ियां करके अपने पक्ष में खेल खिलवाना। क्या माना जाए? पहले हर विदेशी दौरों पर मीडिया साथ जाता था और उस दौरे से देश को क्या लाभ होंगे, किन-किन विषयों पर बात हुई। उसकी जानकारी साझा होती थी। यह सब 11 सालों से बंद क्यों हुआ? सिर्फ गाना-बजाना। ढोल-मंजीरा लेकर नचनिया बने पत्रकारों के झुंडों को प्रश्रय देना। इसे इमरजेंसी के खांचे में फिट किया जा सकता है कि नहीं? यूट्यूब चैनलों पर जो पत्रकार खबरों और विश्लेषणों को आम जनता से साझा कर रहे हैं। उन्हें ब्लाक क्यों किया जा रहा है? ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी एजेंसियां भ्रष्टाचार रोकने के अपने मूल उद्देश्य से भटक कर सत्ता बनाएं रखने में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगीं, इसे कौन सा आपातकाल माना जाए? विकास के नाम पर जंगलों को एक तरफा काट देना। लोगों की जमीनों का बल पूर्वक अधिग्रहण कर लेना। लोगों की झुग्गी-बस्तियों को बुल्डोजरों तले चंगेज खान की तरह रौंद देना। पीड़ितों पर ही FIR करा कर जेल भेज देना। आदिवासियों की सैकड़ों की संख्या में हत्या और मीडिया की आश्चर्यजनक व रहस्यमय चुप्पी को किस आपातकाल के संदर्भ में देखा जाए?

कुछ रोज पहले सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई कि लाखों बेकसूर जेलों में हैं, जो कि भयावह है। यह क्या है? एक उदाहरण पेश है-एनडीटीवी के मालिक प्रवण राय पर सरकार के इशारे पर दर्ज केस हुआ और छापा पड़ा। फिर जांच शुरू हुई। मीडिया का एक दूसरा वर्ग जो घुटने टेक कर टेकचंद बन चुका था, अब बारी एनडीटीवी की थी, क्योंकि अघोषित आपातकाल में ऊंची आवाजें और सवाल पसंद नहीं किए जाते। लगा कि एनडीटीवी ने मालिकान ने बहुत बड़ा आर्थिक घोटाला किया है। प्रणव राय ने आखिरकार हार मान ली और एनडीटीवी एकमेव राष्ट्रीय उद्योगपति ने टेकओवर कर लिया। धीरे-धीरे सारे असल पत्रकार वहां से भगा दिए गए या खुद ही छोड़कर चले गए। यहां तक भी ठीक था, लेकिन एकमेव राष्ट्रीय उद्योगपति के चैनल खरीदते ही प्रणव राय के केस में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल हो गई। केस खत्म हो गया।।असल सवाल वहीं का वहीं खड़ा है कि अगर प्रणव राय दोषी थे तो छूटे क्यों? अगर दोषी नहीं थे तो यह सब हुआ हुआ क्यों? 2014 के बाद आपको ऐसे दर्जनों केस मिल जाएंगे। अगर आप खिलाफ थे और विपक्ष में थे तो ईडी थी, सीबीआई थी, इनकम टैक्स था, लेकिन फिर वे सारे के सारे भ्रष्टाचारी अचानक उधर से इधर आ जाते हैं और फिर सब कुछ समाप्त। ऐसा भारत के इतिहास में कब होता था? इसे कौन सा आपातकाल माना जाए?

दरअसल, 1975 वाली घोषित इमरजेंसी से सबसे ज्यादा नाराज कौन था? घोषित इमरजेंसी से सबसे ज्यादा तकलीफ किसको थी? आम आदमी को तो कोई दिक्कत नहीं थी।।ट्रेनें एकदम राइट टाइम चलने लगी थीं, सरकारी कार्यालयों में लोग बिलकुल राइट टाइम आने लगे थे, घूस मांगने की हिम्मत जवाब दे गई थी। अनाज में मिलावट और घटतौली बंद हो गई थी। फिर परेशान कौन था? परेशान थे जमींदार। परेशान थे सामंतवादी। जमींदारों और भूस्वामियों की संपत्तियों पर आंच आई और उनका प्रभाव कम हुआ। तमाम जमीनें भूमि विहीन किसानों, खेतिहरों को मिलीं। निजी बैंक खोल कर जनता का पैसा हड़पने वाले परेशान हुए, क्योंकि 1969 में 14 प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया था (1980 में 6 और बैंकों का राष्ट्रीय करण हुआ) इससे बैंकों के दिवालिया होने का खतरा खत्म हुआ छोटे किसानों को भी कृषि, छोटे उद्योगों और ग्रामीण क्षेत्रों को ऋण प्राथमिकता से मिलने लगे और साहूकारों की दुकान बंद हुई। अब इससे नाराज कौन था? निजी बैंकर और उद्योगपतियों ने अपना नियंत्रण बैंकों पर से खो दिया और इसे सरकारी हस्तक्षेप माना। रूढ़िवादी अर्थशास्त्री परेशान थे उनका मानना था कि इससे नौकरशाही का प्रभाल बढ़ेगा।

जबकि गरीब, किसान और समाजवादी विचारधारा वाले लोग इसे समानता और आर्थिक न्याय की दिशा में कदम मानते थे। पूर्व राजघरानों को मिलने वाले प्रिवी पर्स (विशेष भत्ते) को समाप्त कर दिया गया जो स्वतंत्रता के समय राजाओं के साथ हुए समझौते का हिस्सा था। इससे नाराज कौन था? अंतिम और अकाट्य सत्य यह है कि होमी जहांगीर भाभा की हत्या में अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA की जो भूमिका थी, वह भयावह थी। CIA की पूरी योजना ही इस आजाद देश को तबाह करने की थी और समय रहते ही रूस द्वारा इनपुट्स मिले और आपातकाल लगा। बाद में उसके लिए माफी भी मांग ली गई और आम जनता ने बाद में बंपर वोटों से वापस आपातकाल लगाने वालों को सत्ता सौंप दी।

फिलहाल उपरोक्त अनेक सुधारों से भारत के गरीबों के बीच से एक बहुत बड़ा वर्ग उभरा, वह था मध्यम और उच्च मध्यम वर्ग, जो आज 1975 को गालियां बकता हुआ वहीं पहुंच चुका है जहां से वह मध्यम वर्ग के सुख तक आया था। अब तय आपको करना है कि घोषित आपातकाल सही था या अघोषित आपातकाल। 500 रुपये और चार पूड़ी लेकर अगर आप बिना सोचे-समझे भीड़ के साथ नाच-गा रहे हैं तो फिर इसी में मस्त रहिए, क्योंकि कुछ लोगों को घी हजम नहीं हुआ करता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खाद्य तेल की मदद से ई-कचरे से चांदी निकालें

**हर मोबाइल फोन में लगभग 100-200 मिलीग्राम चांदी होती है। इसी तरह, एक सामान्य लैपटॉप में 350 मिलीग्राम चांदी उपयोग होती है, और वर्तमान में भारत में लगभग पांच करोड़ लैपटॉप हैं। यदि भारत में मोबाइल फोन और लैपटॉप इतनी संख्या में हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पूरी दुनिया में इनकी संख्या कितनी होगी। अनुमान है कि मोबाइल-लैपटॉप या ऐसी ही अन्य चीजों में पूरे विश्व में लगभग 7275 मीट्रिक टन चांदी लगती है, लेकिन (इन उपकरणों के खराब होने पर इनसे) बमुश्किल 15 प्रतिशत चांदी ही वापस निकालकर पुनर्चक्रित की जाती है।**

सोने के बाद चांदी सबसे कीमती धातु मानी जाती है। कई परिवारों में खुशी के मौकों पर सोने-चांदी की चेन-अंगूठियां ली-दी जाती हैं (या पहनी जाती हैं)। बेशक, चांदी सोने से सस्ती है, लेकिन जब उद्योग और ऊर्जा उत्पादन में उपयोग की बात आती है तो चांदी सोने को पछाड़ देती है। पूरे भारत में चांदी का इस्तेमाल छतों पर लगे सौर पैनलों के माध्यम से सौर ऊर्जा को कैद करने में किया जाता है। इससे पूरे देश में सालाना लगभग 108 गीगावॉट स्वच्छ एवं हरित बिजली पैदा होती है। यह मात्रा कोयले से पैदा होने वाली बिजली की लगभग 10 प्रतिशत है। इसके अलावा, भारत की लगभग 1.4 अरब आबादी द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल फोन में विद्युत चालन और भंडारण के लिए चांदी का इस्तेमाल किया जाता है। हर मोबाइल फोन में लगभग 100-200 मिलीग्राम चांदी होती है। इसी तरह, एक सामान्य लैपटॉप में 350 मिलीग्राम चांदी उपयोग होती है, और वर्तमान में भारत में लगभग 5 करोड़ लैपटॉप हैं।

यदि भारत में मोबाइल फोन और लैपटॉप इतनी संख्या में हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पूरी दुनिया में इनकी संख्या कितनी होगी। अनुमान है कि मोबाइल-लैपटॉप या ऐसी ही अन्य चीजों में पूरे विश्व में लगभग 7275 मीट्रिक टन चांदी लगती है, लेकिन (इन उपकरणों के खराब होने पर इनसे) बमुश्किल 15 प्रतिशत चांदी ही वापस निकालकर पुनर्चक्रित की जाती है।

जब कोई फोन या कंप्यूटर खराब हो जाता है या फेंक दिया जाता है तो उसमें मौजूद चांदी भी कूड़े में चली जाती है। काश। हम इन बेकार उपकरणों से यह चांदी वापिस निकाल पाते। यह तो साफ है कि स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में चांदी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस संदर्भ में मारिया स्मिरनोवा एक हालिया रिपोर्ट स्प्रॉट सिल्वर रिपोर्ट में लिखती हैं कि जैसे-जैसे अधिक अधिक देश सौर पैनलों का उपयोग करके अक्षय ऊर्जा बनाएंगे, वैसे-वैसे चांदी की मांग में लगातार वृद्धि होगी।

वे आगे बताती हैं कि भले ही कुछ समूह सौर ऊर्जा के लिए अन्य धातुओं (जैसे लीथियम, कोबाल्ट और निकिल) का उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं, फिर भी स्वच्छ और हरित ऊर्जा उत्पादन में चांदी एक प्रमुख भूमिका निभाती है और, इस साल चांदी की मांग में लगभग 170 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अलावा, कारों, बसों और ट्रेनों में ईंधन के रूप में पेट्रोल की जगह सौर ऊर्जा का उपयोग होना शुरू हुआ है। स्मिरनोवा आगे बताती हैं कि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का अनुमान है कि 2035 तक, दुनिया भर में बिकने वाली हर दूसरी कार इलेक्ट्रिक होगी।

इसका मतलब होगा कि हमें और चांदी चाहिए होगी। इसी संदर्भ में, फिनलैंड के प्रोफेसर टिमो रेपो और उनके साथियों ने अपने शोधपत्र में चांदी को पुन:चक्रित करने की एक कुशल रासायनिक विधि प्रस्तुत की है। इस विधि में कार्बनिक वसीय अम्लों (जैसे लिनोलेनिक या ओलिक एसिड) का उपयोग चांदी निकालने में किया गया है। यह कार्बनिक वसीय अम्ल तिलहन, मेवों और वनस्पति तेलों जैसे जैतून का तेल या मूंगफली का तेल में पाए जाते हैं, जिनका दैनिक भोजन में उपयोग होता है।

गौरतलब है कि इलेक्ट्रॉनिक कचरे से चांदी को पुनरू प्राप्त करना आसान नहीं हैरू प्रबल अम्लों और साइनाइड के उपयोग की वजह से इस प्रक्रिया में विषाक्त पदार्थ पैदा हो सकते हैं। अन्य धातुओं और मिश्र धातुओं से चांदी को अलग करने की पारंपरिक विधियों का उपयोग करने की बजाय उपरोक्त समूह ने सूरजमुखी, मूंगफली और अन्य तेलों में प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले साधारण असंतृप्त वसीय अम्लों के उपयोग से चांदी को अलग करके पुनरू हासिल करने की एक विधि विकसित की है। समूह ने पाया कि इनका पुनर्चक्रण किया जा सकता है और इस प्रकार यह कार्बनिक विलायक और जलीय माध्यम से बेहतर हैं। शोधकर्ताओं ने इस विधि को शहरी खनन में भी कारगर पाया है, जहां कबाड़ या कचरे में फेंके गए कंप्यूटर के मदरबोर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों के कचरे से चांदी पुनरू निकाली जा सकती है। शोध दल का निष्कर्ष है, ह्वसीय अम्ल बहुमूल्य बहु-धातु अपशिष्ट के निपटान का उन्नत माध्यम बन सकते हैं।

**-डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**(स्रोत फीचर्स)**

# सिंगापुर: एक भीड़ भरे शहर में हरियाली की तलाश

**पर्यावरण से जुड़े कई लोग इस बात से भी नाराज हैं कि सरकार की योजना से जुड़ा डैटा आसानी से नहीं मिलता, जिससे आपसी सहयोग में बाधा आती है। भले ही एनपार्क्स कहता है कि ज्यादातर योजनाएं साझेदारी से चलती हैं, लेकिन आंकड़े साझा न किए जाने को लेकर असहमति बनी हुई है। कई बार सरकार लुप्तप्राय प्रजातियों की जानकारी इसलिए नहीं देती कि कहीं उनका शिकार न होने लगे लेकिन पारदर्शिता की कमी लोगों के बीच अविश्वास पैदा करती है। 2024 में विशेषज्ञों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा मिलकर तैयार किए गए सिंगापुर टेरेस्ट्रियल कंजर्वेशन प्लान में सुझाव है कि पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं में बेहतर संवाद और आम लोगों की अधिक भागीदारी होनी चाहिए।**

सिंगापुर मात्र 730 वर्ग किलोमीटर का द्वीप देश है, आबादी करीब 60 लाख। इसके घनी शहरी बसाहट के बीच कुछ नाजुक प्राकृतिक क्षेत्र भी हैं, जिन्हें बचाने की जरूरत है। ऐसा ही एक जंतु जोहोरा सिंगापोरेन्सिस है। यह एक दुर्लभ, निशाचर, मीठे पानी का केकड़ा है और केवल सिंगापुर के आरक्षित क्षेत्रों में जलधाराओं के आसपास पाया जाता है।

2008 में जब इसकी संख्या तेजी से घटने लगी, तब यह पर्यावरणीय चिंता का विषय बन गया। एक छात्र द्वारा इसे ढूंढने के असफल प्रयासों ने सरकार और वैज्ञानिकों को सतर्क किया। इसके बाद सरकार के नेशनल पार्क्स बोर्ड ने वैज्ञानिकों और संगठनों के साथ मिलकर इस केकड़े को बचाने के लिए प्रजनन और पुनर्वास कार्यक्रम शुरू किया। आज भी यह केकड़ा संकटग्रस्त है, लेकिन इन प्रयासों से इसके जीवित रहने की संभावना कुछ बेहतर हुई है।

तेज विकास के दबाव के बीच सिंगापुर की हरियाली को बचाने की कोशिश काबिल-ए-तारीफ है। 1819 में जब यह एक ब्रिटिश व्यापारिक केंद्र बना था, तब से अब तक देश के ज्यादातर मूल वर्षावन खत्म हो चुके हैं। अब केवल थोड़ा-सा हिस्सा बचा है, जिसे सेंट्रल कैचमेंट नेचर रिजर्व में संरक्षित किया गया है। सिंगापुर के सामने एक बड़ी चुनौती बढ़ती आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ अपनी प्राकृतिक धरोहर को बचाए रखना भी है। भले ही देश में जन्म दर घट रही है, लेकिन विदेश से आने वाले मजदूरों और छात्रों के कारण आबादी लगातार बढ़ रही है। यहां की एक-तिहाई आबादी प्रवासी है। लगभग 80 प्रतिशत लोग सरकार द्वारा बनाए गए बहुमंजिला मकानों में रहते हैं। 2025 तक करीब 1 लाख नए मकान बनाने की योजना है, जिनमें से कुछ वन्य क्षेत्रों में बनेंगे। तेजी से हो रहे विकास को लेकर पर्यावरणविदों में चिंता बढ़ रही है। सरकार भले ही एक करोड़ पेड़ लगाने और एक लाख कोरल ट्रांसप्लांट करने जैसे दीर्घकालिक उपायों का वादा कर रही है, लेकिन आलोचकों का मानना है कि ए कोशिशें शायद काफी नहीं हैं। इस स्थिति में कई सवाल उठते हैं-इन परियोजनाओं के दौरान कितने पेड़ काटे जा रहे हैं? क्या सैकड़ों साल पुराने जंगल आधुनिक घरों के लिए खत्म किए जा रहे हैं और क्या इतने बड़े पैमाने पर कोरल ट्रांसप्लांट करना वास्तव में मुमकिन है? पर्यावरण से जुड़े कई लोग इस बात से भी नाराज हैं कि सरकार की योजना से जुड़ा डैटा आसानी से नहीं मिलता, जिससे आपसी सहयोग में बाधा आती है। भले ही एनपार्क्स कहता है कि ज्यादातर योजनाएं साझेदारी से चलती हैं, लेकिन आंकड़े साझा न किए जाने को लेकर असहमति बनी हुई है। कई बार सरकार लुप्तप्राय प्रजातियों की जानकारी इसलिए नहीं देती कि कहीं उनका शिकार न होने लगे लेकिन पारदर्शिता की कमी लोगों के बीच अविश्वास पैदा करती है। 2024 में विशेषज्ञों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा मिलकर तैयार किए गए सिंगापुर टेरेस्ट्रियल कंजर्वेशन प्लान में सुझाव है कि पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं में बेहतर संवाद और आम लोगों की अधिक भागीदारी होनी चाहिए, लेकिन कुछ



कार्यकर्ता अब भी संदेह में हैं। उनका कहना है कि जब तक किसी जंगल को काटे जाने की योजना की खबर आम जनता तक पहुंचती है, तब तक फैसला लिया जा चुका होता है। इन चुनौतियों के बावजूद, शहरी हरियाली को लेकर सिंगापुर की कोशिशें दुनिया भर में सराही जाती हैं। यहां पेड़ों की छांव (ट्री-कैनपी) का घनत्व दुनिया में सबसे ज्यादा है। कारण है कड़े नियम, जिनके तहत नई इमारतों में पर्यावरण के अनुकूल डिजाइन अनिवार्य हैं। जैसे हरित छतें और पेड़ों से सजे पैदल पुल। एक शानदार उदाहरण है बिशन-आंग मो किओ पार्क, जो न सिर्फ सैर-सपाटे के लिए मशहूर है, बल्कि जलवायु लाभ भी देता है। 62 हैक्टर में फैला यह पार्क आसपास की ऊंची इमारतों वाले इलाकों की तुलना में लगभग 3 डिग्री सेल्सियस ठंडा रहता है और लोगों को राहत पहुंचाता है। हरित क्षेत्र बारिश का पानी सोखने, शोर कम करने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी मदद करते हैं।

सिंगापुर की सरकार अपनी पर्यावरण नीति को प्रकृति में बसा शहर कहती है। यह एक महत्वाकांक्षी सोच को जाहिर करता है जिसमें शहर के हर पहलू में प्रकृति को शामिल करने की कोशिश है। इस घनी आबादी वाले शहर में प्रकृति को केवल बचाया नहीं गया है, बल्कि उसे रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना दिया गया है। सिंगापुर का अनुभव दुनिया भर के शहरों के लिए एक मिसाल हैरू पर्यावरण संरक्षण का मतलब प्रगति को रोकना नहीं है बल्कि इसके लिए समझदारी से फैसले लेने तथा खुली बातचीत और दूर.ष्टि की जरूरत होती है। उम्मीद है आगे भी सिंगापुर बाकी दुनिया के लिए मिसाल बना रहेगा।

**-स्रोत फीचर्स**

# अब उल्टा 2.5 लाख करोड़ की ईरान को मदद देगा अमेरिका

## सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम में इन्वेस्टमेंट करेगा, कई प्रतिबंधों में राहत भी देगा वॉशिंगटन

### इस डील के तहत ईरान को कुछ प्रतिबंधों से भी छूट मिल सकती है

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका, ईरान को उसके सिविल एनर्जी प्रोडक्शन न्यूक्लियर प्रोग्राम को विकसित करने में मदद करने पर विचार कर रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान को 30 अरब डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए) के निवेश का प्रस्ताव दिया है, जिसके तहत ईरान यूरेनियम का संवर्धन किए बिना सिविल एनर्जी के लिए परमाणु कार्यक्रम शुरू कर सकता है।

इस डील के तहत ईरान को कुछ प्रति. बंधों से भी छूट मिल सकती है और उसे विदेशी बैंकों में जमा 6 अरब डॉलर तक की राशि तक पहुंच मिल सकती है, जिस पर फिलहाल प्रतिबंध है। सिविल एनर्जी प्रोडक्शन न्यूक्लियर प्रोग्राम ऐसा परमाणु कार्यक्रम होता है जिसका इस्तेमाल सिर्फ बिजली या ऊर्जा बनाने के लिए किया जाता है, न कि हथियार बनाने के लिए। इसमें न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाए जाते हैं जो परमाणु रिएक्शन का उपयोग कर बिजली पैदा करते हैं। इसका सैन्य उद्देश्यों या हथियारों से कोई लेना-देना नहीं होता। यह



कदम अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता शुरू करने की कोशिश का हिस्सा बताया जा रहा है।

20 जून को व्हाइट हाउस में अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ और खाड़ी देशों के नेताओं के बीच एक सीक्रेट मीटिंग हुई। इसमें प्रस्ताव पर चर्चा हुई। अमेरिका का कहना है कि वह इस कार्यक्रम के लिए सीधे पैसे नहीं देगा, बल्कि उम्मीद है कि खाड़ी के दूसरे देश इसमें निवेश करेंगे। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने गुरुवार को स्वीकार किया कि अमेरिका और इजरायल के हमलों से ईरान के परमाणु ठिकानों को 'भारी क्षति' हुई है। यह बयान सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और देश के अर्धसैनिक समूह, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के दावों के विपरीत है। अराग्ची ने सरकारी प्रसारक आईआरआईबी न्यूज के साथ साक्षात्कार में कहा कि परमाणु ठिकानों को 'गंभीर नुकसान' पहुंचा है और अब इस नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उनका यह बयान खामेनेई और आईआरजीसी के दावों के विपरीत है, जिन्होंने उन हमलों को मामूली बताया था। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी को ईरान आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## अमेरिका से वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई समझौता नहीं हुआ: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने गुरुवार को कहा कि इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरानी क्षेत्र पर हमलों के बाद बढ़े तनाव के बीच अमेरिका के साथ वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई व्यवस्था या प्रतिबद्धता नहीं की गई है। सरकारी प्रसारक 'आईआरआईबी' के साथ एक साक्षात्कार में अराघची ने कहा कि वार्ता फिर से शुरू करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि तेहरान के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती है या नहीं। उन्होंने कहा कि हमारे निर्णय पूरी तरह से ईरान के हितों पर आधारित होंगे। यदि हमारे हितों के लिए वार्ता की वापसी की आवश्यकता है, तो हम इस पर विचार करेंगे। लेकिन इस स्तर पर कोई समझौता या वादा नहीं किया गया है और कोई बातचीत नहीं हुई है।



मुंबई। संगीतकार दिवंगत आरडी बर्मन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करती गायिका आशा भोसले।

## अमेरिका के साथ युद्ध विराम वार्ता में खामेनेई को किया गया पूरी तरह दरकिनार

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को इजरायल के साथ युद्ध समाप्त करने संबंधी बातचीत और अमेरिका के साथ युद्धविराम वार्ता में पूरी तरह दरकिनार किए जाने की रिपोर्टें हैं। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, संपूर्ण निर्णय लेने की प्रक्रिया ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अपने हाथों में रखी थीं और उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्ध विराम प्रस्ताव का तुरंत जवाब दिया।

## मार्च से अब तक इजरायल पर 309 मिसाइलें और ड्रोन दागे गए: हूती नेता

**सना।** यमन के हूती नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती ने गुरुवार को कहा कि उनके बलों ने मार्च के मध्य से अब तक इजरायल पर 309 बैलिस्टिक, हाइपरसोनिक मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं और जिसे समूह अपने सैन्य अभियान का दूसरा चरण कहता है। इस्लामिक नव वर्ष के अवसर पर हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक टेलीविज़न भाषण में, अल-हूती ने कहा कि इस महीने अकेले 25 मिसाइलें और ड्रोन दागे गए, जिसे उन्होंने गाजा के समर्थन में गुणात्मक सैन्य अभियान बताया। उन्होंने फिर से पुष्टि की कि लाल सागर इजरायल से जुड़े समुद्री यातायात के लिए बंद है। उसने इजरायल पर अमेरिका के समर्थन से गाजा में अपना आक्रमण जारी रखने का आरोप लगाया। अल-हूती ने फलीस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त करने तथा ईरान को महान विजय और दृढ़ता के लिए बधाई देने के लिए आज सना तथा हूती नियंत्रण वाले अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रैलियां आयोजित करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया में किशोर पर हत्या का आरोप

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने ब्रिसबेन में 58 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के आरोप में एक किशोर को आरोपी बनाया है। ऑस्ट्रेलियाई राज्य क्वींसलैंड की पुलिस ने आज बताया कि ब्रिसबेन के अंदरूनी उत्तरी इलाके क्लेफील्ड में एक घर में कल रात करीब 8:15 बजे एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया था। अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पाया कि 58 वर्षीय व्यक्ति मृत अवस्था में है और साथ ही वहां किशोरों का एक बड़ा समूह भी मौजूद है। पुलिस ने इलाके की तलाशी ली और पास में ही एक 15 वर्षीय लड़का मिला, जो उस व्यक्ति को जानता था।

### कोलंबिया भूस्खलन में मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हुई

**बोगोटा।** उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है तथा अन्य 12 अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भूस्खलन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए हैं और करीब एक हघर लोग बेघर हो गए हैं। मेयर लोरेना गोंजालेज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहत और बचाव दल बेलो शहर के प्रभावित एल पिनार इलाके में चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, ताकि जीवित बचे हुए लोगों की तलाश की जा सके। गोंजालेज ने कहा कि बचाव ऑपरेशन जारी है। हमें उम्मीद है कि मलबे में दबे लोग जीवित मिलेंगे। उन्होंने लोगों से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में घरों को खाली करने का आग्रह किया।

### इलेक्ट्रॉनिक कचरे से सोना निकालने की नई तकनीक विकसित

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने सोने को अयस्क और इलेक्ट्रॉनिक कचरे से निकालने का एक अधिक टिकाऊ तरीका विकसित किया है, जो पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचाते हुए सोना निकालने की प्रक्रिया को बदल सकता है। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार 2022 में ई-कचरा 6-20 करोड़ टन पहुंचने के बाद, इस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक नई तकनीक विकसित की है, जिससे सस्ते और सुरक्षित रसायनों की मदद से सोना निकाला जा सकता है।

### युद्ध विराम के बाद कूटनीतिक रास्ता अपनाने का किया आग्रह

**काहिरा।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने इजरायल और ईरान के बीच हाल ही में हुए युद्ध विराम पर चर्चा करने के लिए फोन पर बात की। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए कूटनीतिक रास्ता अपनाने की जरूरत है। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत की मेज पर लौटने और सैन्य बल का सहारा लेने से परहेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सिसी और स्टारमर ने युद्ध विराम के बाद तनाव में हुई कमी का स्वागत किया।

## लोकतंत्र से भटक रहा अमेरिका: ओबामा

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने पिछले हफ्ते अमेरिकी राज्य कनेक्टिकट के हार्टफोर्ड शहर में एक कार्यक्रम में भाषण दिया।

प्रसिद्ध इतिहासकार हीदर काक्स के साथ चर्चा में ओबामा ने देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई और युवाओं से देश को बचाने की अपील की। ओबामा ने ट्रम्प सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग आज अमेरिका की सरकार चला रहे हैं, वे लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जरूरी है कि सरकार के बाहर और अंदर दोनों जगह से गलत चीजों का विरोध हो। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। ओबामा ने कहा कि व्यापारिक सौदों में डराया जा रहा है, जो केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी खतरनाक है। उन्होंने अपने कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि चीन की बढ़ती ताकत के बावजूद उन्होंने टैरिफ जैसे उपायों



**पूर्व राष्ट्रपति ने कहा: ट्रम्प सरकार देश को खोखला कर रही ट्रेड वॉर से खतरे में देश की गरिमा**

का बेजा इस्तेमाल नहीं किया था, क्योंकि यह अमेरिका की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने ट्रेड वार को गलत बताते हुए कहा कि इससे देश की गरिमा खतरे में है। ओबा. मा ने अमेरिका की तुलना हंगरी जैसे देशों से की, जहां चुनाव तो होते हैं, लेकिन वहां सच में लोगों की आवाज की कद्र नहीं होती और नेता मनमानी करते हैं।

## चीन-पाक के सपनों पर बांग्लादेश ने फेरा पानी, भारत चिंतामुक्त

**ढाका।** एशिया में मजबूत गठजोड़ को लेकर चीन और पाकिस्तान के मंसूबों पर बांग्लादेश ने पानी फेर दिया है। पिछले दिनों बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान के सचिल स्तर के अधिकारियों ने बीजिंग में एक बैठक की थी। इसके बाद कहा जा रहा था कि भारत के विरोध में ये तीनों देश एक साथ आ गए हैं।

हालांकि, अब बांग्लादेश ने इसे सिरे से खारिज किया है। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन के मुताबिक हमारे साथ कोई भी गठबंधन नहीं बनने जा रहा है। बांग्लादेश किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं है। हम किसी एक देश के खिलाफ नहीं है। द डेली स्टार के मुताबिक तौहीद ने कहा कि तीनों सचिवों के बीच जो बैठक हुई थी, वो एक आधिकारिक बैठक थी। राजनीतिक

**तीनों सचिवों के बीच जो बैठक हुई थी, वो एक अधिकारिक बैठक थी: तौहिद**

बैठक नहीं थी। इसलिए गठबंधन की बात तो कहीं से भी ठीक नहीं है। बांग्लादेश किसी एक देश के खिलाफ काम नहीं करता है। तौहिद ने कहा कि बैठक में उर्जा, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर बात हुई। इस तरह की बात से कोई मोर्चा नहीं बनता है। यह सब मीडिया की सिर्फ खबरें हैं। तौहिद ने कहा कि अगर भारत बांग्लादेश और नेपाल के साथ अगर मिलकर कोई बैठक करना चाहता है तो हम स्वागत करेंगे। हम इसके लिए ढाका की धरती भी मुहैया कराएंगे। हमारी कोशिश है कि पड़ोस से रिश्ते बेहत. रीन रहे। तौहिद के मुताबिक बांग्लादेश का विजन बड़ा है और हम सिर्फ काम पर फोकस कर रहे हैं। हम अपने विदेश नीति को ठीक ढंग से संचालित करने की कोशिश कर रहे हैं। विदेश सलाहकार ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हम रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटे हैं। रिश्तों में गर्माहट नहीं है तो यह ठंडा भी नहीं पड़ा है। हमारे पास सद्भाव की कमी नहीं है। हमारे लोग लगातार लगे हुए हैं। तौहिद के मुताबिक जल्द ही सबकुछ पटरी पर आ जाएंगे। अगस्त 2024 में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से ही बांग्लादेश और भारत के रिश्तों में तल्खी आ गई। बांग्लादेश की यूनुस सरकार शेख हसीना को लेकर भारत के खिलाफ अग्रेसिव है। वहीं भारत भी बांग्लादेश को तवज्जो देने के मूड में नहीं है।

## 24 घंटे में चीन से पाक को दूसरा बड़ा झटका

### जेट-35 की फेल डील के बाद अब नहीं मिलेगी हाइपरसोनिक मिसाइल

**बीजिंग।** पाकिस्तान की अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने की उम्मीदों को चीन ने बड़ा झटका दिया है। चीन ने न केवल पाकिस्तान को हाइपरसोनिक मिसाइल देने से मना किया है, बल्कि इसकी टेक्नोलॉजी को ट्रांसफर करने से भी साफ इन्कार कर दिया है।

सूत्रों की माने तो बीजिंग ने इस्लामाबाद को साफ शब्दों में बता दिया है कि उसकी हाइपरसोनिक मिसाइलें एक्सपोर्ट के लिए नहीं हैं और इनका कोई एक्सपोर्ट वर्जन भी विकसित नहीं किया गया है। पाकिस्तान लंबे समय से चाहता था कि चीन उसे हाइपरसोनिक मिसाइल दे, ताकि वह भारत की बढ़ती मिसाइल ताकत का मुकाबला कर सके। भारत ने हाल के वर्षों में हाइपरसोनिक मिसाइल सिस्टम, बैलिस्टिक मिसाइल, सुपरसो. निक क्रूज मिसाइल और हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डेमॉन्सट्रेटर व्हीकल जैसे एडवांस हथियार विकसित किए हैं।

**टेक्नोलॉजी को ट्रांसफर करने से भी साफ इन्कार किया**

खासकर ऑपरेशन सिंदूर में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत देखकर पाकिस्तान बेचैन है। वह ऐसी मिसाइलें चाहता है, जो ध्वनि की गति से पांच गुना तेज हों और जिन्हें रोकना लगभग असंभव हो। चीन ने हालांकि साफ कर दिया है कि वह अपनी स्पेशल हाइपरसो. निक तकनीक को सीक्रेट रखना चाहता है। उसे डर है कि अगर यह तकनीक पाकिस्तान को दी गई, तो पश्चिमी देशों या उनकी खुफिया एजेंसियों को इस पर रिसर्च करने का मौका मिल सकता है। इससे चीन की सैन्य रणनीति से जुड़े रहस्य उजागर हो सकते हैं। विशेषज्ञों की माने तो चीन अपनी डीएफ-17 जैसी मिसाइलों को अमेरिका और उसके सहयोगियों के खिलाफ महत्वपूर्ण हथियार के तौर पर देखता है। इसलिए वह इस तकनीक को किसी के साथ शेयर करने से बच रहा है। चीन और पाकिस्तान के बीच मजबूत रक्षा संबंधों के बावजूद यह इनकार दोनों देशों की दोस्ती की सीमाओं को दर्शाता है। दोनों देश सीपेक, लड़ाकू विमान, नौसैनिक जहाज और अन्य मिसाइल सिस्टम पर मिलकर काम कर रहे हैं, लेकिन हाइप. रसोनिक मिसाइल के मुद्दे पर चीन का रुख सख्त रहा है। यह चीन-पाक के मजबूत रक्षा संबंधों में एक बड़े मतभेद के रूप में देखा जा रहा है। जहां एक ओर दोनों देश सीपीईसी, लड़ाकू विमान, नौसैनिक जहाज और मिसाइल सिस्टम पर मिलकर काम कर रहे हैं, वहीं इस इंकार ने उनकी हर मौसम की दोस्ती की सीमाएं भी उजागर कर दी हैं। यह फैसला पाक के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वह भारत की डिफेंस प्रोग्रेस से दबाव में है और इस तकनीक को हासिल करने की उम्मीदें धराशाई हो गई हैं।

## कतर के लिए गुलाब की खुशबू वाली लीची की पहली खेप रवाना

**नई दिल्ली।** भारत ने बाग. वानी निर्यात को बढ़ावा देते हुए पंजाब के पठानकोट से कतर की राजधानी दोहा तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे बड़े शहर दुबई के लिए डेढ़ मीट्रिक टन गुलाब की खुशबू वाली लीची की पहली खेप रवाना की है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दोहा के लिए एक टन लीची की पहली खेप रवाना की गई है।

पठानकोट से दुबई को 0.5 मीट्रिक टन लीची की एक अलग खेप भेजी गई है जो निर्यात में दोहरी उपलब्धि और वैश्विक ताजे फल बाजार में भारत की बढ़ती उपस्थिति दर्शाता है। इस पहल को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत

**पठानकोट से दुबई को 0.5 मीट्रिक टन लीची की एक अलग खेप भेजी गई**

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (अपेडा) ने पंजाब सरकार के बागवानी विभाग ने लुल्लू समूह और सुजानपुर के प्रगतिशील किसान प्रभात सिंह के सहयोग से सुगम बनाया। उन्होंने गत 23 जून को उच्च गुणवत्ता वाली उपज की आपूर्ति की। यह महत्वपूर्ण पहल भारत की बाग. वानी उपज की उत्कृष्टता को रेखांकित करती है और देश की बढ़ती कृषि-निर्यात क्षमताओं को भी उजागर करती है। यह कृषक समुदायों को उनके ताजे और उच्च मूल्य वाले उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच प्रदान करके अपार अवसर प्रदान करता है। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पंजाब का लीची उत्पादन 71490 मीट्रिक टन रहा जो भारत के कुल लीची उत्पादन में 12.39 प्रतिशत का योगदान देता है। इसी अवधि के दौरान भारत ने 639.53 मीट्रिक टन लीची का निर्यात किया। खेती का रकबा 4327 हेक्टेयर था जिसकी औसत उपज 16523 किलोग्राम/हेक्टेयर थी। रवाना की गई खेप में प्रीमियम पठानकोट लीची का एक रीफर पैलेट (रेफ्जिरेटेड कंटेनर) शामिल है जो इस क्षेत्र के उत्पादकों के लिए एक बड़ा कदम है।

## पाक में भारी वर्षा के कारण सात की मौत

**इस्लामाबाद।** पाक के पूर्वी पंजाब प्रांत में भारी बारिश के कारण पिछले 24 घंटों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कल देर रात यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि झेलम नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। ओकारा और बहावलनगर में वर्षा जनित घटनाओं में एक-एक बच्चे की मृत्यु की खबर है। मुजफ्फरगढ़ में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और खानेवाल में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की जान चली गई। इस बीच मुल्तान, फैसलाबाद, साहीवाल, शोरकोट और मंडी बहा. उद्दीन से बारिश से जुड़ी अन्य दुर्घटनाएं सामने आईं जो ज्यादातर छत और दीवार गिरने या बिजली के झटके के कारण हुईं।

## भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की विरासत को समर्पित कोरिया युद्ध की 75वीं वर्षगांठ

**नई दिल्ली।** कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया ने कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यहां कोरिया-भारत मैत्री पर बनी एक फिल्म की स्क्रीनिंग कर इस युद्ध में भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की ओर से की गई नि:स्वार्थ सेवा को याद किया। कोरियाई युद्ध में भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस ने संयुक्त राष्ट्र बलों के साथ सेवा दी थी। इस आयोजन ने कोरिया और भारत के बीच गहरी मित्रता और एकजुटता को फिर से पुष्टि की है।

फिल्म 'ताएगुकगी: द ब्रदरहुड ऑफ वॉर' एक बंटे हुए देश की पीड़ा और युद्ध के समय भाईचारे के रिश्ते को दर्शाती है। यह फिल्म कोरिया और भारत के साझा मूल्यों और बलिदानों की गहरी याद दिलाती है। इसमें वॉन बिन मुख्य भूमिका में हैं, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बोंग जून-हो द्वारा

**इस आयोजन ने कोरिया व भारत के बीच गहरी मित्रता की पुष्टि की है**

निर्देशित फिल्म 'मदर' के लिए जाना जाता है। उनके साथ जांग डोंग-गुन हैं, जो 'फ्रेंड' और 'अ जेंटलमैन्स डिग्निटी' जैसी हिट फिल्मों के लिए लोकप्रिय हैं। इन दोनों कलाकारों के भारत में भी बड़ी संख्या में प्रशंसक हैं। कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया के निदेशक वांग इल यॉन्ग ने कहा कि फिल्म सिर्फ एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह भावनाओं, यादों और समझ को साझा करने का एक मजबूत पुल है। कोरियाई युद्ध के दौरान भारत द्वारा 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस को भेजना सच्ची दोस्ती और महान बलिदान का प्रतीक है। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम दर्शकों को कोरिया और भारत के मजबूत रिश्तों पर सोचने और सिनेमा के माध्यम से एक गहरे जुड़ाव और सहानुभूति का अनुभव करने का मौका देगा। उल्लेखनीय है कि 1950 में भारत ने 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की टुकड़ी को कोरिया भेजा, जिसमें 341 चिकित्सा कर्मी शामिल थे। यह इकाई युद्ध के मोर्चे पर तैनात रही और घायल सैनिकों को बचाने और उनका उपचार करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। पूरे 25 महीनों तक कोरिया में सेवाएं देते हुए, उन्होंने मानवता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की भावना का आदर्श उदाहरण पेश किया। फिल्म स्क्रीनिंग के साथ-साथ, दर्शकों को कोरियाई कैलीग्राफी (लिखावट) कार्यशाला में भाग लिया, जहां कोरिया की प्राकृतिक सुंदरता को बहुत ही जीवंत तरीके से अनुभव किया। यह कार्यक्रम केवल देखने तक सीमित नहीं था, बल्कि लोगों को कोरिया के इतिहास और संस्कृति से गहराई से जुड़ने का मौका भी मिला।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट